संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार, 09 मई 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 126 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## सेना प्रमुख ने पीएम को पाकिस्तानी मिसाइलें मार गिराने की जानकारी दी



**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करके उन्हें देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों पर पाकिस्तान के मिसाइल हमले को विफल करने की जानकारी दी। पीएम मोदी को बताया गया कि रूस से मिली शक्तिशाली एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली का पहली बार उपयोग करके भारत पर हमला करने की कोशिश करने वाली पाकिस्तानी मिसाइलों को मार गिराया गया। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से मुलाकात की। पीएम मोदी और सेना प्रमुख की यह महत्वपूर्ण बैठक भारतीय रक्षा मंत्रालय की ओर से यह घोषणा किए जाने के कुछ घंटों बाद हुई है कि उसने देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों पर पाकिस्तान के मिसाइल हमले को विफल कर दिया है। सेना प्रमुख बैठक के लिए पीएम के आवास पर पहुंचे। उन्हें बताया गया कि 7-8 मई की रात पाकिस्तान ने उत्तरी और पश्चिमी भारत में स्थित कई सैन्य ठिकानों जैसे अवंतीपोरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नाल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री को जानकारी दी गई कि भारत ने मानवरहित विमान प्रणाली ग्रिड (यूएएस ग्रिड) और वायु रक्षा प्रणाली का उपयोग करके भारत के कई शहरों पर हमला करने के प्रयास को विफल कर दिया। इन हमलों का मलबा कई स्थानों से बरामद हुआ, जो पाकिस्तानी हमलों का प्रमाण है। भारत ने शक्तिशाली एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली का उपयोग करके भारत पर हमला करने की कोशिश करने वाली पाकिस्तानी मिसाइलों को मार गिराया। आज सुबह भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में कई स्थानों पर एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को निशाना बनाया।







## क्या है एस-400 मिसाइल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय वायुसेना ने बुधवार रात भारत की तरफ आ रहे टारगेट्स को वायु रक्षा प्रणाली 'एस-400 सुदर्शन चक्र मिसाइल सिस्टम' से निशाना बनाया। एस-400 से सफलतापूर्वक सभी टारगेट्स को तबाह कर दिया गया। वहीं भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए हार्पी ड्रोन्स से पाकिस्तान के वायु सुरक्षा प्रणाली को निशाना बनाया और लाहौर स्थित रडार सिस्टम को तबाह कर दिया।

**क्या है एस-400 वायु रक्षा प्रणाली:** एस-400 वायु रक्षा प्रणाली उपकरणों का एक नेटवर्क है, जिसे हवाई खतरों से निपटने के लिए किसी विशिष्ट क्षेत्र में तैनात किया जाता है। यह दुश्मन के लड़ाकू विमानों, मिसाइलों और ड्रोन्स को हवा में ही निशाना बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम को भारतीय वायुसेना के सबसे ताकतवर हथियारों में से एक माना जाता है। यह किसी भी संभावित खतरे को हवा में ही तबाह करने में सक्षम है। एस-400 मिसाइल सिस्टम को चीन और पाकिस्तान के खतरे को ध्यान में रखकर तैनात किया गया है। इसकी रेंज 40 से 400 किलोमीटर के बीच है। भारत और रूस के बीच साल 2018 में एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम का सौदा हुआ था। सौदे के तहत भारत को एस-400 मिसाइल सिस्टम की तीन रेजीमेंट मिल चुकी हैं। भारत को अभी दो और रेजीमेंट मिलनी हैं, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से उनमें देरी हुई है और अब उनके साल 2026 में मिलने की उम्मीद है। एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम के एक रेजीमेंट में आठ लॉन्चर होते हैं। मतलब आठ लॉन्चिंग ट्रक और हर एक ट्रक में चार लॉन्चर होते हैं। हर लॉन्चर से चार मिसाइलें निकलती हैं। मतलब एक रेजीमेंट कभी भी 32 मिसाइलें दाग सकता है। यह आसमान से घात लगाकर आने वाली किसी भी मिसाइल को पलक झपकते ही बर्बाद करने की क्षमता रखता है।

## पाक की वेब-सीरीज, फिल्में, गाने, पॉडकास्ट पर रोक



**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने एक अहम फैसला लिया है। राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, भारत में चलने वाली सभी ओटीटी प्लेटफॉर्म, मीडिया स्ट्रीमिंग सेवाओं और इंटरमीडियरीज को निर्देश दिया गया है कि वे तुरंत प्रभाव से पाकिस्तान से ताल्लुक रखने वाले वेब-सीरीज, फिल्में, गाने, पॉडकास्ट और अन्य स्ट्रीमिंग मीडिया सामग्री को बंद करें। यह आदेश उन सभी कंटेंट पर लागू होता है, चाहे वे सब्सक्रिप्शन आधारित हों या मुफ्त में उपलब्ध हों। मंत्रालय का यह कदम मौजूदा हालात में तनाव को कम करने और देश की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में देखा जा रहा है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह फैसला देश की संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर लिया गया है।

- एस-400: देश के 15 शहरों पर हमले की कोशिश, बाल भी बांका नहीं कर पाया पाकिस्तान, हमने उसका डिफेंस सिस्टम नष्ट किया: बोलीं कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका
- जम्मू एयर स्ट्रिप पर दागा गया रॉकेट, सांबा में पाकिस्तान की तरफ से भारी गोलीबारी

# लाहौर का एयर डिफेंस सिस्टम तबाह

**पाक में तबाही**

- भारत की सीमा से सटे पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर लाहौर में उसे काफी नुकसान पहुंचा

**टीम एक्शन इंडिया**

**लाहौर/नई दिल्ली:** पहलगाम हमले के जवाब में भारत के मिसाइल हमलों के बाद पाकिस्तान बौखला गया है। अपनी बौखलाहट में उसने भारत के कई अग्रिम स्थानों पर गोलाबारी की है। हालांकि, भारतीय सेनाओं की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को काफी खामियाजा उठाना पड़ा है। भारत की सीमा से सटे पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर लाहौर में उसे काफी नुकसान पहुंचा है। भारत ने लाहौर में पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है।

**पाकिस्तान की हर कोशिश नाकाम**

गुरुवार सुबह से पाकिस्तानी मीडिया के हवाले से इस तरह की खबरें सामने आ रही थीं कि लाहौर में कुछ धमाके सुनाई दिए हैं। अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों से भी इसी तरह की खबरें सामने आ रही थीं। इसके बाद सरकार के पत्र सूचना कार्यालय यानी पीआईबी की तरफ से दोपहर 2:34 बजे एक वक्तव्य जारी किया गया। इसमें कहा गया कि माहौल को और तनावपूर्ण बनाने की पाकिस्तान की कोशिशों को नाकाम कर दिया गया है। साथ ही भारत ने पाकिस्तान की हरकतों का माकूल जवाब दिया है।

**भारत ने पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों को टारगेट नहीं किया**

सरकार की तरफ से जारी वक्तव्य में कहा गया कि बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर की ब्रीफिंग के दौरान भारत ने यह स्पष्ट किया था कि हमारा जवाब संतुलित था और टकराव बढ़ाने के मकसद से नहीं था। ब्रीफिंग में यह स्पष्ट किया गया था कि हमने पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों को टारगेट नहीं किया है। लिहाजा, अगर भारत के सैन्य ठिकानों पर कोई हमला किया जाता है तो इसका उचित जवाब दिया जाएगा।

**भारत के 15 शहरों को निशाना बना रहा था पाकिस्तान**

वक्तव्य के मुताबिक, 7 और 8 मई की दरमियानी रात को पाकिस्तान ने उत्तर और पश्चिम भारत के कई क्षेत्रों को निशाना बनाया। इनमें अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलौदी और भुज शामिल थे। पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों के जरिए इन स्थानों को निशाना बनाया।



## भारत ने हार्पी ड्रोन्स से पाकिस्तान के रडार सिस्टम को किया तबाह



पाकिस्तान के हमले की कोशिश को नाकाम करने के बाद भारत ने भी मुंहतोड़ जवाब देते हुए पाकिस्तान के रडार सिस्टम को निशाना बनाया और लाहौर स्थित रडार सिस्टम को तबाह कर दिया। भारत ने हार्पी ड्रोन्स की मदद से पाकिस्तानी रडार सिस्टम को निशाना बनाया। हार्पी ड्रोन्स को इस्राइल की कंपनी इस्राइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज द्वारा विकसित किया गया है। यह उन्नत श्रेणी का लोइटरिंग म्युनिशन सिस्टम है, जो हवा में मंडराते हुए दुश्मन पर नजर रखता है और इशारा मिलते ही उसे तबाह कर देता है। हार्पी ड्रोन्स की खासियत ये है कि इसे निगरानी के साथ ही हमले के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है। दुश्मन की वायु सुरक्षा प्रणाली को तबाह करने में इस ड्रोन का लोहा दुनिया मानती है। यह ड्रोन 9 घंटे तक लगातार उड़ान भर सकता है और एक हजार किलोमीटर तक की रेंज में हमला कर सकता है।

## पाक ने कई ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की



पाकिस्तान ने बुधवार की रात भारत के उत्तरी और पश्चिमी शहरों पर हमले की कोशिश की, लेकिन भारतीय सशस्त्र बल पूरी तरह से सतर्क थे और उन्होंने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के इस हमले को नाकाम कर दिया। पाकिस्तानी सेना ने भारत के श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, जालंधर, लुधियाना आदि शहरों में ड्रोन्स और मिसाइल से हमले की नाकाम कोशिश की थी। पाकिस्तान ने आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़ में स्थित सैन्य ठिकानों पर भी हमले की नापाक कोशिश की, लेकिन सभी हमले नाकाम कर दिए गए। इसके बाद भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के कई ठिकानों पर मौजूद एयर डिफेंस रडार सिस्टम को निशाना बनाया।

## सेना ने मारे 100 से अधिक पाकिस्तानी आतंकी: राजनाथ



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** ऑपरेशन सिंदूर के बाद संसद में हुई सर्वदलीय बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू- कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर जो हमले किए, उसमें कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए। उन्होंने विपक्षी दलों के नेताओं को भरोसा दिलाया कि अगर पाकिस्तान भारत में हमले करता है तो देश की सेना मुंहतोड़ जवाब देगी।

**ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ है**

सर्वदलीय बैठक में मौजूद एक सूत्र ने बताया, 'रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। सटीक अनुमान लगाना कठिन है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। सरकार विवरण जमा कर रही है। अगर पाकिस्तान हमला करता है तो भारत मुंहतोड़ जवाब देगा।' बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि सभी नेताओं ने परिपक्वता दिखाई और किसी तरह की नोंकझोंक नहीं की।

### पाकिस्तान-पीओके में निष्क्रिय किए आतंकी शिविर

*नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों को निष्क्रिय कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए गर्व की बात है।*

*ऑपरेशन सिंदूर में तबाह किए गए नौ आतंकी ठिकाने: राजनाथ सिंह*

*राजनाथ सिंह ने कहा, मैं सशस्त्र बलों को कल की गई कार्रवाई और उनके द्वारा दिखाए गए साहस और वीरता के लिए बधाई देता हूं। पाकिस्तान और पीओके में आतंकी शिविरों को निष्क्रिय कर दिया गया है।*

## भारत हमले का मुंहतोड़ जवाब देगा: एस जयशंकर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची के साथ भारत-ईरान संयुक्त आयोग की बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सख्त रवैया दिखाते हुए पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत को सीमा पार आतंकी ढांचे पर हमला करके जवाब देना पड़ा। उन्होंने कहा कि भारत की प्रतिक्रिया लक्षित और सटीक थी, और स्थिति को और बिगाड़ने का उद्देश्य नहीं था। साथ ही जयशंकर ने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि अगर भारत पर सैन्य हमला होता है, तो भारत और भी मजबूती से जवाब देगा।



**जयशंकर ने पाकिस्तान को दी चेतावनी**

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि भारत पाकिस्तान के साथ स्थिति को बढ़ाने का इरादा नहीं रखता है, लेकिन अगर देश पर सैन्य हमले होते हैं, तो इसे "बहुत कड़े" जवाब से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि 7 मई को पहलगाम हमले के बाद भारत ने सीमा पार आतंकवादियों के ढांचे पर लक्षित और मापी गई कार्रवाई की। जयशंकर ने कहा कि यह हमला हमें 7 मई को सीमा पार आतंकवादी ढांचे पर हमले के लिए मजबूर कर दिया। हमारा जवाब लक्षित और मापी गया था। जयशंकर ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत का उद्देश्य स्थिति को बढ़ाना नहीं है, लेकिन अगर सैन्य हमले होते हैं तो उसे "बहुत सख्त" जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईरान को इस स्थिति को समझना जरूरी है क्योंकि वह भारत का करीबी साझीदार और पड़ोसी है। वहीं संयुक्त आयोग की बैठक को लेकर भारत में ईरान के दूतावास ने एक्स पर पोस्ट में कहा संयुक्त आयोग की बैठक हर साल होनी चाहिए।

**चेतावनी दी**

- जयशंकर ने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि अगर भारत पर सैन्य हमला होता है, तो भारत और भी मजबूती से जवाब देगा

## हमें भारत से बचा लो', संसद में फूट-फूटकर रोए पाक सांसद



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारत की एयरस्ट्राइक के बाद से ही वहां खौफ पसरा हुआ है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत को गीदड़भभकी देते हुए अंजाम भुगतने की चेतावनी दी थी, लेकिन पाकिस्तान की हालत कितनी खोखली है, इसका बानगी लगातार देखने को मिल रही है। पाकिस्तान की संसद में वहां के सांसद फूट-फूटकर रो रहे हैं और कह रहे हैं कि हमें भारत के प्रकोप से बचा लो। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है।

## पीएसएल छोड़कर जाने को हड़बड़ा रहे हैं इंग्लैंड के क्रिकेटर्स

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान सुपर लीग में खेल रहे इंग्लैंड के क्रिकेटर्स इस समय अपने घर जाने के रास्ते तलाश रहे हैं। पहलगाम अटैक की जवाबी कार्रवाई करते हुए भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर हमला किया और इसके बाद दोनों तरफ से युद्ध जैसे हालात बन गए हैं। ऐसे में खिलाड़ियों को अपनी जान की चिंता है और इसलिए वह अपने घर जाने के लिए हड़बड़ा रहे हैं। भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर हमला किया था। उसने भारत में सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की जो नाकाम रही।

**कार्रवाई** *ऐसी तस्वीरें सामने आ रही है जहां आतंकियों को शहीद बताकर महिमामंडित किया जा रहा है: विदेश सचिव विक्रम मिस्री*

# पहलगाम हमला ही था असल उकसावा, झूठ बोलता है पाक : भारत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान लगातार पहलगाम हमले और उसके बाद के घटनाक्रम पर झूठ बोल रहा है। भारत स्पष्ट करना चाहता है कि पहलगाम ही पहले उकसावे की घटना थी। इसी के जवाब में भारत ने आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाते हुए सटीक और संयमित कार्रवाई की है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंत्रालय में एक स्पेशल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमने केवल आतंकी ढांचे को निशाना बनाया है। अगर पाकिस्तान आगे कोई हमला करता है तो जवाबी कार्रवाई के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पहलगाम हमला एक सोची-समझी उकसावे की कार्रवाई थी, जिसमें लश्कर ए तैयबा आतंकी संगठन से जुड़े द रजिस्टेंस फ्रंट की भूमिका सामने आई है। हालांकि पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र के पहलगाम हमले पर जारी होने वाले बयान से इस संगठन का नाम हटवाया, जबकि संगठन ने शुरूआत में अपनी भूमिका स्वीकार की थी। विदेश सचिव मिस्री ने पाकिस्तान की ओर से पूरे घटनाक्रम पर फैलाए जा रहे झूठ और भ्रम से जुड़े दावों को बेनकाब किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान हमले के बाद से ही निष्पक्ष जांच कराए जाने की बात करता आ रहा है, लेकिन मुंबई और पठानकोट जैसे आतंकी हमलों पर ठोस सबूत देने के बावजूद भी आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पाकिस्तान के भारत के हमले में निर्दोष नागरिकों के मारे जाने के दावे का उन्होंने खंडन किया। उन्होंने कहा कि ऐसी तस्वीरें सामने आ रही है जहां आतंकियों को शहीद बताकर महिमामंडित किया जा रहा है। वहीं कल पाकिस्तान ने भारत के निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया। कल के सीमापार से किए गए हमले में 16 भारतीय नागरिकों की जान गई है जिसमें 5 महिलाएं और 3 बच्चे हैं।



**बेनकाब किया**

- मिस्री ने पाकिस्तान की ओर से पूरे घटनाक्रम पर फैलाए जा रहे झूठ और भ्रम से जुड़े दावों को बेनकाब किया

# भगवान परशुराम कॉलेज में मनाया रेड क्रॉस दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** भगवान परशुराम कॉलेज, कुरुक्षेत्र में आज अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। महाविद्यालय के रेड क्रॉस काउंसलर डॉ सौरभ त्रिखा ने बताया की यह दिवस रेड क्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी दुनांत के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 8 मई को मनाया जाता है। 1948 से आरंभ हुए इस आयोजन का उद्देश्य मानवता, निष्पक्षता और सेवा भावना को प्रोत्साहित करना है। डॉ. त्रिखा ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि 1859 में




'सेल्फरीनों' की लड़ाई के दौरान घायल सैनिकों की गंभीर स्थिति देखकर जीन हेनरी दुनांत ने यह महसूस किया कि ऐसे संगठनों की आवश्यकता है जो युद्ध और आपदा की स्थिति में तटस्थ रहते हुए तत्काल सहायता प्रदान कर सकें। इसी प्रेरणा से रेड क्रॉस की स्थापना हुई। डॉ. सोरभ त्रिखा ने कहा कि यूथ रेड क्रॉस एक मानवीय सेवा पहल है, जो युवाओं को समाज सेवा, आपातकालीन सहायता और नैतिक मूल्यों के लिए प्रेरित करती है। इसका उद्देश्य युवाओं में सेवा, सहयोग और सद्भावना की भावना को विकसित करना है। रेड क्रॉस के स्वयंसेवक हमेशा राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए तत्पर रहते हैं।कार्यक्रम के दौरान सभी छात्र-छात्राओं ने देश सेवा की शपथ ली। इस अवसर पर कॉलेज के अनेक शिक्षकगण डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. दिलबाग सिंह, डॉ. नीरज वशिष्ठ, डॉ. सतीश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**सहायता**

- यह दिवस रेड क्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी दुनांत के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 8 मई को मनाया जाता है : रेड क्रॉस काउंसलर डॉ सौरभ त्रिखा

# युवक ने बहन को गोलियां मारकर उतारा मौत के घाट

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के गांव बड़वासनी में जीजा व उसके रिश्तेदार द्वारा युवक को उकसाने पर बहन की गोलियां मारकर हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की टीम को बुलाया। टीमों ने वारदात स्थल से जरूरी नमूने एकत्रित करके शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। पुलिस ने मृतका के पिता के बयान पर हरियाणा पुलिस में तैनात कर्मचारी व उसके रिश्तेदार सहित तीन के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बृहस्पतिवार को शव का पोस्टमार्टम करवायेगी। गांव बड़वासनी निवासी राजकुमार ने बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। उसके बेटी प्रीति की शादी वर्ष 2019 में सचिन निवासी छाजुगढ़ी के साथ की थी। शादी के बाद उसकी बेटी के पास चार साल का लड़का है। करीब चालीस दिन पहले उसका दामाद सचिन उसकी बेटी को घर पर छोड़कर चला गया। सचिन ने बताया कि उनकी बेटी किसी दूसरे लड़के से बातचीत करती है। उसके बाद सचिन ने उसकी बेटी के पास दो-तीन बार कॉल कर उसे गाली-गलौज की। बुजुर्ग ने बताया कि उसका बेटा परमजीत आवारा किस्म का लड़का है। उस पर कई मुकदमें चले हुए है। वह करीब 15 दिन पहले जेल से बाहर आया है। सचिन व उसका जीजा विकास जोकि हरियाणा पुलिस में तैनात है। उसकी हालत में डयूटी गन्नौर क्षेत्र में है। उसके बेटे परमजीत को उसकी बेटी के खिलाफ भड़का रहते है। उसकी बेटी की हत्या करने के लिए उकसा रहे थे। बृहस्पतिवार को उसके बेटे परमजीत को सचिन व विकास ने हत्या के लिए उकसाया। उसके बेटे ने उसकी बेटी प्रीति की गोलियां मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। जहां जरूरी नमूने एकत्रित कर शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया है।

**वारदात स्थल से मिले खाली गोलियों के खोल, गली में खुन से लथपथ मिला शव:** सूचना के बाद एसीपी जीत सिंह की टीम गांव बड़वासनी में पहुंची। पुलिस टीम को महिला का शव गली में पड़ा हुआ मिला। उसके पास करीब पांच खोल मिले है। शुरूआती पूछताछ में पता लगा है कि युवती को गोली मारने का आरोप उसके भाई परमजीत लगा है।

**सनसनीखेज**

- युवक को उकसाने पर बहन की गोलियां मारकर हत्या करने का सनसनी खेज मामला सामने आया

# समस्याओं के समाधान के लिए समाधान शिविरों का फायदा उठाएं नागरिकः डा. रमन गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** नगराधीश डा.रमन गुप्ता ने कहा कि लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी ढंग से समाधान किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें मुख्य रूप से जल आपूर्ति, सडक मरम्मत, पेंशन संबंधित समस्याएं और राजस्व मामलों से जुड़ी शिकायतें शामिल रही।

नगराधीश डा. रमन गुप्ता वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त नेहा सिंह के मार्गदर्शन में लगाए गए समाधान शिविर में बोल रहे थे।

इससे पहले नगराधीश डा. रमन गुप्ता, सीएमओ डा. सुखबीर सिंह, डीआरओ चेतना चौधरी, डीडीए




डा.कर्मचंद ने समाधान शिविर में आई विभिन्न विभागों से सम्बन्धित 53 शिकायतों को सुना। उन्होंने कहा कि आज समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से सम्बन्धित 53 समस्याओं को सुना गया जिसमें 42 समस्या क्रिड से सम्बन्धित तथा 11 शिकायतें अन्य विभाग से सम्बन्धित थी।

उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में रखी गई 53 समस्याओं में से 36 समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया है तथा शेष समस्याओं का समाधान करने के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है।

उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना है, ताकि जनता का प्रशासन पर भरोसा और ज्यादा मजबूत हो। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से सम्बन्धित कुल 53 शिकायतें आई जिनमें से कई शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया, जबकि कुछ मामलों में आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के आदेशानुसार समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिविरों का फायदा उठाएं।

**शिकायतें**

- मुख्य रूप से जल आपूर्ति संबंधित समस्याएं और राजस्व मामलों से जुड़ी शिकायतें शामिल रही

## सरकारी स्कूल से कंप्यूटर चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** मोहाना थाना क्षेत्र के गांव पिनाना स्थित राजकीय उच्च विद्यालय से चोरों ने रात के समय कंप्यूटर चोरी करने के आरोप का मामला सामने आया है। स्कूल की मुख्य अध्यापक ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। स्कूल में तैनात मुख्य अध्यापक सविता ने बताया कि 15 मार्च की सुबह जब सफाई कर्मचारी तुषार स्कूल पहुंचा तो उसने कंप्यूटर कक्ष का ताला टूटा हुआ पाया।

# तेज रफ्तार बाइक ने दूसरी बाइक को मारी टक्कर हादसे में एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक ने दूसरी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार चालक व दूसरी बाइक पर सवार कंपनी कर्मचारी घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां शेखर नाम के कर्मचारी की हालत गंभीर होने के चलते रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई में उपचार के दौरान कर्मी की मौत हो गई। पीजीआई प्रबंधन की तरफ से बिना पोस्टमार्टम किए शव को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस को इस संबंध में जानकारी मिली तो परिजन शव को लेकर हरदोई पहुंच गए। जहां उसके शव का पुलिस ने पहुंचकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा। पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोडरा टनियावां हरदोई निवासी सुनील ने बताया कि वह बहालगढ़ में किराए के मकान पर रहता है। उसके ताऊ का लड़का शेखर उसके साथ कंपनी में काम करता है। गत चार मई को वह अपने जीजा की बाइक लेकर शेखर के साथ मुरथल किसी काम से चला गया। बाइक को शेखर चला रहा था। रात को करीब 9.30 बजे बाइक पर वापस बहालगढ़ की तरफ आ रहे थे। उसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने शेखर की हालत गंभीर होने के चलते रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई में पांच मई को शेखर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पीजीआई प्रबंधन की तरफ से बिना पोस्टमार्टम के शव को परिजनों को सौंप दिया।

**हादसा**

- जानकारी के अनुसार पीजीआई प्रबंधन की तरफ से बिना पोस्टमार्टम के शव को परिजनों को सौंप दिया

# किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कैद

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: खरखौदा** थाना क्षेत्र में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत ने पांचवें दोषी करार देते हुए 20 साल कैद की सजा सुनाई है। मामले में चार किशोरों को पहले ही चिल्ड्रन इन कॉन्फ्लिक्ट विद लॉ (सीसीएल) के तहत 20-20 साल कैद की सजा हो चुकी है। अदालत ने दोषी पर अलग-अलग धाराओं में 56 हजार रुपये जुमार्ना लगाया गया है। जुमार्ना राशि में से 40 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश दिए है। खरखौदा थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने 2 अप्रैल, 2023 को पुलिस को बताया था कि उनकी नाबालिग बेटी 12वीं कक्षा में पढ़ती थी। उनकी बेटी को 31 मार्च, 2023 को उनके गांव में रहने वाला लड़का किताब दिलाने के बहाने बहकाकर खरखौदा में अपने दोस्त घर ले गया था। वहां पर आरोपित लड़के ने उनकी बेटी के साथ जबरन गलत काम किया था। इतना ही नहीं उसके दोस्त ने भी बेटी से सामूहिक दुष्कर्म किया था। फिर आरोपितों ने अपने एक अन्य दोस्त को बुला लिया था। उसने भी बेटी के साथ गलत काम किया था। फिर उन्होंने बेटी के एक सहपाठी को भी बुला लिया था। वह अपने साथी संग आया था। सहपाठी ने किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास किया था। बाद में आरोपितों ने बेटी को धमकी दी थी कि उन्होंने वीडियो बना लिया है। अगर किसी को बताया तो वीडियो वायरल कर देंगे। आरोपितों ने उनकी बेटी पर दबाव बनाकर 40 हजार रुपये देने की मांग की थी। साथ ही कहा था कि किसी को बताने पर परिवार को जान से मार देंगे। घटना के बाद बेटी घबरा गई थी। जिसके चलते किसी को कुछ नहीं बताया था। एक दिन बाद रात को बेटी ने मामले से उन्हें अवगत कराया था। जिस पर 2 अप्रैल, 2023 को पुलिस को शिकायत दी गई थी। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चार नाबालिग को अभिरक्षा में ले लिया था और पांचवें आरोपित अंकित को गिरफ्तार किया था। चार लड़को को अदालत पहले ही सीसीएल मानकर 20-20 साल सजा सुना चुकी है। अदालत ने मामले में पांचवें आरोपित अंकित को भी दोषी मानते हुए उसे सजा दी है।

**दोषी करार**

- अदालत ने मामले में पांचवें आरोपित अंकित को भी दोषी मानते हुए उसे सजा दी है


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नाम: **संकल्प कुमार**, पुत्र: **जयदेव तिवारी**, **निवासी: मकान नं. 3, गली नं. 1, गुरुजी वाली गली के पीछे, गांव ढाकावली, असोला, फतेहपुर बेरी, नई दिल्ली** और **पी.ए. क्वार्टर नं. 33, गुरुद्वारा मोहल्ला, नया नगर, बरकाना, जिला रामगढ़, झारखंड** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.96/2023 U/S 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना फतेहपुर बेरी, दक्षिण जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **संकल्प कुमार** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **संकल्प कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.96/2023 U/S 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना फतेहपुर बेरी, दक्षिण जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **संकल्प कुमार** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **09.06.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार आशीष कुमार मीना,
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01,
कमरा नं. 214, साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली

DP/5776/SD/2025
(अदालती मामला)



## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

उप मुख्य अभियन्ता/सर्वे व निर्माण/उत्तर रेलवे, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली द्वारा कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर एक पैकेट खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | पलवल (आईआर) – न्यू पृथला (डब्ल्यू डी एफ सी) के बीच नई रेल लाइन कनेक्टिविटी का शेष कार्य। |
| कार्य निष्पादन की अवधि | 06 माह |
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 51835552.80/– |
| धरोहर राशि | रु. 409200.00/– |
| रेलवे की वैबसाईट पर निविदा की ब्रिकी एवं उपलब्धता | निविदा दस्तावेज दिनांक 07.05.2025 से 30.05.2025 तक समय 15.00 तक उपलब्ध रहेगें। |
| निविदा अपलोड करने की दिनांक/समय | निविदा कर्ता दिनांक 16.05.2025 से 30.05.2025 समय 15.00 वेबसाईट से अपलोड कर सकते है। |
| निविदा के खुलने की तिथि एवं समय | निविदा अपलोड करने के तुरन्त पश्चात दिनांक 30.05.2025 को 15.00 तक। |

निविदा संख्या–288-W-BAL-WORK-PWL-PNUN
दिनांक : 07.05.2025
1365/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर बोगी & व्हील, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई–निविदा सूचना: एमसीएफ/आरबीएल/निविदा/बीएफएमसी पर बोगी फ्रेम की मशीनिंग/2025–26/सी 659 दिनांक 01.05.2025 आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** ड्राइंग और कार्य के दायरे के अनुसार बोगी फ्रेम मशीनिंग सैंटर पर बोगी फ्रेम की (बीएफएमसी) मशीनिंग। **कार्य की अनुमानित लागत (₹)** 37,81,470.56 **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹)** शून्य। **अमानत राशि:** (₹) 75,700.00 (पचहत्तर हजार सात सौ मात्र) **कार्य की मात्रा** -चेप्टर VI परिणाम बिल के अनुसार। **कार्य समामन की अवधि** – 12 माह। • **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय**– दिनांक **24.05.2025** को **11:00** बजे। • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

**उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/बोगी & व्हील**

**ई-निविदा सूचना सं.:** इलेक्ट–पीएस–20582 दिनांक: 06.05.2025
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/(पीएस)/एमसीएफ/आरबीएल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु योग्य निविदाकारों से एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई–निविदा भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। (1) **कार्य का नाम:** एमसीएफ/आरबीएल में दो वर्षों से चल रही मरम्मत के तहत विभिन्न क्षमताओं के सबमर्सिबल पंप मोटर सेटों की मरम्मत, रिवाईडिंग। (2) **कार्य स्थल:** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज, जिला–रायबरेली। (3) **अनुमानित लागत (₹)** 6,85,495.38 (रु. छह लाख पचासी हजार चार सौ पंचानबे रुपये और अड़तीस पैसे मात्र) (4) **अमानत राशि: (₹)** 13,700.00 (रु. तेरह हजार सात सौ मात्र) (5) **कार्य समापन की अवधि**- 24 (चौबीस) माह। (6) **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 28.05.2025, 15:00 बजे। (7) अन्य शर्तें: अन्य विवरण एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस**

**ई–एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 06/ईटी./2025-26 दिनांक: 06.05.2025**

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 11241387 | सेट ऑफ फाईनल रूफ इलेमेंटस फॉर एलडब्लूएसीसीएन कोच | 288 सेट | 24.06.2025 |
| 02 | 11251097 | सेट ऑफ टूबलर पार्टीशन फ्रेम फॉर एलडब्लूएससीएनजी कोच | 120 सेट | 30.05.2025 |
| 04 | 12241377 | पिन ब्रेकेट फॉर बोगी बॉडी कनेक्शन | 7464 नग | 10.06.2025 |
| 05 | 12241393 | सेट ऑफ कन्ट्रोल एआरएमएस (फीनिंशड) फॉर एलएचबी बोगी | 1753 सेट | 04.06.2025 |

**उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एम & पी**

वेबसाइट पता : www.ireps.gov.in एवं www.mcf.indianrailways.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली के समग्र विकास को लेकर हुई बैठक

केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बताया कि बैठक में किफायती आवास, आधुनिक शहरी परिवहन प्रणाली, विद्युत क्षेत्र में सुधार और सार्वजनिक स्थलों के पुनर्विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा हुई





**उच्चस्तरीय**

परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए समन्वय-साझेदारी के साथ कार्य करने पर सहमति व्यक्त की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने दिल्ली के समग्र विकास के लिए दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। इस बैठक में शहरी आवासन मंत्रालय एवं दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री ने गुरुवार को एक्स पर यह जानकारी साझा की। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बताया कि बैठक में किफायती आवास, आधुनिक शहरी परिवहन प्रणाली, विद्युत क्षेत्र में सुधार और सार्वजनिक स्थलों के पुनर्विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के लंबित मुद्दों के शीघ्र समाधान और जनहित से जुड़ी प्राथमिक परियोजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन के लिए समन्वय और साझेदारी के साथ कार्य करने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक के दौरान दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा मौजूद रहे।

## हर वादा समयबद्ध तरीके से पूरा करेंगेः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि हम अपने चुनावी संकल्प पत्र में किए गए हर वादे को हर हाल में समयबद्ध तरीके से एक एक कर पूरा करेंगे। इसीलिए हमने शपथ लेने के तुरंत बाद उसी दिन मंत्रिमंडल की पहली बैठक में दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू कर दी थी। रेखा गुप्ता का कहना है कि देश की राजधानी के अनुरूप दिल्ली को सम्पूर्ण रूप से विकसित करना व सजाना-संवारना और राजधानीवासियों को उसका अहसास भी कराना उनकी प्राथमिकता है।



दिल्ली की मुख्यमंत्री ने कहा कि केजरीवाल सरकार ने राज्य के मूल ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) को बेहतर करने का कोई काम नहीं किया। पिछले दस साल में एक भी फ्लाईओवर नहीं बना, स्कूल-कॉलज नहीं बने। सड़कों और जल निकासी के लिए कोई इंतजाम नहीं किए। हमारी सरकार ने आते ही शहर की साफ-सफाई और सड़कों को ठीक करने का काम शुरू किया। मानसून को देखते हुए दिल्ली में कहीं भी जल भराव न हो, इसके लिए अभी से प्रयास किये जा रहे हैं। दिल्ली की सीमा पर बने तीनों कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने के लिए गंभीरता से काम हो रहे हैं। महिलाओं को ढाई हजार पेंशन दिए जाने के सवाल पर रेखा गुप्ता ने कहा कि यह एक बार दी जाने वाली राशि नहीं है। इस संबंध में आम आदमी पार्टी के आरोपों पर उन्होंने कहा कि उन्होंने पंजाब में धोषणा करके तीन साल बाद भी महिलाओं को पेंशन देना शुरू नहीं किया।

### हमने किसी भी योजना को बंद नहीं किया: रेखा

रेखा गुप्ता ने कहा कि हम इस योजना को हर हाल में जल्दी से जल्दी लागू करेंगे और उसके लिए आर्थिक प्रावधान भी करेंगे। आयुष्मान योजना के अन्तर्गत आने वाले लोगों का पंजीकरण शुरू हो गया है। बिना किसी भेदभाव के दिल्ली में रहने वाले 70 साल से ऊपर के सभी वरिष्ठ नागरिकों को भी इस योजना का लाभ मिलने लगा है। आयुष्मान कार्ड भी जारी किए जाने लगे हैं। हमने बिजली के बिल या बस में नि:शुल्क सफर आदि किसी भी योजना को बंद नहीं किया है। न ही किसी की झुग्गी टूटी। सब झूठ बेनकाब हो रहा है। वहीं लोग देख रहे हैं कि हमारी सरकार बड़ी तेजी से जनहित की सुनवाई कर रही है और उस पर कार्रवाई भी कर रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि जहां तक निजी स्कूलों की बात है तो सचाई यह है कि निजी स्कूल हर साल फीस बढ़ाते रहे हैं। इस बार हमने इस बढ़ोतरी के खिलाफ कानून बनाकर कार्रवाई शुरू की है। जिलाधिकारियों को एक-एक निजी स्कूल पर नजर रखने की जिम्मेदारी दी गई है। हम देखेंग कि वे तय सीमा से ज्यादा बढ़ोतरी न कर सकें।



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी जैव ऊर्जा मूल्य श्रृंखला पर चौथे अंतर्राष्ट्रीय बीबीबी शिखर सम्मेलन और एक्सपो का उद्घाटन करते हुए।

## गुरुद्वारा सिंह साहिब पर हमले की मंत्री सिरसा ने निंदा की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि वे पाकिस्तान द्वारा पुंछ में गुरुद्वारा सिंह साहिब पर किए गए मिसाइल हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता हैं। सिरसा ने एक्स पर गुरुवार को एक वीडियो जारी करते हुए बताया कि उनकी पुंछ में गुरुद्वारा साहिब के जिला अध्यक्ष भाई नरिंदर सिंह से बात हुई। नरिंदर सिंह ने उन्हें बताया कि इस हमले में गुरुद्वारा साहिब के अंदर के परिसर और गुरु ग्रंथ साहिब जी के स्वरूप को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

## थैलेसीमिया दिवस पर रोकथाम, प्रबंधन, देखभाल पर दिया जोर




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** विश्व थैलेसीमिया दिवस पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने इस बीमारी की रोकथाम, प्रबंधन और जागरुकता पर जोर दिया। गुरुवार को जेपी नड्डा ने एक्स प्लेटफार्म पर कहा कि यह दिन रोकथाम, शीघ्र निदान और उपचार तक पहुंच के महत्व को उजागर करने का एक अवसर है। इस वर्ष की थीम है- "थैलेसीमिया के लिए एक साथः समुदायों को एकजुट करना, रोगियों को प्राथमिकता देना।" उल्लेखनीय है कि थैलेसीमिया बच्चों को माता-पिता से अनुवांशिक तौर पर मिलने वाला रक्त डिसऑर्डर है। इस रोग के होने पर शरीर की हीमोग्लोबिन निर्माण प्रक्रिया में बाधित होती है, जिसके कारण एनीमिया के लक्षण दिखाई देते हैं। इसकी पहचान तीन माह की आयु के बाद ही होती है। इसमें रोगी बच्चे के शरीर में खून की भारी कमी होने लगती है, जिसके कारण उसे बार-बार बाहर से खून की आवश्यकता पड़ती है। थैलेसीमिया दो प्रकार का होता है। यदि पैदा होने वाले बच्चे के माता-पिता दोनों के जींस में माइनर थैलेसीमिया होता है, तो बच्चे में मेजर थैलेसीमिया हो सकता है, जो काफी घातक हो सकता है।

**देखभाल**

थैलेसीमिया बच्चों को माता-पिता से अनुवांशिक तौर पर मिलने वाला रक्त डिसऑर्डर है

# विजेंद्र ने थैलेसीमिया रोगियों के लिए एकजुटता, रोकथाम का किया आह्वान

थैलेसीमिया से जूझ रहे रोगियों और उनके परिवारों की दृढ़ता की सराहना करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया

**गुणवत्ता**

रक्त संक्रमण की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए (एनएटी) को अपनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में अंतरराष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने थैलेसीमिया रोगियों की देखभाल, गरिमा और आशा से भरे भविष्य की दिशा में सामूहिक प्रयास करने का सभी से आग्रह किया। उन्होंने थैलेसीमिया से जूझ रहे रोगियों और उनके परिवारों की दृढ़ता की सराहना करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। यह कार्यक्रम दिल्ली विधानसभा परिसर में नेशनल थैलेसीमिया वेलफेयर सोसायटी (एनटीडब्ल्यूएस) के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे। उनके साथ प्रमुख अतिथियों में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व गृह राज्य मंत्री हंसराज गंगाराम अहीर, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की विनीता श्रीवास्तव और एनटीडब्ल्यूएस के महासचिव डॉ. जेएस अरोड़ा उपस्थित रहे। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आज का दिन थैलेसीमिया की रोकथाम, जागरूकता और सहयोग के प्रति हमारे नवनिर्मित संकल्प का प्रतीक होना चाहिए।भारत थैलेसीमिया से सर्वाधिक प्रभावित देशों में से एक है, जहां 5 करोड़ से अधिक वाहक और प्रतिवर्ष अनुमानित 12,000 से 15,000 बच्चे थैलेसीमिया मेजर के साथ जन्म लेते हैं। अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण एकमात्र स्थायी उपचार है, लेकिन इसकी लागत अत्यधिक है और यह डोनर की उपलब्धता पर निर्भर करता है। परिणामस्वरूप अधिकांश रोगियों को आजीवन रक्त संक्रमण और आयरन की कमी को दूर करने वाली चिकित्सा पर निर्भर रहना पड़ता है, जिसकी वार्षिक लागत लगभग दो लाख रुपये तक होती है। इस चुनौती को देखते हुए दिल्ली सरकार पंजीकृत रोगियों को ये उपचार निःशुल्क प्रदान करती है। विजेंद्र गुप्ता ने रक्त संक्रमण की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए न्यूक्लिक एसिड एम्प्लीफिकेशन टेस्टिंग (एनएटी) को अपनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

## ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद पर प्रहार और भारतीयों के लिए न्याय है : बांसुरी स्वराज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने गुरुवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद पर सिर्फ प्रतिरोध नहीं, बल्कि प्रहार है और यह भारतीयों के लिए न्याय है। उन्होंने यह बात मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के तहत आयोजित सफाईकर्मियों और स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कही। दिल्ली सरकार के व्यापक स्वच्छता अभियान के तहत बुधवार को मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में पुलिस चेक पोस्ट ग्रीन पार्क से लेकर जगन्नाथ मंदिर तक विशेष स्वच्छता कार्यक्रम शुरू किया गया। स्थानीय विधायक सतीश उपाध्याय ने एक्स पर बताया कि उन्होंने स्वच्छता अभियान में सांसद बांसुरी स्वराज के साथ मिलकर भागीदारी की और श्रमदान किया। यह आयोजन सम्पूर्ण दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आह्वान पर चल रहे 20 दिवसीय व्यापक स्वच्छता अभियान का हिस्सा है। इसका उद्देश्य राजधानी को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाना है।

## नर्सिंग स्टाफ ने लोगों की जान बचाई : विजेंद्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने गुरुवार को अतंरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर कोविड के दौरान नर्सिंग स्टाफ के योगदान को याद करत हुए कह कि इस विभीषिका से लड़ते हुए लोगों की जान बचाई।

उन्होंने कहा कि सभी को नर्सिंग स्टाफ से त्याग, करुणा और समर्पण जैसे गुणों को सीखकर अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।




## हाई कोर्ट ने शाहदरा बार एसोसिएशन के चुनाव 24 मई तक स्थगित किए

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने कड़कड़डूमा कोर्ट के बार एसोसिएशन शाहदरा बार एसोसिएशन के कल यानी 9 मई को होने वाले चुनाव को स्थगित करने का आदेश दिया है। जस्टिस प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता वाली हाई कोर्ट की फुल बेंच ने शाहदरा बार एसोसिएशन के चुनाव को 24 मई तक टालने का आदेश दिया। कोर्ट ने शाहदरा बार एसोसिएशन के चुनाव को आयोजित कराने के लिए नियुक्त हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जज जस्टिस तलवंत सिंह की रिपोर्ट पर गौर करने के बाद ये आदेश दिया, जिसमें कहा गया था कि अभी कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर में चुनाव कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल नहीं है। इसके पहले हाई कोर्ट ने चुनाव के लिए कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर में पर्याप्त पुलिस बलों की तैनाती का आदेश दिया था। हाई कोर्ट ने कहा था कि पूरे चुनाव पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी रखी जाएगी। इस चुनाव में वकीलों या किसी दूसरे समूह की ओर से अगर कोई गड़बड़ी करने की कोशिश की जाएगी तो तुरंत कार्रवाई की जाए।

## मोइत्रा ने दुबे-जय के खिलाफ हाई कोर्ट में दायर की मानहानि याचिका

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर कर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और वकील अनंत देहादराय के खिलाफ एक नया मानहानि याचिका दायर की है। महुआ मोइत्रा ने याचिका में निशिकांत दुबे और अनंत देहादराय पर आरोप लगाया है कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपमानजनक पोस्ट डाला है। आज जस्टिस मनमीत प्रीतम अरोड़ा की बेंच ने इस पर आंशिक सुनवाई की और कल यानि 9 मई को भी सुनवाई करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान महुआ मोइत्रा की ओर से पेश वकील समुद्र सारंगी ने कहा कि देहादराय ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, जिसमें लिखा था कि डॉ. निशिकांत दुबे सांसद द्वारा दायर लोकपाल मामले में चौंकाने वाला घटनाक्रम)। उन्होंने कहा कि सांसद निशिकांत दुबे ने अपने फेसबुक अकाउंट पर लिखा कि सीबीआई ने महुआ मोइत्रा के कथित विदेशी खातों और खर्चों को लेकर लोकपाल में केस फाइल किया है। सारंगी ने अनंत देहादराय औ? निशिकांत दुबे के इस सोशल मीडिया पोस्ट को हटाने का निर्देश देने की मांग की। सारंगी ने कहा कि महुआ मोइत्रा ने दुबे के पोस्ट को लेकर लोकपाल से आरटीआई के तहत जानकारी मांगी थी, जिस पर लोकपाल ने सूचित किया कि उन्होंने निशिकांत दुबे को ऐसी कोई सूचना नहीं दी है। सुनवाई के दौरान निशिकांत दुबे की ओर से पेश वकील अभिमन्यु भंडारी ने कहा कि ये सोशल मीडिया पोस्ट निशिकांत दुबे की शिकायत पर लोकपाल के फैसले को लेकर है। उन्होंने कहा कि लोकपाल की ओर से निशिकांत दुबे को कोई नयी जानकारी नहीं मिली है।




तब कोर्ट ने कहा कि प्रथम दृष्टया निशिकांत दुबे का लोकपाल के फैसले के आधार पर किया गया पोस्ट किए गए आरोपों से जुड़ा हुआ नहीं है। कोर्ट ने निशिकांत दुबे के वकील से कहा कि जब तक महुआ के खिलाफ आरोप के पक्ष में कुछ नहीं हो, तब तक दुबे उस पोस्ट को हटा लें। तब भंडारी ने कहा कि दुबे को लोकपाल के आदेश को अपलोड करने का अधिकार है।

# पानी पर राजनीति न करे मान सरकारः मुख्यमंत्री

□ पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार न तो संविधान को मानती है, न संवैधानिक संस्थाओं को, जल विवाद पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा दिए गए फैसले को पंजाब सरकार ने दरकिनार किया, जो दुर्भाग्यपूर्ण - नायब सिंह सैनी, पानी पर राजनीति न करे मान सरकारः मुख्यमंत्री, आज पंजाब की मान सरकार अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए यह भेदभाव खड़ा कर रही है

**कड़ी प्रतिक्रिया**

□ पंजाब सरकार ने जल विवाद पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा दिए गए फैसले को दरकिनार किया है



**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जल विवाद पर पंजाब सरकार के रूख पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार न तो संविधान को मानती है, न संवैधानिक संस्थाओं को मानती है और न ही संविधान का सम्मान करती है। पंजाब सरकार ने जल विवाद पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा दिए गए फैसले को दरकिनार किया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।
नायब सिंह सैनी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से आग्रह किया कि वे पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को मानते हुए हरियाणा के पानी को छोड़े।
मुख्यमंत्री आज पंचकूला स्थित नाडा साहिब गुरुद्वारा में मत्था टेकने उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज यहां आने का परम सौभाग्य मिला है और नाडा साहिब गुरुद्वारा में शीश नवाकर देश प्रदेश की भलाई के लिए अरदास की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब गुरुओं की धरती है। समय-समय पर गुरुओं ने हमेशा भलाई और कल्याण का संदेश दिया है और हम उन्हीं की शिक्षाओं को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। जब पंजाब - हरियाणा एक थे, तब भी कोई भेदभाव नहीं था। परंतु आज पंजाब की मान सरकार अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए यह भेदभाव खड़ा कर रही है। उन्होंने कहा कि हम पंजाब के हक का पानी नहीं मांग रहे हैं, बल्कि जो हरियाणा का हिस्सा है, वो भी पीने के पानी का, हम केवल वहीं मांग रहे हैं।

**पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को न मानना संवैधानिक पीठ का अपमान**

नायब सिंह सैनी ने हाईकोर्ट का धन्यवाद देते हुए कहा कि हाई कोर्ट ने सोच विचार करके और दोनों पक्षों की बातें सुनकर अपना फैसला दिया है। पंजाब के मुख्यमंत्री पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को न मानना संवैधानिक पीठ का अपमान है। संवैधानिक फैसलों को न मानना इनकी फितरत रही है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान सर्वोच्च है और संवैधानिक पीठ का सम्मान करना हम जैसे संवैधानिक पदों पर बैठे हुए व्यक्तियों का दायित्व है। परंतु हाईकोर्ट के फैसले को दरकिनार करते हुए और उसको न मानते हुए डैम पर जाकर ताला लगा देना व धरने पर बैठ जाना, ये सही नहीं है। पंजाब के मुख्यमंत्री राजनीति को चमकाने के लिए पानी को रोक कर बैठे हैं
मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के लोगों को पीने के पानी की आवश्यकता है। समय के साथ पानी की दिक्कत आ रही है। यह जीवन पानी से चलता है, लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री अपनी राजनीति को चमकाने के लिए पानी को रोक कर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि जब डैम में पानी का लेवल आज के मुकाबले कम था, तब भी हरियाणा को उसके हिस्से का पूरा पानी मिला। आज ऐसी क्या बात हो गई है। पानी पर राजनीति न करें। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हाईकोर्ट ने जो फैसला दिया है, उसे मान सरकार को स्वीकार करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से आग्रह करते हुए कहा कि पानी के विषय पर राजनीति न करें। राजनीति करने के लिए और भी बहुत विषय है। हरियाणा के पानी को छोड़िए।

## पूरे प्रदेश व देश को सेना पर गर्वः मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारे देश के निहत्थे लोगों पर, बहन बेटियों के सुहाग को जिस प्रकार से उजाड़ने का काम पड़ोसी देश ने किया, वो निंदनीय है। उन्होंने सेना के जवानों को साधुवाद दिया, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर चला कर आतंकवाद के ऊपर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश कूटनीति के तहत आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। हमारी सेनाओं ने जो कार्रवाई की है पूरा देश सशस्त्र बलों के साथ खड़ा है।

**देश की वर्तमान परिस्थितियों में मान साहब द्वारा राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण**

नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज जब देश ऐसी परिस्थिति में है, उस समय भी मान साहब अपनी राजनीति में लगे हुए हैं, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। यह हाईकोर्ट के फैसले की अवमानना है। संवैधानिक पीठ के निर्णय को कायम रखना, उसका सम्मान करना यह हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट को वर्तमान स्थिति से अवगत कराया है, जो भी फैसला हाईकोर्ट का होगा हमें स्वीकार है। हम उसका सम्मान करते हैं। इस मौके पर मीडिया सचिव प्रवीण आत्रेय मौजूद रहे।

# हरियाणा ने स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारियों की छुट्टी पर लगाया प्रतिबंध

**राष्ट्र हित में**

□ किसी भी संकट के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की कुशलता और त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए लिया गया निर्णय



**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि पाकिस्तान के साथ मौजूदा तनावपूर्ण हालात और राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से उत्पन्न स्थिति को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टी पर तुरंत प्रभाव से प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह निर्णय राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता, कुशलता और त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है।
स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि संकट की इस घड़ी में राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह सक्रिय रहे ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके और आम जनता को तुरंत आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। इसके तहत हरियाणा के सभी सिविल सर्जन और मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को आगामी आदेशों तक कोई भी छुट्टी, चाहे वह आकस्मिक हो या पूर्व स्वीकृत, स्वीकृत न करें। सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी व्यक्ति जिला मुख्यालय छोड़कर अपने कार्यस्थल पर मौजूद रहे। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी को विषम परिस्थितियों में अवकाश लेने की आवश्यकता पड़ती है तो उसे महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, हरियाणा से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना पूर्व अनुमति के किसी भी कर्मचारी को

## पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा व्यवस्था

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा।** डबवाली की पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने गुरुवार को बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस को अलर्ट मोड़ पर कर दिया है। पुलिस टीमों द्वारा महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, रेलवे स्टेशन व बस स्टेंड पर तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं। साथ ही आमजन को शांति व्यवस्था बनाए रखने व अफवाहों पर ध्यान न देने बारे भी जागरूक किया जा रहा है।

## राजस्व की चोरी को स्वीकार नहीं किया जाएगाः पंवार



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के खान एवं भू- विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि कुछ समय से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि राजस्थान से आने वाले भारी वाहनों में निर्धारित सीमा से अधिक पत्थर लोड कर हरियाणा के क्रेशर जोन में उतारा जा रहा है, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित इरवन्ना (वाहन लोडिंग सीमा) 55 टन है। यदि कोई इससे अधिक पत्थर लोड करता है तो 4 से 5 लाख रुपये तक का चालान काटा जाता है। खान एवं भू- विज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने अनियमितता की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए वीरवार को फरीदाबाद के पाली क्रेशर जोन का औचक निरीक्षण किया। मंत्री के इस अचानक दौरे का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में खान संबंधी गतिविधियों की वास्तविक स्थिति की जांच करना तथा राज्य सरकार को संभावित राजस्व हानि से बचाना था।
निरीक्षण के दौरान मंत्री ने एक क्रेशर इकाई का लगभग एक घंटे तक बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित दस्तावेजों, ट्रक लोडिंग डेटा, वजन रजिस्टर, चालान की प्रतियां और गेट एंट्री लॉग्स की जांच की। इस दौरान उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि कहीं किसी स्तर पर अनियमितता तो नहीं बरती जा रही है। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति, चाहे वह सरकारी कर्मचारी हो या क्रेशर मालिक, यदि राज्य सरकार के खजाने को नुकसान पहुंचाने में संलिप्त पाया गया तो उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकार की नीति स्पष्ट है कि राजस्व की चोरी को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**निरीक्षण**

□ कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने फरीदाबाद में पाली क्रेशर जोन का किया औचक निरीक्षण

## एसडीओ को तुरंत प्रभाव से किया गया निलंबित

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज की अनुशंसा पर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने अवनीत भारद्वाज, एसडीओ/ओपी सब डिवीजन, डीएचबीवीएनएल, फरुखनगर, गुरुग्राम को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक द्वारा आदेश जारी कर दिए गए हैं। इन आदेशों के अनुसार अवनीत भारद्वाज को एसडीओ/ओपी सब डिवीजन, डीएचबीवीएनएल, फरुखनगर के रूप में उनके गैर-प्रदर्शन और नियंत्रण की कमी के कारण डीएचबीवीएनएल कर्मचारी (दंड और अपील) विनियम-2019 के विनियमन -7 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही के मद्देनजर तुरंत प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलम्बन के दौरान इस अधिकारी का मुख्यालय एसई/ओपी सर्कल, डीएचबीवीएनएल, हिसार के कार्यालय में निर्धारित किया गया है, जहां वे प्रत्येक कार्य दिवस पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इसके अलावा, निलम्बन अवधि के दौरान, अवनीत भारद्वाज को हरियाणा सिविल सेवाएं (सामान्य) नियम-2016 के नियम-83 के अन्तर्गत देय निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि गत दिनों ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने एक रिपोर्ट के आधार पर अवनीत भारद्वाज के निराशाजनक प्रदर्शन को देखते हुए तुरंत प्रभाव से निलंबित करने की अनुशंसा की थी, जिस पर यह कार्रवाई की गई है।

## इंटर एजेंसी समन्वय बैठक में लिए गए जनहित निर्णय

**शांति**

□ सीवरेज सिस्टम में सुधार के एमसीएफ व एफएमडीए निर्धारित एसओपी पर करेंगे काम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा शहरी विकास प्रधान सलाहकार डी. एस. ढेसी ने बताया कि प्रदेश सरकार शहरी विकास को प्राथमिकता में रखते हुए शहरों की मौलिक संरचनाओं और सेवाओं को आधुनिकतम मानकों के अनुरूप ढालना चाहती है। ऐसे में हमें तकनीक आधारित योजनाओं और जनसहभागिता पर बल देते हुए योजनाबद्ध विकास की दिशा में आगे बढ़ना होगा।
हरियाणा शहरी विकास प्रधान सलाहकार डी. एस. ढेसी की अध्यक्षता में आज जिला फरीदाबाद में विभिन्न परियोजनाओं पर डिविजनल कमिश्नर संजय जून, उपायुक्त विक्रम सिंह और अन्य संबंधित विभागों व एजेंसी के अधिकारियों के साथ पहली इंटर एजेंसी समन्वय बैठक आयोजित की गई। ढेसी ने बताया कि बैठक में फरीदाबाद की विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की गई। उन्होंने इन परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे विकास कार्य जो आम जनता के जीवन को सीधे प्रभावित करते हैं उन्हें पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। इस दौरान मिजार्पुर के 80 एमएलडी की क्षमता वाले एसटीपी के ट्रायल की जानकारी ली गई। ट्रायल पूरा होने के अलावा अन्य औपचारिकताएं पूरी करते हुए इसे पूरी तरह से फंक्शनल बनाने संबंधी निर्देश बैठक के दौरान जारी किए गए। इसी तरह मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एफएमडीए की हाल ही में संपन्न हुई छठी बैठक में पास किए गए 20 एमएलडी के एक अन्य एसटीपी के निर्माण कार्य को भी जल्दी शुरू करने के निर्देश दिए गए।
बैठक के दौरान स्मार्ट टॉयलेट संबंधी विषय पर एक संयुक्त कमेटी बनाकर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी तय किया गया कि एक तीन सदस्यीय कमेटी टॉयलेट की मौजूदा स्थिति के अलावा इसके सुधार के साथ वर्किंग सुनिश्चित करने के लिए जरूरी पहलुओं पर खर्च की औसत लागत पर रिपोर्ट दे। इस दौरान सीसीटीवी के जरिए सिटी सर्विलांस सिस्टम पर विचार करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। बस क्यू शेल्टर संबंधी प्रपोजल के बारे में कहा गया कि इसे पायलट मोड पर लागू किया जाए। शुरूआती समय में 25 बस क्यू शेल्टर लगाए जाए। फतेहपुर चंदीला में स्मार्ट सिटी के तहत निमार्णाधीन रोड और सीवेज संबंधी कार्य एमसीएफ के जरिए पूरा करने के निर्देश दिए गए।
सीवरेज सिस्टम में सुधार के लिए एसओपी निर्धारित कर एमसीएफ व एफएमडीए मिलकर काम करेंगे। इसके लिए कंट्रोल रूम सिस्टम तैयार किया जाएगा। इसमें एसडीओ स्तर का अधिकारी
बैठक के दौरान तय किया गया कि कॉरपोरेट संस्थान, अस्पताल व अन्य शैक्षणिक संस्थानों में ट्रीटेड वाटर के इस्तेमाल पर मंथन कर इसे बागवानी में इस्तेमाल के दिशा निर्देश दिए जाएं।

## बीबीएमबी को लॉक लगाना निंदनीयः भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**निंदनीय**

□ भाखड़ा डैम से पंजाब पुलिस को हटाकर, तैनात की जाए सेंट्रल फोर्स- भूपेंद्र सिंह हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड के अध्यक्ष को बंधक बनाने की कोशिश और बीबीएमबी को लॉक लगाना निंदनीय, गैरकानूनी, असंवैधानिक और अस्वीकार्य है। आम आदमी पार्टी के जिस मंत्री ने यह काम किया है, उसे तुरंत बर्खास्त करना चाहिए। साथ ही केंद्र सरकार को मामले का संज्ञान लेते हुए भाखड़ा डैम से पंजाब पुलिस को हटाकर, तुरंत सेंट्रल फॉर्सेज की तैनाती करनी चाहिए। ये हुड्डा अपने आवास पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हम एक संघीय ढांचे का हिस्सा हैं। भाखड़ा और नांगल डैम केंद्र सरकार के प्रोजेक्ट हैं। वहां पर तैनात तकनीकी कमेटी राज्यों को पानी के वितरण का फैसला लेती है। इसमें किसी की तानाशाही नहीं चल सकती। इसलिए हरियाणा किसी और के हिस्से का नहीं, बल्कि अपने हिस्से का पानी मांग रहा है। 1966 से लेकर आज तक कभी इस जल वितरण को लेकर विवाद नहीं हुआ। आखिर आज ऐसे हालात क्यों पैदा किए जा रहे हैं। क्योंकि पंजाब में चुनाव आने वाले हैं और आम आदमी पार्टी की सियासी जमीन खिसक चुकी है। इसलिए आप पार्टी पानी पर कोरी राजनीति कर रही है। हाई कोर्ट ने भी पंजाब सरकार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वो जल वितरण में दखलअंदाजी ना करे। ऐसे में पंजाब सरकार कोर्ट के आदेशों की भी अवमानना कर रही है। ऐसे में हरियाणा सरकार को भी अपनी बात मजबूती से उठानी चाहिए। तुरंत केंद्र सरकार से दखल की मांग करते हुए इस विवाद को खत्म किया जाना चाहिए। विपक्ष हरियाणा हित के मसलों पर सरकार के साथ खड़ा है। प्रदेश सरकार को किसी तरह की कमजोरी नहीं दिखानी चाहिए।

## मुख्यमंत्री ने रद्द किए सभी राजकीय कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** भारत-पाकिस्तान में बढ़ते तनाव को देखते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सभी राजकीय कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने बीती रात मंत्रिमंडल की आपात बैठक बुलाकर मौजूदा हालातों का रिव्यू किया था। इसके बाद मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अपने सभी प्रस्तावित राजकीय कार्यक्रम स्थगित कर दिए। मुख्यमंत्री नायब सैनी को कल करनाल जिले के सालवन गांव में होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में भाग लेना था। सालवन में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

## कलाकारों को पेंशन देना सराहनीय, बाकी मांगों पर भी विचार करे सरकारः त्रिखा

**आभार**

□ कलाकारों की पेंशन योजना को लागू करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार प्रकट किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** नगर निगम के पूर्व सांस्कृतिक सलाहकार एवं मल्टी आर्ट कल्चरल सेंटर कुरुक्षेत्र के पूर्व उप-निदेशक एवं प्रभारी विश्व दीपक त्रिखा ने कलाकारों की पेंशन योजना को लागू करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय से हरियाणा के उन कलाकारों का जीवन बदलेगा, जो बुढ़ापे के कारण काम करने में असमर्थ हैं। विश्व दीपक त्रिखा ने इस निर्णय का स्वागत करने के साथ-साथ हरियाणा के कलाकारों की अन्य मांगों पर भी सहानुभूति पूर्वक विचार करने का सरकार से आग्रह किया है। विश्व दीपक त्रिखा ने बताया कि हरियाणा सरकार के इस निर्णय से हरियाणा सारे देश में ससे पहला ऐसा राज्य बन गया है, जिसने कलाकारों के हित के बारे में सोचा। सारे देश में कोई भी ऐस राज्य नहीं है जो वरिष्ठ कलाकारों को किसी भी तरह की पेंशन देता हो। इसका उद्देश्य सभी विधाओं के वरिष्ठ कलाकारों की वित्तीय और सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। इस योजना के अनुसार जिन कलाकारों ने अपने सक्रिय जीवन के दौरान कला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है या जो अभी भी इस क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं, लेकिन वृद्धावस्था के कारण अब सक्रिय रूप से अपनी कला का प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं।

## हरियाणा में सात साल से अधर में लटके बाल गृह, नोटिस जारी

**शांति**

□ मानवाधिकार आयोग ने तलब किए अधिकारी
गुरुग्राम डीसी और विभागीय अधिकारियों

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने बाल देखभाल परिसरों के निर्माण में हो रही देरी पर कड़ा संज्ञान लिया है। आयोग ने इस मामले में गुरुग्राम के जिला उपायुक्त सहित विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए उन्हें तलब किया है। हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने अवलोकन गृह, विशेष गृह, सुरक्षा स्थल एवं बाल गृहों का निर्माण सात वर्षों में भी न होने पर नाराजगी जताई। इस लापरवाही पर आयोग ने संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर कड़ी टिप्पणी की है। आयोग के सामने पेश की गई एक रिपोर्ट के अनुसार तीन जिलों में निर्माण कार्य प्रगति पर हैं, लेकिन गुरुग्राम जिला प्रशासन सात वर्षों में बाल गृह के लिए जमीन तक चिह्नित नहीं कर पाया। महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ-साथ पीडब्ल्यूडी (भवन एवं सडकें) विभाग की लापरवाही इस मामले में सामने आई है। आयोग को पेश की गई रिपोर्ट में बताया गया है कि हिसार के बाल गृह के लिए 34 करोड़ 34 लाख से अधिक की राशि जारी हो चुकी है। मानवाधिकार आयोग ने गुरुग्राम जिला प्रशासन को इसलिए फटकार लगाई है क्योंकि यहां जमीन का चयन ही नहीं हो पाया है। सात वर्षों में भी जमीन चिह्नित नहीं किए जाने को आयोग ने लापरवाही माना है। रिपोर्ट में गुरुग्राम प्रशासन ने कहा कि कादरपुर गांव की भूमि उपयुक्त नहीं मिली। इसी वजह से बाल गृह परियोजना को लेकर अभी तक भी कोई प्रस्ताव नहीं है।

## हाईकोर्ट के आदेश का पालन करे पंजाब सरकारः कुमारी सैलजा



**हस्तक्षेप ना करें**

□ भाखड़ा नंगल बांध के कंट्रोल रूम के संचालन में हस्तक्षेप नहीं कर सकती राज्य सरकारें

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि पंजाब सरकार को अब तो कम से कम पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हुए हरियाणा के लिए 4500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़ने चाहिए। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि बांध की सुरक्षा के नाम पर उसके संचालन में बाधा डालना स्वीकार्य नहीं है। पंजाब को केंद्र के आदेश मानने होंगे। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि पानी पर राजनीति नहीं होनी चाहिए, समझौते के अनुसार हरियाणा का उसके हिस्से का पानी मिलना चाहिए। कुमारी सैलजा ने हरियाणा के किसानों को राहत देने की दिशा में केंद्र सरकार से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। कुमारी सैलजा ने कहा कि दो मई को हुई बैठक के आलोक में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि हरियाणा को अतिरिक्त 4500 क्यूसेक कृषि जल तत्काल छोड़ा जाए। हरियाणा के किसान लंबे समय से जल संकट झेल रहे हैं। अब जब उच्च न्यायालय का स्पष्ट आदेश आ चुका है, तो इस पर टालमटोल करने का कोई औचित्य नहीं है। यह समय है जब केंद्र सरकार आगे आए और हरियाणा को उसका जल अधिकार दिलवाए। कुमारी सैलजा ने कहा कि पानी को लेकर अभी तक पंजाब सरकार का रवैया सहयोगात्मक नहीं रहा है, वह हरियाणा को एक बूंद पानी न देने की जिद पर अड़ा हुआ है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि बीबीएमबी कही पानी हरियाणा के लिए न छोड़ दे एक मई को पंजाब पुलिस द्वारा कथित रूप से भाखड़ा नंगल बांध के कंट्रोल रूम पर नियंत्रण लेने की घटना ने स्थिति को और जटिल बना दिया। बीबीएमबी ने इसे अपने अधिकारों में अवैध हस्तक्षेप करार देते हुए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि पंजाब बांध पर पुलिस की तैनाती सुरक्षा के लिहाज से जारी रख सकता है लेकिन बीबीएमबी के कार्य में हस्तक्षेप से परहेज करे। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बांध की सुरक्षा के नाम पर उसके संचालन में बाधा डालना स्वीकार्य नहीं है। पंजाब को केंद्र के आदेश मानने होंगे। कुमारी सैलजा ने कहा कि कोर्ट ने पंजाब को यह भी आदेश दिया कि वह भारत सरकार के गृह सचिव की अध्यक्षता में दो मई को हुई बैठक के निर्णय का पालन करे, जिसमें हरियाणा के लिए 4500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोडने का फैसला हुआ था।

# अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगाः डीसी अजय सिंह तोमर

**बैठक**

**उपायुक्त वीरवार को अवैध खनन के तहत अपने कार्यालय में सम्बन्धित अधिकारियों की एक बैठक ले रहे थे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले में अवैध खनन किसी भी सूरत मे बर्दाशत नहीं किया जाएगा। अवैध खनन को रोकने के दृष्टिगत जिन विभागों को जिम्मेवारी सौंपी गई है वे सभी सम्बन्धित विभाग तत्परता से कार्य करते हुए जो भी अवैध खनन करता है या उसमें संलिप्त पाया जाता है उसके खिलाफ तुरंत नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाएं। उपायुक्त वीरवार को अवैध खनन के तहत अपने कार्यालय में सम्बन्धित अधिकारियों की एक




बैठक ले रहे थे।
उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अवैध खनन की गतिविधियों पर पूरी तरह से लगाम लगे, इसके तहत टीमें भी गठित की गई हैं। यह टीमें फिल्ड में रहकर पैनी नजर रखते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। जो भी कार्रवाई उन द्वारा अमल में लाई जाए उसकी विस्तृत रिपोर्ट हर माह उपायुक्त कार्यालय में देना सुनिश्चित करें। इस मौके पर उपायुक्त ने अवैध खनन के तहत किस-किस विभाग द्वारा क्या-क्या कार्रवाई की गई है उसकी भी विस्तार से समीक्षा की। जिला खनन अधिकारी गुरजीत सिंह ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि अप्रैल माह में अवैध खनन के तहत 17 वाहन पकड़े गए है जिसमें से 9 वाहनों पर जुमार्ने के तौर पर 31 लाख 31 हजार 200 रूपए की राशि उनसे वसूली गई है तथा 11 एफआईआर दर्ज करने का काम भी किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि मई माह में अभी तक 12 वाहनों को पकड़ा गया है जिनमें जुमार्ने के तौर पर 4 लाख 30 हजार रूपए की राशि वसूली गई है।
उन्होंने यह भी बताया कि अवैध खनन के तहत माईनिंग विभाग, आरटीए विभाग, पुलिस विभाग, इन्फोरसमैंट विभाग द्वारा निरंतरता में कार्रवाई की जा रही है।
उपायुक्त ने बैठक में यह भी कहा कि प्रदेश सरकार के स्पष्ट निर्देश है कि अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं होगा। इसको ध्यान में रखते हुए सम्बन्धित सभी विभाग तत्परता से कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने माईनिंग विभाग के अधिकारियों को भी कहा कि वे भी माईनिंग से सम्बन्धित जो भी अवैध खनन गतिविधि है उस पर लगाम लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक में चर्चा उपरांत संग्राणी में नाका लगाने के निर्देश दिए, साथ ही हिमाचल से टोका साहिब गुरूद्वारा के नजदीक भी अवैध खनन को रोकने के दृष्टिगत निर्देश दिए।
उन्होंने यह भी कहा कि रात के समय नाकों पर माईनिंग विभाग का, आरटीए विभाग का, वन विभाग का और जीएसटी सेल्स का भी एक-एक कर्मचारी की डयूटी लगाएं ताकि अवैध खनन पर पूरी तरह से लगाम कसी जा सके। उन्होंने आरटीए विभाग से भी अवैध खनन को रोकने के दृष्टिगत जो कार्रवाई की जा रही है उसकी भी समीक्षा की और कहा कि वे भी सप्ताह में दो दिन नारायणगढ़ क्षेत्र में टीमें गठित करते हुए फिल्ड में रहकर जो भी अवैध वाहन या ओवरलोडिंग होती हे उस पर नकेल कसें। प्रदूषण बोर्ड विभाग के अधिकारियों से भी उन्होंने स्क्रीनिंग प्लांट के विषय पर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि जिले में अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं होगा।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर हेल्थ चेकअप, सीपीआर अवेयरनेस, रक्तदान शिविर व रैली का आयोजन

**रेडक्रॉस दिवस**

**सर जीन हेनरी ड्यूना को पुष्प अर्पित कर रेडक्रॉस दिवस मनाने का कार्यक्रम आरंभ किया गया।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस अध्यक्ष उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में वीरवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। इस मौके पर रेडक्रॉस द्वारा हेल्थ चेकअप कैंप, सीपीआर अवेयरनेस कैंप, विश्व रेडक्रॉस थीम मानवता के पक्ष में, पर रैली तथा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।
कुलबीर मलिक ने बताया कि सर जीन हेनरी ड्यूना को पुष्प अर्पित कर रेडक्रॉस दिवस मनाने का कार्यक्रम आरंभ किया गया। विश्व रेडक्रॉस के फाउंडर सर जिन हेनरी ड्यूना का जन्म 8 मई



1828 को जिनेवा स्विट्जरलैंड में हुआ था, उनके जन्मदिन को ही पूरे विश्व में विश्व रेडक्रॉस दिवस के रूप में हर वर्ष मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इसी उपलक्ष्य में आज जिला रेडक्रॉस द्वारा एक हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया, जिसमें 60 व्यक्तियों का चेकअप किया गया और उन्हें रेडक्रॉस द्वारा रिफ्रेशमेंट भी प्रदान की गई। एक सीपीआर अवेयरनेस कैंप में लगभग 100 लोगों को सीपीआर की ट्रेनिंग देकर जागरूक किया गया व एक रैली विश्व रेडक्रॉस थीम मानवता के पक्ष में पर निकाली गई।
उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस कार्यालय में एक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें 44 युवाओं ने रक्तदान के लिए पंजीकरण करवाया। रक्तदान शिविर में ना केवल स्वयंसेवक बल्कि रेडक्रॉस स्टाफ व महिलाओं द्वारा भी रक्तदान किया गया, जिनमें उनके व राजपाल चौधरी द्वारा 36वीं बार, विजय द्वारा 5वीं बार तथा सपना ने दूसरी बार रक्तदान कर युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूकता भरा संदेश दिया।
डॉ. संजय वर्मा इंचार्ज ब्लड बैंक सिविल हॉस्पिटल के नेतृत्व में टीम द्वारा रक्त एकत्रित किया गया। इसी कड़ी में रेडक्रॉस द्वारा 3 दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर व कृत्रिम अंग उपलब्ध करवाए गए।

# पूर्व सांसद संजय भाटिया ने लिया सांसद खेल प्रतियोगिता की तैयारियों का जायजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल लोकसभा से पूर्व सांसद संजय भाटिया ने कर्ण स्टेडियम में सांसद खेल प्रतियोगिता समारोह को भव्य रूप प्रदान करने हेतु सभी व्यवस्थाओं एवं इसकी तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर के अतिरिक्त विधायक जगमोहन आनंद, नीलोखेड़ी विधायक भगवानदास कबीरपंथी, मेयर रेणुबाला गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि कविन्द्र राणा एवं एसडीएम अनुभव मेहता भी मौजूद रहे।
संजय भाटिया ने कहा कि खेल भावना को प्रोत्साहित करने और युवा प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में यह एक सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र



मोदी की सोच है कि हर वर्ष इस तरह की सांसद खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। प्रधानमंत्री की सोच अनुसार ऐसे प्रतियोगिता के प्रथम वर्ष में ऐसे खेल को चुना गया, जो कि गांव की मिट्टी में खेला जाता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हमने कबड्डी और खो-खो को इसके लिए चुना है, मगर भविष्य में इन प्रतियोगिताओं में अन्य खेलों को भी शामिल किया जाएगा।
उन्होंने बताया कि सांसद खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ 5 मई को पानीपत से हुआ था और इसका समापन 11 मई को करनाल के कर्ण स्टेडियम में होगा। इस प्रतियोगिता में विजेता टीमों को प्रथम पुरस्कार में नकद 51000 रुपए, द्वितीय स्थान में रहने वाली टीम को 31000 रूपए एवं तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों को 21000 रुपए नकद एवं सभी टीमों के खिलाडि?ों को मैडल शील्ड व टी शर्ट भी दी जाएंगी।

# चोरो ने दो दुकान को बनाया अपना निशाना जेवरात व नकदी की चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** सतनाली क्षेत्र से अज्ञात चोरों ने दो दुकानों को अपना निशाना बनाया हैं। चोर ज्वैलर्स की दुकान के शटर का ताला तोड़कर एक किलो नौ सौ बीस ग्राम चांदी चोरी करके ले गए हैं। इसके अलावा एक किरयाणा की दुकान से भी सामान चोरी करके ले गए हैं। पीड़ित दुकानदारों ने सतनाली पुलिस थाने मेंि शकायत देकर चोर को पकड़ने व जेवरात बरामद करने की मांग की हैं। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।
पुलिस को यह दी शिकायत
सतनाली निवासी चंद्रभान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने सतनाली कस्बे में नवीन ज्वैलर्स के नाम से दुकान कर रखी है। बीती छह मई की शाम करीब छह बजे अपनी दुकान को अच्छी तरह से ताला लगाकर बंद करके अपने घर गया था।

# सीजेएम ने किया नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने वीरवार को सिविल अस्पताल में स्थापित नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण किया।
निरीक्षण के दौरान नशा मुक्ति केंद्र में 6 मरीज भर्ती मिले। सीजेएम ने उनसे बातचीत की और नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। उन्होंने मरीजों को नशा मुक्ति केंद्र में इलाज करवाने पर प्रोत्साहित किया और मन से नशे को न कहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जब भी नशे की तलब हो वो अपने परिवारजनों और बच्चों का चेहरा याद करें, जिससे उन्हें नशा मुक्त होने में मदद होगी। इसके अलावा उन्होंने मरीज के साथ उपस्थित उनके परिवार के सदस्यों से भी बातचीत की और उनका आवश्यक मार्गदर्शन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### एजिलेंट ने मानेसर में इंडिया सॉल?यूशन सेंटर का उद्घाटन किया

**मानेसर।** वैज्ञानिक उपकरण और समाधानों की अग्रणी वैश्विक कंपनी एजिलेंट ने आज मानेसर स्थित अपने लीड प्लैटिनम प्रमाणित कार्यालय में पहले इंडिया सॉल्यूशन सेंटर का उद्घाटन किया। यह अत्याधुनिक केंद्र भारत को एक नवाचार-प्रधान और तेजी से बढ़ते बाजार के रूप में देखते हुए कंपनी की दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े वरिष्ठ विशेषज्ञों और नीति-निर्धारकों ने भाग लिया और सेंटर की क्षमताओं का प्रत्यक्ष अनुभव किया। भारत में मोटापा, टाइप 2 डायबिटीज जैसी बीमारियों में वृद्धि और खाद्य व पर्यावरणीय सुरक्षा को लेकर सख्त नियमों के चलते अब स्थानीय और उन्नत वैज्ञानिक समाधानों की मांग तेजी से बढ़ी है। एजिलेंट का यह सेंटर जीएलपी - 1 विश्लेषण, खाद्य एवं पर्यावरण प्रदूषण की पहचान और पीएफएएस डिटेक्शन जैसे क्षेत्रों में संपूर्ण और कस्टमाइज्ड समाधान उपलब्ध कराएगा।



एजिलेंट के चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर जोनाह किर्कवुड ने कहा, भारत हमारे लिए एक रणनीतिक और अत्यंत महत्वपूर्ण बाजार है, और हम मानेसर में अपने अत्याधुनिक सॉल्यूशन सेंटर की शुरूआत कर बेहद उत्साहित हैं। यह सुविधा हमारे भारतीय ग्राहकों को वैज्ञानिक और स्वास्थ्य संबंधी प्रमुख चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक संसाधन और सहयोग प्रदान करेगी। हम सैंपल तैयार करने से लेकर तेज और सटीक परिणामों की रिपोर्टिंग तक विशेष रूप से डिजाइन किए गए समग्र वर्कफ्लो उपलब्ध करा रहे हैं। इसका उद्देश्य लैब की कार्यक्षमता बढ़ाना, ऑटोमेशन को बढ़ावा देना और टिकाऊ, पर्यावरण-अनुकूल प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करना है। हमारा लक्ष्य है कि भारतीय लैब्स अपने वैज्ञानिक, वित्तीय और स्थिरता से जुड़े लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से प्राप्त कर सकें। मानेसर स्थित यह 12,500 वर्ग फीट में फैला सॉल्यूशन सेंटर एनालिटिकल वर्कफ्लो और नवाचारों के विकास के साथ-साथ प्रूफ-ऑफ-कॉन्सेप्ट डेमो, सहयोगी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध कराता है। इस सेंटर में क्रोमैटोग्राफी, मास स्पेक्ट्रोमेट्री, स्पेक्ट्रोस्कोपी, जीनोमिक्स, सेल एनालिसिस और लैब इन्फॉर्मेटिक्स के लिए अलग-अलग समर्पित क्षेत्र बनाए गए हैं।

### फिल्म भूल चूक माफ से सॉन्ग टिंग लिंग सजना रिलीज किया

**नई दिल्ली।** अपनी शानदार फिल्म भूल चूक माफ से अब तक कोई ना, चोर बाजारी फिर से और सांवरिया तेरा जैसे बेहतरीन गाने रिलीज करने के बाद दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स और सोनी म्यूजिक ने एक और दमदार गाना टिंग लिंग सजना रिलीज किया है। फिल्म भूल चूक माफ का सभी दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इसी फिल्म का यह नया रिलीज गाना बैचलर पार्टी के हिसाब से एकदम फिट है और इस साल इसके सभी पार्टी प्लेलिस्ट में रहने की पूरी संभावना है। फिल्म में रंजन तिवारी (राजकुमार राव) की बैचलर पार्टी के लिए तैयार किए गए इस गाने टिंग लिंग सजना में धनश्री वर्मा बेहतरीन डांसर के तौर पर नजर आएंगी। धड़कते बीट्स और शानदार कोरियोग्राफी की वजह से यह गाना इन दोनों ही कलाकारों के बीच की केमेस्ट्री को बहुत ही अच्छे से पेश करता है। प्रतिभाशाली निर्देशक करण शर्मा निर्देशित और मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले दिनेश विजान प्रोड्यूस भूल चूक माफ में राजकुमार राव, वामिका गब्बी मुख्य भूमिकाओं में हैं। ये दोनों ही कलाकार रंजन तिवारी और तितली मिश्रा का किरदार निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म में हंसी-ठहाके, रोमांस और अफरा-तफरी के सहारे बेहतरीन मनोरंजन को बुना गया है। यह फिल्म सभी जगह 9 मई 2025 को रिलीज हो रही है।

# आईटीआई में हुआ मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन




**जागरूकता**

**उन्होंने बताया कि शिविर आयोजन का मुख्य लक्ष्य स्वास्थ्य के प्रति चेतना तथा जागरूकता फैलाना था**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** आईटीआई के प्राचार्य राकेश भाटिया ने बताया कि संस्थान के कैंपस में एक निजी अस्पताल की ओर से प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के सभी कर्मचारियों सहित इन्द्री व महिला आईटीआई के कर्मचारियों ने भाग लिया व रक्त जांच करवाई।
उन्होंने बताया कि शिविर आयोजन का मुख्य लक्ष्य स्वास्थ्य के प्रति चेतना तथा जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर डॉ. आबिद, सुमित सैनी, सुशील शर्मा, सुनील तथा आईटीआई के सभी कर्मचारी, प्राचार्य, अधीक्षक व निरीक्षक मौजूद रहे।

# समाधान शिविर में डीसी ने सुनी आमजन की समस्याएं

**शिविर**

**अभी तक 4157 शिकायतें प्राप्त हुई है जिनमें से 3767 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने उपायुक्त कार्यालय मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए आमजन की समस्याएं सुनी और सम्बंधित अधिकारियों को उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ एडीसी डा. ब्रहमजीत सिंह व नगराधीश अभिषेक गर्ग मौजूद रहे। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए कहा कि समाधान शिविरों में लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के दृष्टिगत कार्य किए जा रहे



हैं। लोगों के लिए यह समाधान शिविर काफी लाभदायक भी सिद्ध हो रहे हैं। कोई भी व्यक्ति जिला स्तर पर उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को इन समाधान शिविरों में अपनी शिकायतों को रखकर अपनी समस्या का हल करवा सकता है। समाधान शिविर में एक ही छत के नीचे सभी अधिकारी मौजूद रहते हैं और जिला प्रशासन का भी पूरा प्रयास रहता है कि प्रार्थी की समस्या का मौके पर ही समाधान किया जाए।
उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि समाधान शिविरों के तहत अभी तक 4157 शिकायतें प्राप्त हुई है जिनमें से 3767 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। शेष बची 131 शिकायतों का निपटान करने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। शिकायतों का निपटान करने का प्रतिशत 92.25 है। उपायुक्त ने इस मौके पर सभी सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी कहा कि लोगो की समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए उनका तय सीमा में जल्द निपटान करना सुनिश्चित करें। समाधान शिविर लगाने का उदेश्य लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर तीव्रता से समाधान करवाना है।
समाधान शिविर के तहत आज कुल 6 शिकायतें रखी गई जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर निपटान कर दिया गया तथा अन्य एक अन्य शिकाय को सम्बन्धित विभाग को मार्क करते हुए सम्बन्धित विभाग को निपटान करने के निर्देश दिए गए। यहां बता दें समाधान शिविर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजें से दोपहर 12 बजें तक आयोजित किए जा रहें है।
इस मौके पर नगराधीश अभिषेक गर्ग, इंस्पैक्टर राकेश मणी, जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य साहब सिंह मोहडी के साथ- साथ विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहें।

# मोहिनी एकादशी का व्रत करने से शांति, उन्नति और पापों से मिलती है मुक्तिः पांडे

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में मोहिनी एकादशी बड़े ही श्रद्धा व धूमधाम के साथ मनाई गई। एकादशी पर मंदिर व बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया और महकाया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से लेकर शाम तक मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा।
एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर में कीर्तन का आयोजन भी किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर कीर्तन का आनंद उठाया। कीर्तन के दौरान हुए गुणगान के माध्यम से



श्रद्धालुओं को मोहिनी एकादशी महत्व बताया गया। मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर कमेटी की ओर से मोहिनी एकादशी के अवसर पर ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई।
पंडित दीपक पांडे ने बताया कि वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मोहिनी एकादशी मनाई जाती है। यह एकादशी भगवान विष्णु से जुड़ी हुई है और विशेष रूप से उनकी मोहिनी अवतार की कथा से संबंधित है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मोहिनी एकादशी के दिन ही भगवान विष्णु ने मोहिनी अवतार लिया था, जो एक आकर्षक महिला रूप में प्रकट हुए थे। मोहिनी का रूप इतना सुंदर था कि देवता और राक्षस भी इस रूप को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए थे। उन्होंने बताया कि इस दिन भगवान विष्णु के इस मोहिनी रूप से जुड़ी कई कथाएं भी प्रचलित हैं। एक कथा के अनुसार, भगवान विष्णु ने इस रूप में देवताओं और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन में अमृत कलश को देवताओं के बीच बांटने में सहायता की थी।
मोहिनी एकादशी पर विशेष पूजा-अर्चना करने से व्यक्ति के जीवन में सुख समृद्धि और भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है।दीपक पांडे ने कहा कि मोहिनी एकादशी का व्रत करने से जातक को मानसिक शांति, आध्यात्मिक उन्नति और अपने पापों से मुक्ति मिलती है। मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि श्री खाटू श्याम मंदिर में हर एकादशी पर भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर राजेश गर्ग, एमके गुप्ता, अनिल गर्ग, रामकरण गोयल, अशोक सिंघला, पवन गुप्ता, राजेश सिंघला व हरीश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में साइबर जागरूकता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** पठानकोट पुलिस महानिरीक्षक अंबाला मंडल श्री पंकज नैन के नेतृत्व एवं कमिश्नर पुलिस महानिरीक्षक अंबाला मंडल श्री शत्रुजीत सिंह कपूर के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र पुलिस ने रविवार को श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में साइबर जागरूकता अभियान की जिम्मेदारी संभाली। अभियान के तहत आम नागरिकों को अपराधियों से बचाने के बारे में सलाह दी गई और अपराधियों से मुक्ति के उपाय बताए गए। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता



ने बताया कि कार्यक्रम में काफी संख्या में आम नागरिकों , पुलिस कर्मचारियों ने भाग लिया। साइबर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान साइबर हमले से बचाव के बारे में विशेष जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति को कॉल करके अपने बैंक खाते/कैडिट/डेबिट कार्ड की जानकारी साझा न करें। अपने फेसबुक, व्हाट्सएप का पासवर्ड समय-समय पर बदल रहे हैं। किसी भी व्यक्ति का वीडियो कॉल ना करें, किसी से भी शेयर ना करें।
बिना जानकारी के लालच में ऑनलाइन खरीदें सामान को ना भेजें। पुलिस में वीडियो कॉल करके डिजिटल आराम करने वालों से ना डरें।

## संपादकीय

# जो कहा वो किया - ऑपरेशन सिंदूर

अप्रैल 22, 2025 पहलगाम में 26-निहत्थे निर्दोष हिन्दुओं की धर्म पूछकर हत्या से पूरा देश आहत था। दुख और क्रोध दोनों चरम पर थे। गृहमंत्री अमित शाह समाचार मिलते ही घटनास्थल पर पहुंच गए। प्रधानमंत्री अपनी विदेश यात्रा संक्षिप्त कर स्वदेश लौटे। अगले ही दिन मधुबनी रैली में घोषणा की, इस बार ऐसा दंड मिलेगा जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी, इस संकल्प को उन्होंने अपने मन की बात कार्यक्रम में दोहराया। गृहमंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री के संकल्प को बल देते हुए कहा, हम एक - एक आतंकी को चुन- चुन कर मारेंगे और अंत में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि ये मेरा उत्तरदायित्व है कि देशवासी जो कुछ चाहते हैं वह सब कुछ मोदी सरकार में होकर रहेगा। इन वक्तव्यों के पीछे सरकार और सेना के सभी संकल्पबद्ध राष्ट्रभक्त सामरिक और रणनीतिक तैयारियां कर रहे थे। पहलगाम की आतंकी घटना के पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना को सही समय, सही स्थान और सही लक्ष्य चुन कर सटीक वार करने की छूट दे दी थी। भारतीय सेना ने 6-7 मई 2025 की मध्यरात्रि को अपने पराक्रम का प्रदर्शन करके हर भारतीय का मस्तक गर्व से ऊंचा कर दिया। आज हर भारतीय नागरिक अपनी सेना के साहस को प्रणाम कर रहा है और सेना के साथ खड़ा है। जैसे ही ऑपरेशन सिंदूर के सफलतापूर्वक लांच होने की सूचना आई रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर लिखा भारत माता की जय और उसके बाद भारत ही नहीं अपितु पूरे विश्व में ऑपरेशन सिंदूर ट्रेंड करने लगा। भारत पाक सीमा तथा पीओके पर 9 आतंकी ठिकानों को तबाह होते ही देश के अनेक हिस्सों में उत्साह का वातावरण बन गया।

लम्बे विचार विमर्श और तैयारियों, कूटनीतिक पक्ष को साधने के साथ सटीक रणनीति का उपयोग करते हुए आपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय सेना ने पक्के सबूतों के साथ पाकिस्तान और गुलाम जम्मू -कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों पर हमला कर उन्हें तबाह कर दिया। भारत ने पंजाब प्रांत के बहावलपुर जैश -ए -मोहम्मद के संस्थापक मसूद अजहर के ठिकाने पर जोरदार मिसाइल अटैक किया जिससे मसूद अजहर के परिवार के 14 सदस्यों के मारे जाने की खबर आ रही है। पाकिस्तानी सेना के चीन में बने एचक्यू -9 एयर डिफेंस सिस्टम को चकमा देते हुए भारतीय सेना ने 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके भारत के सभी दुश्मनों को साफ संदेश दिया है कि अगर कोई उसे छेड़ेगा तो वह अब घर में घुसकर मारेगा। यह नया भारत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार देश के दुश्मनों को उसी भाषा में जवाब दे रही है जो भाषा वो समझते हैं । भारत को परमाणु हमले की धमकी देने वाले फिलहाल किसी बिल में छुपे हैं और अपने देशवासियों को कुछ बता पाने की स्थिति में ही नहीं रह गये हैं। जिन आतंकियों ने पहलगाम में निदोर्षों की हत्या करते समय उनकी पत्नियों या परिजनों से कहा था कि हम तुमको नहीं मारेंगे, जाओ मोदी को जाकर बता दो उनको प्रधानमंत्री मोदी ने बता दिया है कि वो सुन चुके हैं । उत्तर इतना तगड़ा और सधा हुआ दिया है कि आज पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठन, सेना व वहां की खुफिया एजेंसी आईएसआई हैरान हैं।

# युद्ध से भी शांति आती है, पाकिस्तान का अंत तय



**आचार्य श्रीहरि**

> शांति युद्ध से भी आती है। विभिन्न समस्याओं का समाधान भी युद्ध है। अहिंसा सर्वोपरि सिद्धांत है पर अहिंसा के बल पर सभी समस्याओं और विकृतियों और जटिलताओं का समाधान संभव नहीं है। एक कहावत भी है कि लतखोर के सामने बात की कोई कीमत नहीं होती, लात के भूत बात से नहीं मानते। अगर लतखोर और लात के भूत बात से मान लेते और सभ्य और अहिंसा के पुजारी बन जाते तो फिर थाने-पुलिस की कोई जरूरत ही नहीं होती, सेना रखने की अनिवार्यता ही नहीं होती, जेल बनाने की आवश्यकता ही नहीं होती। दुनिया असभ्य, हिंसक और लतखोर लोगों को नियंत्रित करने के लिए थाने बनायी, जेल बनायी, पुलिस की व्यवस्था बनायी, अपने देश की सुरक्षा के लिए सेना की व्यवस्था बनायी। दुनिया आज जो शांति का अनुभव करती है चैन की सांस लेती है

**युद्ध** की अनिवार्यता पर फिर बहस चली है। पाकिस्तान के आतंकवाद, हिंसा और आक्रमण ने युद्ध की अनिवार्यता को जन्म दिया है। नरेन्द्र मोदी ने प्रतिकार के अधिकार का प्रयोग किया और पाकिस्तान को सबक सिखाया। पाकिस्तान पर एयर हमला कर आतंकवादी संगठनों और उनके ठिकानों का संहार किया और उनकी हिंसा का उन्हीं की भाषा में जवाब दिया। अब भारत और पाकिस्तान के बीच हिंसा, प्रतिहिंसा ही नहीं बल्कि युद्ध जारी रहेगा। निर्दोष लोगों का खून करने वालों, मानवता का संहार करने वालों, रक्तपिशाचुओं को क्या यह कहने का अधिकार है कि प्रतिहिसा नहीं होनी चाहिए, प्रतिहिंसा और युद्ध में निर्दोष लोगों का खून नहीं होना चाहिए, बातचीत से विवाद और हिंसा को निपटाया जाना चाहिए? इस्राइल का सिद्धांत है कि हमारा मिसाइल वहीं मार करेगा जहां पर आतंकी रहते हैं, इनके संरक्षणकर्ता रहते हैं। अगर अपने आप को निर्दोष कहने वाले लोग आतंकी को संरक्षण देंगे तो फिर प्रतिहिंसा में उनका संहार भी होगा। इसलिए पाकिस्तान को युद्ध से बचना है तो आतंकी रखना और संरक्षण देना बंद करना होगा।

शांति युद्ध से भी आती है। विभिन्न समस्याओं का समाधान भी युद्ध है। अहिंसा सर्वोपरि सिद्धांत है पर अहिंसा के बल पर सभी समस्याओं और विकृतियों और जटिलताओं का समाधान संभव नहीं है। एक कहावत भी है कि लतखोर के सामने बात की कोई कीमत नहीं होती, लात के भूत बात से नहीं मानते। अगर लतखोर और लात के भूत बात से मान लेते और सभ्य और अहिंसा के पुजारी बन जाते तो फिर थाने-पुलिस की कोई जरूरत ही नहीं होती, सेना रखने की अनिवार्यता ही नहीं होती, जेल बनाने की आवश्यकता ही नहीं होती। दुनिया असभ्य, हिंसक और लतखोर लोगों को नियंत्रित करने के लिए थाने बनायी, जेल बनायी, पुलिस की व्यवस्था बनायी, अपने देश की सुरक्षा के लिए सेना की व्यवस्था बनायी। दुनिया आज जो शांति का अनुभव करती है, चैन की सांस लेती है, रात में चिंता मुक्त होकर नींद लेती है इसके पीछे सिर्फ और सिर्फ थाने, पुलिस, सेना और जेल की व्यवस्थाएं हैं, डर है। अगर ये व्यवस्थाएं नहीं होती तो फिर क्या होता? निश्चित मानिये कि दुनिया अराजक



हो जाती, अमानवीय हो जाती, कबीले में तब्दील हो जाती, जिसकी लाठी उसकी भैंस में तब्दील हो जाती, कमजोर की कोई आवाज नहीं होती, कमजोर का कोई अधिकार नहीं होता, कमजोर सिर्फ और सिर्फ गुलाम होते, शक्तिशाली के रहमोकरम पर जिंदा रहने के लिए मजबूर होते। सिर्फ बलवान ही राज करते, सभी सुविधाएं बलवानों के हाथों में होती, समानता का अधिकार गौण हो जाता, समानता की बात करने वाले हिंसा की आग में जलकर राख हो जाते।

अहिंसा के सिद्धांत के उपर मेरा एक सिद्धांत पर आप देख सकते हैं। मैं अहिंसा को खारिज नहीं कर रहा हूं पर मैं अहिंसक होते हुए भी प्रतिकार की हिंसा को उपर रखता हूं। अहिंसा का सिद्धांत सनातन की समृद्धि है, विरासत है, धरोहर है, प्रतीक है। जिसे समय-समय पर विख्यात लोगों ने अपनाया और मार्गदर्शक बनाया। हम यहां दो महापुरूषो को उदाहरण के तौर पर देख सकता हूं। एक महात्मा बुद्ध और दूसरा महात्मा गांधी। अहिंसा परमो धर्मो महात्मा बुद्ध का उपदेश और सिद्धांत है। महात्मा बुद्ध कहते थे कि अहिंसा से बडा कोई धर्म नहीं है, अहिंसा से ही मानव कल्याण संभव है, मुक्ति का मार्ग है। पर महात्मा बुद्ध खुद परजीवी थे और प्रैक्टिकली रॉग थे। मांस हिसा का प्रतीक होता है, मांस किसी भी जीव की हत्या कर ग्राह बनाया जाता है। महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन काल में भीक्षा के रूप में मांस का भोजन स्वीकार किया था, जिसके स्वरूप उन्हें पेचीश हुई और उनकी मृत्यु हो गयी। उस काल में महात्मा बुद्ध के अहिंसा के सिद्धांत सर्वग्राह बन चुका था, सर्वमान्य बन चुका था, जनता का प्रतीक बन चुका था। सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि राज का धर्म भी बन गया। रक्त पिशाचु , घृणा और हिंसा के प्रतीक, आताततयी अशोक ने कलिंग के उपर हमला कर नरसंहार करने के बाद बौद्ध धर्म का अनुआयी और प्रतीक बन गया, बौद्ध धर्म का प्रचारक बन गया। हिंसा और युद्ध के प्रतीक युद्ध से मुंह मोड लिया गया, युद्ध को निषेघ घोषित कर दिया गया। युद्ध को मानवता विरोधी घोषित कर दिया गया। इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि राज सत्ता युद्ध विरोधी हो गयी, सुरक्षा और सम्मान के लिए अनिवार्य सिद्धांत का हनन हुआ। यानी कि सेना की अनिवार्यता समाप्त कर दी गयी। युद्ध कला विलुप्त हो गयी। युद्ध कला के निपुण लोग सन्याषी बन गये। कभी हिंसक अशोक महान हो गया और बौद्ध धर्म का प्रचारक बन गया। दुष्परिणाम कितना घातक बन गया, इसकी विभीषिका कितनी घातक बन गयी, यह भी देख लीजिये। भारत पर मुगलों का आक्रमण, अन्य विदेशियों का आक्रमण का सिलसिला चल निकला, विदेशी मलेच्छों और आतंकी मानसिकता के रक्तपिशाचुओं से भारत के राजा-महाराजा पराजित होने लगे, कुछ ने युद्ध के पहले ही हथियार डाल दिये तो कुछ ने युद्ध में बिना वीरता दिखाये ही पराजित हो गये। जनता भी युद्ध विरोधी थी, इसलिए विदेशी मलेच्छों के आक्रमण का प्रतिकार करने की वीरता नहीं दिखा सकी। गिनती के कुछ घुडसवार मुस्लिम आक्रमणकारी आते हैं और नालंदा विश्वविद्यालय के दस हजार से अधिक छात्रों पर विजयी प्राप्त कर लेते हैं, उन्हें गाजर मूली की तरह काट देते हैं, नालंदा विश्वविद्यालय को जला कर राख कर देते हैं, नालंदा विश्वविद्यालय उस समय दुनिया का इकलौता प्रसिद्ध विश्वविद्यालय था जहां पर दस हजार छात्र गुरूकुल के रूप में शिक्षा ग्रहण करते थे। नालंदा विश्वविद्यालय के छात्र अहिंसा के प्रतीक थे और महात्मा बुद्ध के अनुआयी थे, इन्हें प्रतिकार का सिद्धांत नहीं समझाया गया था, इन्हें हिसंक लोगों से आत्मरक्षा के अधिकार को लेकर शिक्षित नहीं किया गया था। अगर इन्हें आत्मरक्षा में युद्ध के सिद्धांत और प्रतिकार में हिंसा के सिद्धांत को सिखाया गया होता तो ये गाजर मूली की तरह नहीं काटे जाते हैं। नालंदा विश्वविद्यालय के छात्र कलछूल और गिलास तथा लोटा लेकर भी प्रतिकार के लिए निकल जाते तो फिर गिनती के कुछ घुडसवार मुस्लिम आताताय़ी मारे जाते और फिर कभी कोई विदेशी आक्रमणकारी नालंदा विश्वविद्यालय तो क्या भारत की ओर आंख उठा कर देखने के पहले सौ बार सोचने के लिए मजबूर होता। पर बुद्ध के हिंसा के सिद्धांत ने नालंदा विश्वविद्यालय का विध्वंस कर दिया, संहार कर दिया, नरसंहार कर दिया। मुस्लिम हमलावरों और अंग्रेजों ने जो भारत पर राज किया उसके पीछे महात्मा बुद्ध के अहिंसा का सिद्धांत ही खलनायक है।

महात्मा बुद्ध की फोटो स्टेट कॉपी थे महात्मा गांधी। महात्मा गांधी भी महात्मा बुद्ध की तरह ही अहिंसा के प्रर्वतक थे। हिंसा के खिलाफ थे, अंग्रेजों के खिलाफ हिंसा के विरोधी थे। पर महात्मा गांधी खुद युद्ध विरोधी मानसिकता पर विसंगतियों का पिटारा और दोमुंहा साप थे। उनकी अहिंसा का सिद्धांत विसंगतियों से भरा पडा हुआ था। वे अंग्रेजों के खिलाफ हिसा का विरोध करते थे पर अंग्रेजों की हिंसा का उन्होंने समर्थन किया था। दूसरे विश्व युद्ध इसका उदाहरण है। दूसरा विश्व युद्ध भी हिसा का उदाहरण था। महात्मा गांधी ने दूसरे विश्व युद्ध में अंग्रेजों का समर्थन किया था और भारतीय सेना को ब्रिटैन की तरफ से दूसरे विश्व युद्ध में शामिल होने का समर्थन दिया था।

## कविता

**ख़्वाब एक सवाल?**
**या जवाबों का बवाल?**

कभी आँखों में पलते हैं, कभी पलकों पे ठहर जाते हैं,
कभी मुकद्दर बनते हैं, तो कभी मुकद्दर से बिखर जाते हैं।
कभी बेखौफ हौसलों का आगाज हैं ख़्वाब,
तो कभी टूटकर भी उम्मीदों की आवाज हैं ख़्वाब।
ख़्वाब एक सवाल?
या जवाबों का बवाल?
किसी के लिए आजादी, तो किसी के लिए जुनून,
किसी की मनमानी, तो किसी का सुकून।
कोई वास्तविकता भुलाने के लिए ख़्वाबों में जीता है,
कोई वास्तविकता को और हसीन बनाने के लिए ख़्वाबों को जीता है।
आखिर क्या हैं ख़्वाब?
क्या है कोई इसका जवाब?
एक सिलसिले की शुरूआत हैं ख़्वाब,
एक नई प्रभात हैं ख़्वाब।
कभी उलझे हुए सवालों की धुंध में रोशनी की एक किरण,
तो कभी मंज़िल के करीब ले जाने वाली अनकही लगन।
कुछ कर पाने की चाहत हैं ख़्वाब,
जो कर न पाए, उन यादों को फिर से जीने की राहत हैं ख़्वाब।
पल भर के ख़्वाब से ख़्वाबों के पल बनाने में, कितने ही पल बीत जाते हैं,
पर इसके पश्चात भी, ख़्वाब कहाँ शांति पाते हैं?
ख़्वाबों में जीने से लेकर, ख़्वाबों को जीने तक का सफर–
यूँ तो इसे तय करने में जमाने बीत जाते हैं,
पर इस नए समय को जी पाने की रौनक, ख़्वाब ही बतला पाते हैं।

**– मेधावी महेंद्र**

## गर्मियों में सौन्दर्य टिप्स–शहनाज हुसैन

**गर्मियां** शुरू हो गई हैं / गर्मी का मौसम आपकी स्किन को नुकसान पहुंचा सकता है/ गर्मी के मौसम में धूप से होने वाली टैनिंग और सनबर्न से तकरीबन हर कोई परेशान रहता है/ धूप से होने वाली टैनिंग से त्वचा काली पड़ जाती है तथा त्वचा में जलन , सनबर्न के लक्षण भी दिखने लगते है और त्वचा में सूजन दिखने लगती है / गर्मियों में चिलचिलाती धूप, प्रदूषण , आद्रता और धूल मिट्टी चेहरे की प्रकृतिक आभा को खत्म कर देती है जिससे त्वचा बेजान दिखाई देने लगती है। दिनों दिन बढ़ रही गर्मी और डिहाइड्रेशन के चलते बार बार पसीना आना, रैशेज और सनबर्न से त्वचा से जुडी अनेक समस्याएं खड़ी हो जाती हैं /

अगर आप चाहती हैं कि गर्मियों में भी आपका चेहरा ग्लो करें तो ग्लोइंग स्किन के लिए कुछ जरूरी टिप्स अपनाने होंगे /

**1 ----- सनस्क्रीन ------**

**इसके** लिए सबसे पहले धूप में बाहर जाने से पहले सनस्क्रीन का इस्तेमाल आपको सनबर्न से बचा सकता है। इसके अलावा चेहरे को ढक कर तेज धूप में बाहर निकलना चाहिए। अगर सम्भव हो तो सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक घर से बाहर निकलने से परहेज करें क्योंकि इस समय आसमान में सबसे ज्यादा गर्मी होती है / गर्मियों में 30 एस पी एफ या इससे ऊपर वाली सनस्क्रीन का इस्तेमाल फायदेमंद होता है। सनस्क्रीन के साथ साथ ऑयली है या नॉर्मल दोनों प्रकार की त्वचा को रूखेपन से बचाने के लिए मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करें । दरअसल इसका प्रयोग न करने से चेहरे की नमी खोने लगती है, जो स्किन में सीबम के स्तर को बढ़ाती है। इससे कील मुहांसों संबधी समस्याओं का खतरा बढ़ता है।

2 ---ग्लिसरीन, शहद और कच्चा दूध--

एक चम्मच ग्लिसरीन, एक चम्मच शहद और एक चम्मच कच्चा दूध लेकर सभी का पेस्ट बना लें / इसे चेहरे पर लगा कर कुछ समय बाद ताजे साफ पानी से धो डालिये / इससे आपकी त्वचा कोमल और मुलायम बनी रहेगी

**3 ------खीरा, पुदीना और डिस्टिल्ड वाटर**

खीरे को 4 या .5 लंबे टुकड़ों में काट लें। डिस्टिल्ड वाटर और पुदीने की पत्तियों के साथ एयर टाइट डिब्बे में पैक करके 1 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। इस पानी को छानकर अलग स्प्रे बॉटल में डाल लें। फ्रिज में स्टोर करें और इस्तेमाल करें। यह मिस्ट भीषण गर्मी में स्किन को कूल और फ्रेश रखेगा। यहां तक की रैशेज और खारिश खुजली से भी आराम दिलाता है।

4 -------

**खीरा और नारियल पानी**

खीरे के 10---.15 पीस को कद्दूकस कर उसका जूस निकाल लें। इसे ठंडा होने के लिए फ्रिज में 20--.25 मिनट के लिए रख दें। इसके बाद इसमें 1 कप के बराबर नारियल पानी मिलाएं और अच्छी तरह से मिक्स करके स्प्रे बॉटल में भर लें।

## विचार

# एक था पाकिस्तान: इतिहास के पन्नों में सिमटता सच

**प्रियंका सौरभ**

**एक** था पाकिस्तान - यह केवल तीन शब्द नहीं हैं, बल्कि यह उन अनगिनत कुर्बानियों, टूटे सपनों और संघर्षों की कहानी है, जो भारतीय सभ्यता के दिल में गहरे तक समाई हुई हैं। जब हम यह वाक्य सुनते हैं, तो न केवल एक भूगोल का जिक्र होता है, बल्कि एक पूरी जड़ें, एक परिवार, एक संस्कृति, और एक सपना जो कभी हमारे अपने हिस्से में था। यह तीन शब्द उस दर्द, उस पीड़ा और उस उम्मीद का प्रतीक हैं जो विभाजन के समय के लाखों नागरिकों के दिलों में जीवित रहे। 1947 का विभाजन महज एक भूगोल का बंटवारा नहीं था। यह दिलों का बिखराव था, यह जड़ों की टूटन थी, यह एक सभ्यता के विनाश का दौर था। उस समय लाखों परिवारों ने अपने घरों को खो दिया, अपने रिश्तों को खो दिया, और अपनी सांस्कृतिक पहचान को भी खो दिया। विभाजन के समय जो नफरत और हिंसा फैली, उसने कई परिवारों को कभी न खत्म होने वाली कड़वाहट दे दी। एक तरफ हिंदू और मुस्लिम एक-दूसरे के दोस्त थे, और दूसरी ओर वे अचानक दुश्मन बन गए, सिर्फ. एक रेखा, एक खींची हुई सीमा, के कारण। अभी भी, विभाजन के समय की वह दर्दनाक यादें हमारे दिलों में कहीं न कहीं बसी रहती हैं। पाकिस्तान के साथ हमारे रिश्ते कभी भी सामान्य नहीं हो पाए। लेकिन क्या हमें हमेशा के लिए इस विभाजन को अपनी सोच और जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए? क्या हम अपनी अगली पीढ़ियों को भी इसी घृणा और नफरत के जाल में फंसा कर रखें? यह विचार हमें बार-बार खुद से पूछने की जरूरत है। नफरत और भेदभाव की दीवारों को गिराना आसान नहीं होता, लेकिन क्या यह संभव नहीं है? अगर हमें वास्तव में एक था पाकिस्तान को एक साकार रूप देना है, तो हमे एकता की भावना को और भी मजबूत करना होगा। हमें यह समझना होगा कि शांति और स्थिरता की असली ताकत हमारी एकता में है, न कि हमारे भूतकाल में। हमें यह भी समझना होगा कि पाकिस्तान केवल एक भूगोल का नाम नहीं है, बल्कि यह भी उन दर्दनाक घटनाओं का गवाह है, जो कभी हमारे देश के हिस्से हुआ करती थीं। लेकिन क्या हमें अपने वर्तमान और भविष्य को उसी पुराने दर्द के आधार पर जीते रहना चाहिए? क्या हम हर कदम पर नफरत के जाल में उलझ कर अपनी असली शक्ति को खो देंगे? यदि हम चाहते हैं कि एक था पाकिस्तान का सपना साकार हो, तो हमें एक ऐसा समाज बनाना होगा जहां हम न केवल अपने सैनिकों की हिफाजत करें, बल्कि अपने भीतर की नफरत को भी कम करें। हमें यह समझने की जरूरत है कि युद्ध और संघर्ष का समाधान नफरत से नहीं हो सकता। यह हमेशा शांतिपूर्ण संवाद और समझ के रास्ते से ही संभव है। क्या हम अपने दिलों में नफरत और द्वेष को जगह देने के बजाय, हर विवाद का हल एकजुटता और समझदारी से नहीं निकाल सकते? हमारे समाज में विभाजन के बाद भी कई सवाल उठते हैं, जिनका जवाब हमें खोजने की जरूरत है। धर्म, जाति और भाषा के नाम पर हमारी पहचान को कैसे बचाएं? भारत एक बहु-सांस्कृतिक देश है, जहां विभिन्न जातियाँ, धर्म, और भाषाएँ एक साथ रहती हैं। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम सभी का समृद्ध इतिहास एक समान है, और विभाजन हमें केवल अलग करने का काम करता है। भारत में धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता ने हमेशा हमें अपनी शक्ति और पहचान दी है, और हमें इसे अपनी एकता की नींव के रूप में स्वीकार करना चाहिए। यह अत्यंत दुखद है कि हम खुद भी आंतरिक बंटवारे का शिकार हो गए हैं। धर्म, जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर जिस तरह से हमारे समाज में घृणा और भेदभाव फैल रहा है, वह हमारे सपनों को कमजोर कर रहा है। अगर हमें एक था पाकिस्तान का सपना साकार करना है, तो हमें खुद के भीतर की नफरत और अंधविश्वास को खत्म करना होगा। क्या हम अभी भी धर्म, जाति और क्षेत्र के आधार पर एक दूसरे से नफरत करेंगे? क्या हम अपने समृद्ध इतिहास और संस्कृति को भूलकर केवल असहमति और घृणा की राजनीति करेंगे? हमारे सैनिक हर दिन अपनी जान की बाजी लगाते हैं ताकि हमारे घरों में शांति बनी रहे।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# मीठा चूरन दिखाकर नीम की चटनी चटाने की कला

**रेखा शाह आर**

अपने देश ने आजादी के बाद से बहुत सारे मुखिया देखे हैं । और आगे भी देखता रहेगा। पर अपने मुखिया निराले हैं। पत्रकार उन्हें जानने समझने सूंघने की भरसक खूब कोशिश करते हैं । लेकिन वह कब क्या करेंगे इस शब्द का 'क' भी नहीं खोज पाते हैं । वह पिछली घटनाओं का आकलन करते हैं मुखिया जी कुछ नया थॉट ही लाकर सामने रख देते है। दिमाग चक्कर घनचक्कर बन जाता है। वह आगे के बारे में कुछ अनुमान लगाते हैं तो पिछला कुछ एकदम क्लियर कर देते हैं । कभी भी पत्रकारों को एग्जेक्ट पता नहीं चल पाता है कि अपने मुखिया का अगला कदम कब और क्या होगा। चाहे वह मुख्यमंत्री का चुनाव करना हो या पड़ोसियों के साथ निपटना हो । हर कुछ रहस्य और रोमांच से भरा रहता है और अगला हक्का-बक्का रह जाता है। लेकिन पत्रकार भी ठहरे पुराने घाघ। मुखिया जी ना अपना अंदाज बदलते हैं और ना पत्रकार अपना सुंघने वाला मिजाज बदलते हैं। पत्रकारों तक तो ठीक था, जनता तक भी ठीक था ।

लेकिन यह तो अपने पड़ोसियों को भी खूब चकमा देते रहते हैं। और इस बार भी ऐसा ही किया लेफ्ट साइड इंडिकेटर देकर अपनी गाड़ी राइट साइड मोड लिए। और पड़ोसी की गाड़ी खाई में गिर पड़ी। अब इंडिया के लोग और पत्रकार तो उनका मिजाज बखूबी समझते हैं । इसीलिए उन्हें ज्यादा ना हैरानी होती है और ना उन्हें फर्क पड़ता है । लेकिन पड़ोसी को यह बात तो पता नहीं थी बेचारे यह जानते ही नहीं है कि मुखिया जी मीठा चूरन दिखाकर बड़ी सफाई से नीम की चटनी चटा देते हैं। और वही किया भी बेचारे नींम की तिताई से बौखलाए हुए हैं और नीम का तो व्यवहार ही है कि वह अच्छे-अच्छे का इलाज कर देता है । पेट के सारे कीड़े मकोड़ों का नाश कर देता है । जो स्वास्थ्य के लिए बेहद अच्छा होता है ।लेकिन इस प्रक्रिया में थोड़ी तो परेशानी होती है । अब पड़ोसी इसी परेशानी से परेशान है। उसका हक्का-बक्का पक्का गुम है। और वह रोता बिलखता अपने साथी देश से मुखिया जी की कारस्तानी बता रहा है ।

## मतलबी रिश्तों का महासंग्राम

**डॉ. सुरेश कुमार**

**पहले** रिश्ते नाजुक शीशे की तरह होते थे, जिन्हें लोग सहेजकर रखते थे। अब रिश्ते मजबूत प्लास्टिक की तरह हो गए हैं–मोच खा जाएँ तो गरम हवा में सीधा कर लो, टूट जाएँ तो दो नए ले आओ। समय बदल गया है, भाईसाहब! अब रिश्ते भावनाओं से नहीं, सुविधाओं से संचालित होते हैं। एक बार गाँव के पंडित जी ने कहा था–"रिश्ते भगवान के वरदान होते हैं।" अब पंडित जी को कौन बताए कि भगवान भी अब डिजिटल हो गया है। रिश्ते ई-वॉलेट में सेव रहते हैं, जरूरत पड़ी तो उपयोग कर लो। मोहल्ले के शर्मा जी ने पड़ोसी गुप्ता जी से दस हजार उधार लिए थे। जब तक पैसे थे, शर्मा जी गुप्ता जी को "भैया" कहकर पान खिलाते थे। पैसे लौटाने की बारी आई तो शर्मा जी ने नया रिश्ता खोज लिया–"आप तो हमारे समधी तुल्य हैं!" गुप्ता जी समझ ही नहीं पाए कि कब भैया से समधी बन गए। मोबाइल में सेव रिश्तों की सूची अब नाम के अनुसार नहीं, उपयोगिता के अनुसार वर्गीकृत होती है। "कार के लिए मामा", "नौकरी के लिए फूफा", "फ्री ट्रीट के लिए दोस्त", और "सोशल मीडिया लाइक्स के लिए कज़िन"–ये आधुनिक रिश्तों के नए नाम हैं। किसी रिश्ते में भावनाएँ खोजने जाओ तो गूगल भी कहेगा–"404! इमोशन नॉट फाउंड!" बात इतनी बिगड़ गई है कि अब लोग रिश्तों को किसी भी किराए के सामान की तरह देखते हैं।

माँ-बाप तब तक आदरणीय हैं जब तक बैंक बैलेंस अच्छा है, दोस्त तब तक प्रिय हैं जब तक पार्टी दे सकते हैं, और भाई-बहन तब तक शुभचिंतक हैं जब तक संपत्ति का बंटवारा नहीं हुआ। अगर आधुनिक रिश्तों का कोई घोषणापत्र बने, तो उसमें पहला नियम यही होगा–"लाभ दिखाओ, तब तक टिके रहो।" समाज का हाल यह है कि रिश्ते अब भावनाओं का चुम्बकीय क्षेत्र नहीं रहे, बल्कि सुविधाओं की कुर्सी हैं, जिसे जरूरत के हिसाब से खींचो और फिर किनारे कर दो। यही है 21वीं सदी के मतलबी रिश्तों का महासंग्राम–जहाँ हर कोई जीतना चाहता है, और हारने वाला अकेला रह जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### महिला से 1.86 लाख की ठगी, टेलीग्राम से जोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले की एक महिला से टेलीग्राम पर काम दिलाने का झांसा देकर ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। महिला को पहले छोटे टास्क के बदले पैसे लौटाकर भरोसे में लिया गया और फिर बड़ी रकम के ट्रांजैक्शन करवाकर 1.86 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

करनाल की सेक्टर-29 निवासी दिव्या ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि कुछ दिन पहले उनके टेलीग्राम अकाउंट पर एक मैसेज आया। उसने दावा किया कि घर बैठे पैसे कमाने का मौका है। शुरूआत में कुछ टास्क दिए गए और कहा गया कि पहले थोड़ी रकम भेजो, फिर पेमेंट आएगी। पीड़िता ने शुरूआत में 100 रुपए भेजे तो तुरंत ही उनके पास 234 रुपए आ गए। इससे उन्हें भरोसा हो गया और फिर उन्होंने पांच ट्रांजैक्शन में 1798.05 रुपए भेजे, जिसमें से 863 रुपए लौटाए गए। इसके बाद तीन ट्रांजैक्शन में 1307 रुपए और भेजे और बदले में 2448 रुपए आए।

पीड़िता ने बताया कि इसके बाद आरोपियों ने उनसे 12 ट्रांजैक्शन में कुल 1,86,694 रुपए की रकम वसूल ली, लेकिन इस बार कोई पैसा वापस नहीं आया। उल्टा और पैसे भेजने की मांग की गई। जब उन्होंने कहा कि पहले पेमेंट वापस भेजो तभी आगे की रकम दूंगी तो आरोपियों ने धमकाने के अंदाज में कहा कि चाहे जहां से मर्जी लाओ, जब तक और पैसे नहीं भेजोगी, पेमेंट नहीं मिलेगी।

घटना के बाद पीड़िता को अहसास हुआ कि उनके साथ ऑनलाइन फ्रॉड हो चुका है। उसने 29 अप्रैल को ही साइबर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके शिकायत दी थी। जिसके बाद आज साइबर थाने में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जांच अधिकारी कृष्ण ने बताया कि शिकायत के आधार पर ऑनलाइन फ्रॉड का मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### 24 वर्षीय लडकी लापता, जेवर, कैश और दस्तावेज भी ले गई साथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** असंध कस्बे से एक 24 वर्षीय लडकी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। लडकी बिना बताए घर से निकली, वह अपने साथ कैश, गहने और निजी दस्तावेज भी लेकर गई है। परिजनों ने लडकी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

लडकी की मां ने असंध थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी सबसे बड़ी बेटी 7 मई को सुबह करीब 11 बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। उन्होंने बताया कि बेटी अपने साथ दो जोड़ी सोने की बालियां, दो सोने की चेन, तीन अंगूठियां, चांदी की दो जोड़ी पायल, दो सोने के टीके, करीब डेढ़ लाख रुपए नकद, सभी जरूरी दस्तावेज और कपड़े भी साथ ले गई है।

परिजनों के अनुसार बेटी मोबाइल इस्तेमाल करती थी, जो वह अपने साथ ले गई है। परिवार ने रिश्तेदारों और आस-पड़ोस में काफी तलाश की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लगा। परिजन बेटी को लेकर चिंता में है। उन्होंने मामले की शिकायत असंध पुलिस से की है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है।

पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है। जांच अधिकारी मनोज ने बताया कि युवती घर से कैश, गहने और दस्तावेज लेकर गई है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। तलाश जारी है।

### सस्पेंड खेड़ी तगा सरपंच के रिकार्ड कब्जे में लेकर बहुमत वाले पंच चार्ज देने व बैंक खाते सील करने के दिए आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर** उपायुक्त द्वारा खेड़ी तगा गांव के सरपंच को सस्पेंड किए जाने के बाद खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ने ग्राम सचिव को उक्त पंचायत का पूरा रिकार्ड अपने कब्जे में लेने के आदेश दिए है। वहीं पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी बैंक, इंडसलैंड बैंक प्रबंधक को भी पत्र भेजकर खेड़ी तगा ग्राम पंचायत के खाते तुरन्त प्रभाव से बंद करने के लिए लिखा है। इसी के साथ ही बहुमत वाले पंच को रिकार्ड देने का भी आदेश दिया है।

# समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारी करें आत्मबल का पूर्ण उपयोग: उपायुक्त

## अधिकारी समस्याओं का गहनता से अध्ययन कर, तत्काल करें समाधान:पुलिस अधीक्षक सतीश वत्स

**समाधान शिविर**

**लोगों के विश्वास पर खरा उतर रहा जनता समाधान शिविर शिविर में पहुंची 32 समस्याएं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

हरियाणा सरकार के दिशा-निर्देश पर प्रदेश भर में सोमवार व वीरवार को आयोजित किए जा रहे जनता समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं का जिस तीव्र गति से समाधान हो रहा है, उससे आमजन में खुशी की लहर है। उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने वीरवार को जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आमजन की समस्याओं के निदान को लेकर अपने आत्मबल का सम्पूर्ण प्रयोग करें। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता समाधान शिविर में जो समस्याएं आ रही हैं, उनका निश्चित समय अवधि में समाधान करें। आमजन पर सरकार के इस कार्यक्रम का बड़ा प्रभाव है। इसलिए जो समस्याएं इसमें प्राप्त होती हैं, उन पर व्यक्तिगत रूची लें।

समाधान शिविर में जिला परिषद की सीईओ डॉ. किरण सिंह ने पिछली समस्याओं को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा की व जल्द-से-जल्द समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। समाधान शिविर में नगराधीश टीनु पोसवाल ने जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि इन जनता समाधान शिविरों में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचने वाले लोगों की प्रशासन के प्रति गहरी आस्था है। हमें उनके इस विश्वास पर खरा उतरना है।

पुलिस उप अधीक्षक सतीश वत्स ने कहा कि पुलिस विभाग से सम्बन्धित किसी भी समस्या के समाधान में देरी नहीं होनी चाहिए। सम्बन्धित अधिकारी शिविर में आने वाली समस्याओं का गहनता से अध्ययन करें व जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करें। ये जनता समाधान शिविर जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए आयोजित किए जा रहे हैं।

# आपात स्थिति में चौंकना नहीं, चौकन्ना रहना है: डॉ. अनमोल

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार के निर्देशन में आपात स्थित में अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए किन तरीकों का अपनाए इसके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए गुरूवार को लघु सचिवालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लघु सचिवालय के कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान होमगार्ड से इंस्पेक्टर गगनदीप सिंह ने बताया कि हम कैसे अपने आप को और दूसरे लोगों को आपात स्थित में बचा सकते हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगराधीश ने कहा कि कल जो मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था, उसका यही उद्देश्य था कि हम कैसे आपात स्थित में अपने आप को और दूसरे लोगों को बचा सकते है। इस दौरान हमें किन उपकरणों की जरूरत है इसके बारे में विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि किसी भी



आपात स्थिति से निपटने के लिए हम सबको तैयार रहना चाहिए। हमें आपात स्थिति में चौंकना नहीं, बल्कि चौकन्ना रहना चाहिए, ताकि हम स्वयं के साथ दूसरे लोगों को भी बचा सके।

उन्होंने कहा कि आज आप यहा से प्रशिक्षण लेकर स्वयं तो आपात स्थित में स्वयं को सरक्षित रखने में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक होगा। आप अपने घर वालों व अन्य लोगों को भी बताएं कि हम किस प्रकार अपने आप को सुरक्षित रख सकते हैं। इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों को विडियों के माध्यम से भी प्रशिक्षित किया गया।

### मालगाड़ी की पाली में एक युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

गन्नौर: गन्नौर-राजालू गढ़ी रेलवे स्टेशन के बीच मालागाड़ी की पहाड़ी पर एक युवक की मौत हो गई। सूचना बैठक में रेलवे स्टेशन से साझीदार भगतराम माके पर और शव को युवाओं के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। साधु भगतराम ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 25 साल है। शव के पास कोई पहचान पत्र नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। मृतक के हाथ पर विकुल और गले पर ओम का टैटू है। शव को अभी सिविल अस्पताल के शव गृह में रखा गया है। पुलिस शव की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# सिर में हथौड़ा मारकर युवक की बेरहमी से हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।**
जिले के गांव ऊंचा समाना में सिर में हथौड़ा मारकर युवक बेरहमी से हत्या कर कर दी गई। वह बीती रात को हर रोज की तरह पशुओं के बाड़े में सोया हुआ था। आज सुबह उसका खून से लथपथ शव मिला। पिता को देख बेटे की चीख निकल गई और इसके बाद आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। परिजनों ने चौरा गांव के कुछ युवकों पर मर्डर का शक जताया है। पुलिस व एफएसएल टीम मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार ऊंचा समाना निवासी सोनू हररोज की तरह अपने पशुओं के बाड़े में चारपाई



पर सोने गया था। गुरुवार सुबह करीब 6.30 बजे उसका बेटा विशाल दूध निकालने के लिए पहुंचा तो देखा कि पशुओं को घास भी नहीं डाली गई है। जब वह पिता के पास पहुंचा तो वह मृत पड़े थे। उसके सिर और चेहरे पर गहरी चोट के निशान थे। सिर पर किसी भारी हथौड़े जैसी वस्तु से वार किया गया था।

मृतक सोनू की पत्नी ने आरोप लगाया कि करीब छह महीने पहले गांव चौरा के युवकों ने उसके पति के साथ मारपीट की थी। उसके बाद दो महीने पहले भी रास्ते में रोककर जानलेवा हमला किया था। उसका आरोप है कि अब ये युवक 3-4 दिनों से घर के आसपास चक्कर काट रहे थे। बुधवार को भी इन युवकों को इलाके में देखा गया था। इस बारे में युवकों के घरवालों को भी बताया गया था, लेकिन किसी ने कोई सुनवाई नहीं की। इन पर ही सोनू की हत्या का शक है।

घटना की जानकारी मिलते ही मधुबन थाना प्रभारी गौरव पुनिया मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तुरंत एफएसएल टीम को बुलाया, जिसने घटनास्थल से सबूत इकट्ठे किए। इसके अलावा पुलिस ने मृतक के परिवार, पड़ोसियों और ग्रामीणों से पूछताछ की है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों तक पहुंचा जा सके।

गांव के सरपंच सुरेंद्र, ग्रामीण जितेंद्र, ऋषिपाल व अन्य लोगों ने बताया कि सोनू की हत्या हथौड़े से की गई है। जबड़ा तक बाहर निकल आया था। गांव में इस तरह की वारदात से दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने सोनू के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज करनाल भेज दिया है।

### नहर से मिला पटियाला के युवक का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में जटपुरा के पास नडाना नहर से एक युवक का शव मिला। मृतक की जेब से मोबाइल मिला है, जिसके सिम की आईडी निकलवाई गई। आईडी पटियाला पंजाब की मिली है और मृतक का नाम राहुल बताया जा रहा है। घटना की सूचना के बाद गोताखोर व तरावड़ी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में मोर्चरी हाउस में रखवा दिया। पुलिस परिजनों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि उन्हें नहर में शव होने की सूचना मिली थी। टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद शव बाहर निकाला। शव की हालत देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह करीब तीन से चार दिन पुराना है। युवक ने सफेद रंग की हाफ शर्ट और ग्रे रंग का लोअर पहन रखा था।

थाना तरावड़ी के सब इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि शव की फिलहाल पहचान नहीं हो पाई है, लेकिन सिम की आईडी निकलवाई गई है। यह आईडी पंजाब के पटियाला जिले की पाई गई है। जानकारी के मुताबिक सिम किसी राहुल नामक युवक के नाम पर है और लोकेशन चुरी माजरा की मिली है।

# सोनीपत से नशे के खिलाफ पदयात्रा की शुरूआत करेगा नशामुक्त युवा खेलोगे तो खिलोगे ट्रस्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**

युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए नशा मुक्त युवा खेलोगे तो खिलोगे ट्रस्ट की ओर से 18 मई को शहर भर में पदयात्रा निकाली जाएगी। ट्रस्ट की ओर से नशा मुक्त युवा खेलोगे तो खिलोगे सशक्त भारत पदयात्रा की शुरूआत सुभाष चौक से की जाएगी। पदयात्रा का उद्देश्य युवाओं को नशे से बचाकर उन्हें जागरूक कर खेलों की ओर ले जाना है।

रेलवे रोड स्थित लोक निर्माण



विभाग के विश्राम गृह में पदयात्रा को लेकर महामंडलेश्वर स्वामी अनभुतानंद सूर्यवंशी महाराज के सानिध्य में ट्रस्ट के पदाधिकारी डॉ. संदीप दांगी, अधिवक्ता तरुण राठी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि यह यात्रा नशे पर समाज के साथ संवाद का एक माध्यम होगी। ट्रस्ट 5 वर्ष से देशभर में युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने का कार्य कर रहा है। अब तीन दिवसीय कार्यक्रम के प्रारूप के अनुसार 18 मई को सुभाष चौक से लघु सचिवालय तक पदयात्रा निकाल युवाओं को नशे से दूर रहने का प्रण दिलाया जाएगा। जब हम नशे के खिलाफ आवाज उठाने की शुरूआत घर से करेंगे तो धीरे-धीरे प्रदेश व देशभर में इस आवाज को बुलंद किया जाएगा।

डॉ. संदीप दांगी, अधिवक्ता तरुण राठी ने बताया कि पदयात्रा संग्राम सिंह ( फिट इंडिया इकॉन ) ओर पर्वतारोही मीनू कालीरमन के सहयोग से सुभाष चौक से चलकर नशे न करने का संदेश देते हुए गीता भवन चौक, गोहाना फ्लाईओवर, छोटू राम चौक से होती हुई लघु सचिवालय पहुंचेगी। यहां ट्रस्ट से जुड़े युवा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करेंगे। इसके बाद 19 व 20 मई को ग्रामीण आंचल के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों व महाविद्यालयों में जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे। अगले चरण में जागरूकता अभियान रोहतक में चलाया जाएगा। इसके लिए जल्द ही तिथि निर्धारित की जाएगी।

# घोघड़ीपुर नहर में मिला अज्ञात शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के घोघड़ीपुर नहर में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक की उम्र करीब 25 से 27 साल बताई जा रही है, लेकिन अब तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंच गई और शव को नहर से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को मोर्चरी हाउस करनाल में भेज दिया है।

घटना की सूचना पर गोताखोर प्रगट सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि शव नहर में पीछे से बहकर आया है और लगभग तीन-चार दिन



पुराना लग रहा है। युवक के शरीर पर गुलाबी रंग का कुर्ता और सफेद पजामा था। शव को बाहर निकालकर पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मधुबन थाना से एसआई मनोज कुमार मौके पर पहुंचे और बताया कि शव की फिलहाल पहचान नहीं हो पाई है। मृतक के शरीर पर कोई पहचान संबंधी दस्तावेज भी नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल के मोर्चरी हाउस भिजवा दिया है।

एसआई मनोज कुमार ने बताया कि शव को 72 घंटे तक शिनाख्त के लिए मॉच्युरी में रखा जाएगा। अगर इस अवधि में मृतक की पहचान नहीं होती है तो नियमानुसार उसका अंतिम संस्कार करवा दिया जाएगा। फिलहाल युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका पता नहीं चल पाया है। शव पर किसी प्रकार की चोट के निशान स्पष्ट नहीं हैं, जिससे यह साफ नहीं हो सका कि मौत दुर्घटना से हुई है या किसी और वजह से।

### बेगा घाट की बोली पिछ्ल्ली बोली से 1 लाख रुपएं घाटे में छुटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**

बीडीपीओ कार्यालय में वीरवार को एसडीएम प्रवेश कादियान, डीडीपीओ जितेन्द्र शर्मा व बीडीपीओ पूनम चंदा की देखरेख में वीडियोग्राफी करवाते हुए हुई। जिसमें बड़ौली गांव के टीकाराम ने सबसे ऊंची बोली देकर बेगा घाट का ठेकेदार बना। बोली 8 लाख 25 हजार रुपएं में टीकाराम के नाम छोड़ी गई। यह बोली पिछ्ल्ली बोली की उपेक्षा 1 लाख रुपए के घाटे में छुटी। बीडीपीओ पूनम चंदा ने बताया कि पानीपत जिले में युमना पर पुल बनने के कारण बोली पर असर पड़ा है।

# छात्रों को नशे के खिलाफ जानकारी देकर किया जागरूक

**जागरूक**

**श्री नरेंद्र कादियान ने कहा कि नशा करने वाले व्यक्ति को समाज व परिवार में कोई भी मान सम्मान नहीं करता है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , (;कमाल हुसैन )**

जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने वीरवार को ब्रहमकुमारीज संस्थान के साथ संयुक्त रूप से गांव भापरा, करहंस व माच्छरौली गांव के सरकारी स्कूल में छात्रों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया।



नशा मुक्त अभियान के जिला में नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक श्री नरेंद्र कादियान ने कहा कि नशा करने वाले व्यक्ति को समाज व परिवार में कोई भी मान सम्मान नहीं करता है। नशा मनुष्य के शरीर को अंदर से खोखला कर देता है। नशे से शरीर का नुकशान होने के अतिरिक्त पैसों की भी बबार्दी होती है। नशा करने वाले व्यक्ति का ध्यान अपराध की तरफ बढ़ता है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है। पुलिस स्कूल, कॉलेज, फैक्टरी, गांव व कॉलोनियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन व विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक कर रही है।

समालखा ब्रहमकुमारी सेवा केंद्र की संचालिका किरण व सहयोगी ममता ने इस दौरान छात्राओं को नशे के दूष्परिणों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि छात्र नशे से दूर रहकर पढ़ाई के साथ खेलों में हिस्सा लेकर जीवन को सवारें।

खेल हमे नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते है। अपने परिवार, दोस्तों व समाज के अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने बारें प्ररित करें। जिला व गांव को नशा मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करें। छात्रों को नशे के दुष्परिणामों की जानकरी देकर जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई।

# विश्व रेडक्रास दिवस पर टीबी के प्रति चलाया गया जागरूकता अभियान

**टीबी बचाव**

**रेडक्रास राज्य महासचिव के निदेर्शानुसार टीबी बचाव के प्रति आमजन को दी जा रही है जानकारी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रास सोसायटी की ओर से टीबी के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। अनाज मंडी और सलारपुर रोड स्थित झुग्गी-बस्तियों में लोगों को टीबी से बचाव की जानकारी दी गई। इसके साथ ही ब्रह्मसरोवर पर भी साधुओं और




सन्निहित सरोवर पर श्रमिकों को टीबी बचाव के प्रति जागरूक किया गया। हरियाणा रेडक्रास सोसायटी के राज्य महासचिव महेश जोशी ने निदेर्शानुसार टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि की अगुवाई में लोगों को क्षय रोग के प्रति बचाव और नियमित रूप से दवाई व चेकअप की जानकारी दी गई।

जिला रेडक्रास सोसायटी सचिव डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि उपायुक्त नेहा सिंह के निदेर्शानुसार टीबी उन्मूलन अभियान के तहत स्लम बस्तियों, गांवों और श्रमिकों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और सुरक्षित समाज के लक्ष्य को लेकर रेडक्रास द्वारा टीबी बचाव के प्रति लोगों को अवगत कराया जा रहा है। सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया गया जा रहा है और ग्राम पंचायतें भी टीबी उन्मूलन में भागीदार हैं, क्योंकि टीबी को हराने के लिए सभी के साझे प्रयास जरूरी हैं।

रेडक्रास टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि ने बताया कि रेडक्रास की ओर से ड्राप आउट क्षय रोगियों का इलाज शुरू करने के साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर रोगियों को पौष्टिक आहार किट भी वितरित की जा रही हैं। वर्ष 2024-25 में पांच हजार से ज्यादा लोगों को टीबी से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा चुका है। टीबी स्क्रीनिंग कैंपों के जरिये टीबी रोगियों की पहचान की जा रही है। निक्षय मित्र बनकर टीबी के मरीजों को गोद लेने के लिए सामाजिक संस्थाओं और ग्राम पंचायतों को भी अपील की जा रही है। इसके साथ ही रेडक्रास वालंटियर की ओर से गांवों में भी आमजन को जागरूक किया जा रहा है और बचाव सामग्री भी वितरित की जा रही हैं।

सरकार की ओर से टीबी जागरूकता को लेकर जो कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं, उनमें भी रेडक्रास सोसायटी बढ़-चढकर हिस्सा लेती है। इस अवसर पर वालंटियर जोगेंद्र व राहुल प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में एफसीआई के नजदीक रेलवे ट्रैक पर एक बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसे के बाद शव क्षत-विक्षत हालत में मिला। मृतक का सिर और एक हाथ शरीर से पूरी तरह अलग हो चुका था। मृतक की पहचान करनाल की एकता कालोनी निवासी गुरबचन सिंह के रूप में हुई है। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में भिजवा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अपना आशियाना टीम के सदस्य राजकुमार ने बताया कि मृतक के शरीर पर सफेद रंग का पजामा



और अंडरवियर, क्रीम रंग की शर्ट थी। जेब में मिले आधार कार्ड से पहचान की कोशिश की गई। शुरूआत में संदेह था कि आधार कार्ड किसी और का भी हो सकता है, लेकिन बाद में पुष्टि हुई कि मृतक की पहचान 85 वर्षीय गुरबचन सिंह के रूप में हुई है, जो करनाल की एकता कॉलोनी का रहने वाला था।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गुरबचन सिंह रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे, तभी ट्रेन की चपेट में आ गए। हादसा इतना भीषण था कि सिर और एक हाथ शरीर से अलग हो गए। शव को जीआरपी पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जीआरपी थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि एफसीआई रेलवे ट्रैक पर एक बुजुर्ग का शव क्षत-विक्षत हालत में मिला है। उसकी पहचान जेब से मिले आधार कार्ड से हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

# कैंट घरेलू हवाई अड्डा में ब्लैक आउट मॉकड्रिल आयोजित

## केन्द्र व राज्य सरकार के दिशा-निर्देशानुसार ऑप्रेशन अभ्यास के तहत सायं 4 बजे सायरन मॉकड्रिल का आयोजन किया गया था

**प्रदर्शन**

स्वास्थ्य विभाग, एसडीआरएफ व पुलिस विभाग द्वारा जो कार्यवाही की गई उसका प्रदर्शन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर की अध्यक्षता मे घरेलू हवाई अड्डा अम्बाला छावनी में ब्लैक आउट मॉकड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, एसडीएम विनेश कुमार व अन्य प्रशासनिक सम्बधित अधिकारीगण मौजूद रहें। यहां पर जो आगजनी की मॉकड्रिल की गई थी, उसके तहत अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, एसडीआरएफ व पुलिस विभाग द्वारा जो कार्यवाही की गई उसका प्रदर्शन किया गया, जोकि सफलतापूर्वक रहा।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार के दिशा-निदेशानुसार ऑप्रेशन अभ्यास के तहत सायं 4 बजे सायरन मॉकड्रिल का आयोजन किया गया था, ताकि यदि दिन के समय कोई आपदा हो तो उससे निपटने के लिए क्या-क्या गतिविधियां एवं कार्य किए जा सकते है, उसे किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, एसडीआरएफ, गृहरक्षी व पुलिस द्वारा मॉकड्रिल की गई। मॉकड्रिल की प्रक्रिया के तहत ही सांय दूसरे चरण में 7 बजकर 47 मिनट पर सायरन बजा और उसके बाद अम्बाला शहर, अम्बाला छावनी के साथ-साथ आस पास के गांवों व कस्बों में पूरी तरह से ब्लैक आउट हो गया और उसके बाद 8 बजकर 4 मिनट पर फिर दुबारा से सायरन बजा और उसके बाद सामान्य स्थिति हो गई।







मॉकड्रिल की प्रक्रिया के तहत यहां पर एक भवन में आगजनी की घटना की सूचना जैसे ही कन्ट्रोल रूम के माध्यम से अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस विभाग के साथ-साथ एसडीआरएफ टीम को मिली, तो उन्होंने तुरन्त रिस्पोंस करते हुए घटना स्थल पर पहुंची और उन्होंने अपनी कार्रवाई शुरू कर दी। कार्रवाई के तहत उन्होंने सबसे पहले पानी की बौछारों से आग पर काबू पाया और घायल व्यक्तियों को भवन से सुरक्षित बाहर निकालते हुए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से आई एंबुलेंस के माध्यम से उन्हें अस्पताल पहुंचाया। इस मौके पर 6 मिनट में अग्निशमन की गाडि ंया तथा 6 से 7 मिनट में पुलिस की गाडि ंयां व लगभग 10 मिनट में एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई थी, जिन्होंने तुरन्त इस घटना पर काबू पाने के लिए अपनी कार्रवाई शुरू कर दी थी। उपायुक्त ने यह भी बताया कि सम्बधिंत विभागों ने बेहतर तालमेल के साथ इस मॉकड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया। उन्होंने यह भी बताया कि इसके साथ-साथ अम्बाला शहर अनाजमंडी में भी मॉकड्रिल का आयोजन करवाया गया, वहां पर भी भवन के क्षतिग्रस्त घटना की सूचना जैसे ही कन्ट्रोल रूम के माध्यम से सम्बधिंत टीमों को मिली तो उन्होंने वहां पर भी तुरन्त रिस्पोंस करते हुए घटना स्थल पर पहुंचते ही अपनी कार्रवाई शुरू कर दी। दोनों जगहों पर हुई मॉकड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया गया।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि दोनों जगहों पर पुलिस विभाग ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर मॉकड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया है। पुलिस की टीमों ने अलर्ट रहते हुए समय पर रिस्पोंस करते हुए अपना कार्य किया है। उपायुक्त ने बताया कि मॉकड्रिल के तहत अम्बाला छावनी घरेलू हवाई अड्डे पर मॉकड्रिल के तहत अग्निशमन की चार गाडि ंयां, दो एम्बूलेस के साथ-साथ एसडीआरएफ की टीमें शामिल रही। इसके साथ-साथ पुलिस की टीमों ने भी बेहतर कार्य करते हुए मॉकड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया। इस मौके पर एसडीएम विनेश कुमार, कार्यकारी अभियन्ता रितेश, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार, अग्निशमन विभाग के साथ-साथ अन्य सम्बधित विभाग के

# अवैध हथियार कमानीदार चाकू सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला अजीत सिंह शेखावत के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा अवैध हथियार/कारतूस रखने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान थाना अम्बाला शहर क्षेत्र श्री राम मन्दिर सर्विस लेन जीटी रोड के पास से अवैध हथियार रखने के मामले में 7 मई 2025 को अम्बाला के पुलिस ने सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी कर्ण निवासी बाल्मीकि बस्ती अम्बाला शहर जिला अम्बाला को अवैध कमानीदार चाकू सहित गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। 7 मई 2025 को थाना अम्बाला शहर के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध चाकू है जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। आरोपी आज थाना अम्बाला शहर क्षेत्र श्री राम मन्दिर सर्विस लेन जीटी रोड के पास खाली प्लाट में कमानीदार चाकू लिए बैठा है। सूचना उपरान्त पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना अम्बाला शहर क्षेत्र श्री राम मन्दिर सर्विस लेन जीटी रोड के पास खाली प्लाट से संदिग्ध आरोपी को काबू कर विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उससे अवैध चाकू बरामद किया। आरोपी की पहचान कर्ण निवासी बाल्मीकि बस्ती अम्बाला शहर जिला अम्बाला के रूप में हुई जिसे उपरोक्त हथियार सहित गिरफ्तार कर थाना अम्बाला शहर में मामला दर्ज किया।



**गिरफ्तार**

श्री राम मन्दिर सर्विस लेन जीटी रोड के पास खाली प्लाट में कमानीदार चाकू लिए बैठा है

# पुलिस की कामयाबी, एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला कुरुक्षेत्र पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने के आरोपी सोनू वासी बवानी खेडा हाल वासी गणेश कालोनी कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 18 अप्रैल 25 को थाना कृष्णा गेट पुलिस दी अपनी शिकायत में विश्वास नगर कुरुक्षेत्र वासी महिला ने बताया कि 17 अप्रैल को वह अपने लडके के साथ एटीएम से पैसे निकलवाने के लिए गई थी। जब वह पैसे निकालने लगे तो वहां खड़े एक लडके ने उनसे कहा की अपने एटीएम कार्ड गलत तरीके से लगाया है। उसके बाद उस लडके ने उनके एटीएम कार्ड से 5 हजार रुपए निकालकर उनको दिए। उस लडके ने बातों में लगाकर उनका एटीएम कार्ड बदलकर उसके बदले में दूसरा एटीएम कार्ड दे दिया। जब वह घर आए तो उनको पता चला कि उनके कार्ड से 20 हजार रुपए निकाल लिए हैं। जिसकी शिकायत पर थाना कृष्णा गेट में मामला दर्ज करके अपराध अन्वेषण शाखा-2 को दी गई।




**काबू**

उसके बाद उस लडके ने उनके एटीएम कार्ड से 5 हजार रुपए निकालकर उनको दिए

# मानव कल्याण और परोपकार पर आधारित है यूथ रेडक्रॉस: प्रो. सोमनाथ

**सिद्धांत**

सात सिद्धांतों पर आधारित है जो मानव कल्याण के लिए परोपकार व सेवाभाव से कार्य कर रही है

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र, :** यूथ रेडक्रॉस सोसायटी सात सिद्धांतों पर आधारित है जो मानव कल्याण के लिए परोपकार व सेवाभाव से कार्य कर रही है। मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वाधीनता, स्वैच्छिक सेवा, एकता व सार्वभौमिकता के सिद्धांतों की नींव पर रेडक्रॉस की इमारत खड़ी है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा इससे सम्बन्धित कॉलेजों की यूथ रेडक्रॉस सोसायटी समाज कल्याण में अपना अमूल्य योगदान दे रही है। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सीनेट हॉल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इससे पहले दीप प्रज्वलित कर व रेडक्रॉस अभियान को जन्म देने वाले महान मानवता प्रेमी जीन हेनरी डयूनेन्ट को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि रेडक्रॉस विश्व की सबसे बड़ी यूथ आर्गेनाईजेशन है। यह पहला संस्थान था जो कि युद्ध में घायल सैनिकों की देखभाल के लिए बनाया गया था। रेडक्रॉस सोसाइटी का गठन जब से हुआ है तब से रेडक्रॉस के स्वयंसेवक विभिन्न प्रकार की आपदाओं में निरंतर निस्वार्थ भावना से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह विश्व की एक ही संस्था है जिसको तीन बार नोबल शांति पुरस्कार मिला है। संवेदनाओं के साथ कार्य करने के लिए मनुष्य को श्रेष्ठ माना गया है। आज के परिप्रेक्ष्य में जो गंभीर हालात बन रहे हैं उसमें यूथ रेड क्रास की भूमिका महत्वपूर्ण होने वाली है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वालंटियर्स व स्वयं सेवकों ने कोविड के समय व इसके बाद आई बाढ़ में बाढ़ पीड़ितो को निस्वार्थ भाव से भोजन व राशन पहुंचाया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है। 15 से 29 साल की उम्र के 37 करोड़ युवा हमारी ताकत हैं। हमारे देश का भविष्य उज्ज्वल है।



# संस्था ने मनाई समाजसेवी स्व. मास्टर खजान सिंह की बरसी




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जन सहयोग मंगलपुर संस्था ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंगलपुर में संस्था द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में पुष्प अर्पित करके स्वर्गीय मास्टर खजान सिंह की बरसी मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर नरेंद्र जी ने की। मंच संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने किया। संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि संस्था केवल मंगलपुर गांव के लिए स्वास्थ्य संबंधी इमरजेंसी सेवाओं के लिए बनाई गई है जिसमें ग्राम पंचायत मंगलपुर, गांव की अन्य सामाजिक संस्थाओं और सभी ग्रामीणों का सहयोग रहता है। विद्यालय में पिताजी की बरसी मनाने का उद्देश्य विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों में माता-पिता, बुजुर्गों,विद्यालय और अध्यापकों के प्रति सम्मान बढ़ाना है। हम सभी को अपने हर सुख, दुख, तीज, त्यौहार, जन्मदिवस, शादी की सालगिरह ,बरसी आदि कार्यक्रम विद्यालय में करने चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों और उनके परिवारों के लिए खांसी की आयुर्वेदिक दवा वितरित की गई। सभी गुरुजनों का सम्मान स्वरूप स्मृति सिन्हा और लेखनी दी गई विद्यालय की क्रिकेट टीम को क्रिकेट किट बांटी गई गांव के सफाई कर्मियों और चौकीदारों को ड्रेस दी गई। गांव की नवनिर्मित चौपाल में 10 तुलसी और इलायची वाले पौधों वाले गमले रखवाए गए।

**याद किया**

संस्था केवल मंगलपुर गांव के लिए स्वास्थ्य संबंधी इमरजेंसी सेवाओं के लिए बनाई गई है

# डीएलएसए ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस को लेकर चलाया जागरुकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस को लेकर जागरुकता अभियान चलाया गया है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिसके तहत रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड कुरुक्षेत्र पर लोगों को तंबाकू का इस्तेमाल ना करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डीएलएसए द्वारा समय-समय पर ऐसे जागरुकता अभियान चलाए जा रहे है।



## चौकीदार गांव व प्रशासन कार्यो के महत्वपूर्ण सहयोगी-बीडीपीओ

**सोनीपत:** सोनीपत ब्लॉक में तैनात चौकीदारों का दल जिला विकास एवं खंड पंचायत अधिकारी कार्यालय में इकट्ठा हुआ। जहां बीडीपीओ की तरफ से चौकीदारों को उनके आई कार्ड वितरित किए गए। इस दौरान चौकीदारों को संबोधित करते हुए बीडीपीओ अंकुर ने बताया कि चौकीदार एक ग्राम सेवक होता है। जिसका मुख्य कर्तव्य अपने प्रभार के गांव को देखना एवं उसकी सुरक्षा करना होता है। हिस्ट्रीशीटरों पर नजर रखने और आपराधिक गतिविधियों की जानकारी लेने की भी जिम्मेदारी होती है।

# नारायणगढ़ में आयोजित सम्मान समारोह में पहुंचे मंत्री राजेश नागर

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला/नारायणगढ़:** हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार तेज गति के साथ विकास कार्य करवा रही है। वे नारायणगढ़ में गुर्जर समाज कल्याण परिषद नारायणगढ़ द्वारा आयोजित मेधावी छात्र-छात्राओं, नवनिर्वाचित विधायकों एवं मंत्रियों के सम्मान समारोह में बतौर मुख्यतिथि उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने गुर्जर समाज कल्याण परिषद को 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। मंत्री राजेश नागर ने गुर्जर समाज कल्याण परिषद द्वारा समाज कल्याण व मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों में आगे बढने की भावना पैदा होती है।

उन्होंने भारतीय सेना के पराक्रम और सौर्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में रात्रि के समय भारतीय सेना द्वारा पाक अधिकृत कश्मीर व पाकिस्तान में आंतकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त किया है, उससे प्रत्येक भारतवासी को गर्व है। उन्होंने कहा कि सरकार भी शिक्षा की ओर विशेष तौर पर ध्यान दे रही है। सुपर 100 कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकारी स्कूलों में मेधावी विद्यार्थीयों को आई.आई.टी./जे.ई.ई./एन.ई.टी.टी . इत्यादि परीक्षाओं के लिए विशेष कोचिंग उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके अलावा पीएम श्री स्कूल खोले गये है। सरकार ने 77 राजकीय महाविद्यालय खोले है जिनमें से 31 महाविद्यालय केवल लड़कियों के लिए है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है और इसमें हरियाणा भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकसित राज्य बनने की ओर तेजी के साथ आगे बढ रहा है। उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे आपसी भाईचारे एवं एकता के साथ आगे बढे और अपने बच्चों को महापुरुषों की जीवनीयों से अवगत करवाये जिससे कि वे देश का एक अच्छा नागरिक बन समाज और देश के विकास में अपना योगदान दे सके।



**विकास पर बल**

प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार तेज गति के साथ विकास कार्य करवा रही है: राजेश नागर

# कृषि-तकनीकी प्रदर्शनी एवं स्टार्टअप कॉन्क्लेव का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र,:** कुशल, समृद्ध एवं नया भारत बनाने के उद्देश्य से किसानों के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के सभागार में 9 मई से 11 मई तक तीन दिवसीय कृषि-तकनीकी प्रदर्शनी एवं स्टार्टअप कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में युवाओं व किसानों के लिए मृदा व जल परीक्षण, मृदा स्वास्थ्य परामर्श और सरकारी योजना की जानकारी देते हुए उन्नत किसान बनने के लिए सहायता की जाना है।

सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि यह कृषि मेला कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के किसानों और कृषि पर आश्रित अन्य समुदायों को एक मंच पर लाकर कृषि उद्यमिता के एक नए युग की शुरूआत करेगा। इसमें राज्य /केंद्र सरकार के विभिन्न विभाग, स्टार्टअप्स, एग्रीटेक कंपनियां, प्रगतिशील किसान, स्वयं सहायता समूह, कृषि उत्पादक संघ आदि भाग लेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य नवीन अवसर अभियान के माध्यम से हरसंभव सहायता प्रदान कर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों को आत्मनिर्भरता और समृद्धि की राह पर आगे ले जाना है। कृषि एवं कृषि आधारित सेवाएं कुरुक्षेत्र की रीढ़ की हड्डी हैं। नवीन जिन्दल फाउंडेशन इस कार्यक्रम में अत्याधुनिक तकनीक और जाने-माने कृषि विशेषज्ञों से किसानों को रुबरु करवाएगा, जो किसानों के साथ मिलकर काम करेंगे। इतना ही नहीं, सरकार की तमाम योजनाओं और सहयोग को भी इस मंच के माध्यम से किसानों तक पहुंचाया जाएगा। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के किसानों और कृषि से जुड़े अन्य समुदायों को एक मंच प्रदान करना है। उन्हें तकनीक, प्रशिक्षण और बाजार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना सरकारी योजनाओं, नई तकनीक और स्टार्टअप के माध्यम से समाधानों से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि किसानों को प्राकृतिक खेती, पीएम-एफएमई योजना, कीटनाशक उपयोग एवं जैविक नियंत्रण, एफपीओ योजनाएं और गो टू मार्केट रणनीति, ऋण एवं सब्सिडी योजनाएं के बारे में जानकारी दी जाएगी। डेयरी उद्योग से जुड़ी समस्याएं, बीज/लाइसेंसिंग/डीलरशिप जानकारी, निर्यात एवं लाइसेंस मार्गदर्शन करवाया जाएगा। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स का उपयोग करना सिखाया जाएगा।

एक समृद्ध राष्ट्र का निर्माण, देश के अन्नदाता के उत्थान के बिना संभव नहीं है। किसानों के लिए इन सुविधाओं का करवाया जाएगा मुहैया सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि कार्यक्रम में किसानों को सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। इनमें कृषि कंपनियों और किसानों को जोडना, कृषि क्षेत्र की सफल तकनीकों का प्रचार प्रसार, लाइव डेमो व उत्पाद प्रदर्शनी लगाना है।



**सहायता**

मृदा स्वास्थ्य परामर्श और सरकारी योजना की जानकारी देते हुए उन्नत किसान बनने के लिए सहायता की जाना है

# डीएलएसए द्वारा द्वारा एंटी टीसिंग पर चलाया गया जागरुकता अभियान

**अभियान**

मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एंटी टीसिंग पर जागरुकता अभियान चलाए गए

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एंटी टीसिंग पर जागरुकता अभियान चलाए गए है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिसके तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उमरी और पिहोवा में यह जागरुकता अभियान चलाया गया और विद्यार्थियों को छेड़छाड़ को रोकने और बेटी को सम्मान देने के लिए जागरूक किया गया साथ ही उन्हें हेल्पलाइन नंबर 1091 के बारे में भी जानकारी दी गई।



# स्वास्थ्य निदेशक जितेंद्र कुमार ने किया उपमंडल अस्पताल का निरीक्षण

**मूल्यांकन**

**स्वास्थ्य निदेशक जितेंद्र कुमार ने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का गहन मूल्यांकन किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**

स्वास्थ्य निदेशक जितेंद्र कुमार ने वीरवार को गन्नौर उपमंडल अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निदेशक जितेंद्र कुमार ने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का गहन मूल्यांकन किया और वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. टीना आनंद व डा. संजय कौशिक के साथ ही स्टाफ से भी बातचीत की। उन्होंने अस्पताल में आपातकालीन सेवाओं, आपरेशन थिएटर, ड्रेसिंग सुविधा, फामेसीं, लेबोरेटरी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी बारीकी से जांच की। इसके साथ ही मातृत्व स्वास्थ्य सेवाओं, नवजात शिशु जांच सुविधा और टीकाकरण सेवाओं की स्थिति को परखा। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध दवाओं, उपकरणों और चिकित्सकीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निदेशक ने मरीजों से फीडबैक ली। मरीजों ने बताया कि उन्हें समय पर दवाइयां और इलाज मिल रहा है, जबकि कुछ ने स्टाफ की संख्या बढ़ाने और सुविधाओं के विस्तार की जरूरत पर जोर दिया।

निदेशक जितेंद्र कुमार ने बताया कि अस्पताल में लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार जल्द ही आवश्यक सुधारों के लिए उचित कदम उठाएगी।



# मुझे सरकार इंसाफ दे: राजरानी पट्टीकल्याणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

राज रानी ने अपनी पुत्रवधू व उनके घरवालों से परेशान महिला ने लगाई सरकार से गुहार। महिला राजरानी का आरोप है कि स्थानीय पुलिस भी मेरी पुत्रवधू व उनके घरवालों का साथ दे रही है। मेरी पुत्रवधू जिनके साथ हमारा पहले से झगड़ा चल रहा है।महिला ने बताया कि 5 तारीख रात ग्यारह बजे तीन पुलिस कर्मी दो वर्दी व एक सादे कपड़े पहने हुए थे मेरे घर पट्टीकल्याणा पहुंचे।मेरे घर पर मेरे पति नहीं थे।मेरे व मेरे लड़के के साथ हाथापाई की,ईंट मारी व मेरे कपड़े फाड़ दिए।जब हम उनकी मोबाइल से वीडियो बना रहे थे तो उन्होंने मोबाइल भी छीनने का प्रयास किया और देखलेने की धमकी देते हुए चले गए। इस घटना से पहले मै अपनी पुत्रवधू व उसके परिवार वालों के खिलाफ हल्दाना चौकी में कंप्लेंड दर्ज करवाने पहुंची तो महिला अधिकारी न होने का बहाना बना कर हमें टाल दिया।

उक्त पुलिस के द्वारा की गई घटना के बाद एक/डेढ़ बजे थाने में पहुंची और पुलिस को अपनी शिकायत दर्ज कराई।अगले दिन पुलिस थाने में दोनों पार्टियों को बुलाया गया तो हम पहले पहुंचे और दूसरे कई घंटे देर से पहुंचे।यही नहीं पुलिस जांच अधिकारी ने उनको पहले भेज दिया जबकि हम वहीं रहे।हमारी सरकार से गुहार है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। राजरानी के साथ उनके पति नरेंद्र, नवीन, सचिन,रिंकू, दीपक व परिवार की कई महिलाएं साथ में थी।



**न्यूज फ्लैश**

## हिंदी वर्तनी कौशल में जी डी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**राई/टीम एक्शन इंडिया**

खेवड़ा स्थित जी डी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी वर्तनी कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत कक्षा तीसरी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रथम व अंतिम चरण कक्षा में ही आयोजित की गई। कई चरणों के उपरांत प्रत्येक कक्षा के छात्रों ने मुश्किल सवालों से लेकर परिभाषा तक बहुत अच्छे ढंग से प्रस्तुत की। कठिन सवालों के जवाब देते हुए कक्षा चौथी से तूषिका ,कशिश ने और कक्षा आठवीं से आरव अंतिल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांचवी से चैतन्य और कक्षा छठी से ईनाया रेहान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।कक्षा तीसरी से लारण्या और कक्षा सातवीं से तेजस्वी गर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक योगेश जिंदल, प्रधानाचार्या नीरा मुद्गल और उप प्रधानाचार्या निधि जैन ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा व शुद्ध वर्तनी लिखने का विकास होता है ।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर सेना के सम्मान में साइकल यात्रा

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

आज विश्व रेडक्रॉस दिवस पर हरियाणा रेडक्रॉस स्टेट चंडीगढ़ की सभी समिति के सदस्यों और मां भारती रक्तवाहिनी संस्था के संस्थापक प्रेम गौतम ने कुल 47 किलोमीटर की दूरी की साइकिल यात्रा निकाली। यह यात्रा प्रातः 6 बजे रात्रि 12 बजे से गन्नौर के बीच निकली। प्रेम गौतम ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य रेडक्रॉस के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों की सेवा से जुड़ना है। प्रेम गौतम ने बताया कि यह उनकी 305वीं साइकिल यात्रा है। अधिकांश साइकिल यात्राएं सामाजिक जागरूकता अभियान को बढ़ावा देती हैं, वे सितारों को लेकर हो या तिरंगा, पर्यावरण, सामाजिक जागरूकता अभियान या किसी अन्य जागरूकता अभियान के साथ निरंतर समाज हित में प्रयास करती रहती हैं।उन्होंने इस यात्रा को वैश्वीकृत पेंसिल यात्रा का नाम दिया। प्रेम गौतम ने कहा कि पहले गेम में हुए हमलों ने भारतीय सेना का क्रांतिकारी परिवर्तन कर दिया। इससे हर भारतीय का सीना गौरव से अलग हो गया है। हमें अपनी सेना और सेना के जवानों पर गर्व है। गौतम ने आम जनता से अपील की कि वे वोट जैसे पुनित कार्य से जुड़ें। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस संस्था कई देशों में मूल्यांकन सेवा में अहम भूमिका निभा रही है। हर व्यक्ति को हर तीन महीने में मूल्यांकन कराना चाहिए। साथ ही रेडक्रॉस के संदेश को अंतिम चरण का संकल्प लेना चाहिए। यात्रा का समापन लघु लघु सचिवालय स्थित मेमोरियल वॉर पर भारतीय सेना को सौंप दिया गया।

यह यात्रा गांव रायपुर से शुरू हुई। जेट रोड होते हुए गन्नौर, राजपुर, बरी और कामी से हुई युद्ध स्मारक डुबकी। प्रेम गौतम ने देश के लिए वहां शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी और भारतीय सेना को सलाम किया। लोगों ने इस पहल की शुरूआत की।

## ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारतीय सेना ने लिया पहलगाम हमले का बदला: अरविंद खन्ना

**चंडीगढ़:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक अरविंद खन्ना ने कहा कि भारतीय जवानों ने पहलगाम हमले का डटकर जवाब दिया है। 'ऑप्रेशन सिंदूर' के तहत उठाया गया यह कदम केवल बदले की कार्रवाई नहीं, बल्कि यह स्पष्ट संदेश है कि भारत की सुरक्षा पंक्ति अटूट है और किसी भी नापाक मंशा को कभी कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। अरविंद खन्ना ने कहा कि यह कार्रवाई केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारी निष्ठा और अडिग संकल्प का प्रतीक है। पहलगाम हमले में शहीद हुए जवानों को यह ऑपरेशन सच्ची श्रद्धांजलि है। पूरा देश अपने वीर जवानों की अद्वितीय बहादुरी और बलिदान पर गर्व महसूस कर रहा है।

# हनी मार्डन स्कूल में छात्रों को आप्रेशन सिंदूर के बारे में जागरूक किया

**जागरूक**

**- बहालगढ़ हनी मार्डन स्कूल के निदेशक मास्टर सतनारायण आंतिल ने किया जागरूक**



**राई/टीम एक्शन इंडिया**

हनी मार्डन स्कूल बहालगढ़ में स्कूल के निदेशक मास्टर सतनारायण आंतिल ने छात्रों को आप्रेशन सिंदूर के सफल व स्टीक होने के बारे में छात्रों को जागरूक किया। निदेशक आंतिल ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ढांचों को निशाना बनाकर की गई भारतीय सशस्त्र बलों की एयरस्ट्राइक की सराहना की है और कहा है कि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है। आंतिल ने कहा कि हमारे पीएम नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ की हैं। हमले के बाद पूरा देश पी एम की ओर देख रहा था। भारतीय सेना की कार्रवाई को देखकर वहीं पाकिस्तान ने भी अपने घड़ियाली आंसू बहाने शुरू कर दिए हैं। हमें अपनी भारतीय सशस्त्र सेनाओं पर बेहद गर्व है जिन्होंने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी कैंपों पर हमला किया है। भारतीय सेना का साहस हर नागरिक को गर्व है। हर भारतीय को भारतीय सेना पर पूरा विश्वास है, जो भारत की संप्रभुता की रक्षा के लिए सीने पर गोली खाने से भी पीछे नहीं हटती।

पहलगाम आतंकी हमले के 15वें दिन बड़ी कार्रवाई करते हुए भारत ने मंगलवार आधी रात के बाद एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकाने तबाह कर दिए। पाकिस्तान को सबक सिखाने और आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए भारतीय सेना ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशन सिंदूर चलाया। आतंकी समूहों के ठिकानों को निशाना बनाया गया। स्कूल के शिक्षकों ने भारतीय सेना की सराहना करते हुए छात्रों को संबोधित किया।

# भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर किए जाने पर जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय इकाई द्वारा पहलगाम आतंकी हमले के विरुद्ध भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा की गई प्रमुख कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर की सराहना एवं समर्थन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्साहपूर्वक एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पदयात्रा निकाली। विश्वविद्यालय के डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर आनंद शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए शुभकामना दीं और कहा कि केवल सरकार द्वारा जारी की गई प्रामाणिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें तथा किसी भी भ्रामक या गुमराह करने वाली खबरों से बचें। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य तृप्ति सैनी ने कहा कि भारतवासियों ने कश्मीर को सदा अपना ताज माना है और आतंकवादियों ने उस ताज को हिलाने की कोशिश की है।



# छात्रों को नशे के खिलाफ जानकारी देकर जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया समालखा**
**( कुलदीप सिंह )**

जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने वीरवार को ब्रहमकुमारीज संस्थान के साथ संयुक्त रूप से गांव भापरा, करहंस व मच्छरौली गांव के सरकारी स्कूल में छात्रों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया।नशा मुक्त अभियान के जिला में नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कादियान ने कहा कि नशा करने वाले व्यक्ति को समाज व परिवार में कोई भी मान सम्मान नहीं करता है। नशा मनुष्य के शरीर को अंदर से खोखला कर देता है। नशे से शरीर का नुकशान होने के अतिरिक्त पैसों की भी बबार्दी होती है। नशा करने वाले व्यक्ति का ध्यान अपराध की तरफ बढ़ता है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है। पुलिस स्कूल, कॉलेज, फैक्टरी, गांव व कॉलोनियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन व विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक कर रही है।

समालखा ब्रहमकुमारी सेवा केंद्र की संचालिका किरण व सहयोगी ममता ने इस दौरान छात्राओं को नशे के दूष्परिणों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि छात्र नशे से दूर रहकर पढ़ाई के साथ खेलों में हिस्सा लेकर जीवन को सवारें।

# समाज कल्याण शिक्षा समिति द्वारा करवाया गया 28 व संपूर्ण शरीर दान

**सोनीपत /टीम एक्शन इंडिया**

आज नगीना वाइफ ऑफ मांगेराम गली नंबर 4 विशाल नगर सोनीपत जिन्होंने मरने से काफी समय पहले समाज कल्याण शिक्षा समिति के द्वारा चलाए जा र हे अग दान व शरीर दान की मुहिम को ध्यान में रखते हुए अपना फॉर्म भर दिया था। जिसमें उनके बेटा राजेश कुमार पत्नी ममता बेटी सुमन व रोहतास निर्मला भावेश राजेश आदि ने साथ मिलकर उसकी अंतिम इच्छा को पूर्ण करवाया इसके बाद समाज कल्याण शिक्षा समिति के प्रधान आनंद कुमार द्वारा एंबुलेंस बुलाई गई और उसे एंबुलेंस में नगीना देवी को महर्षि मार्कंडेय अंबाला मेडिकल कॉलेज में शरीर भेजा गया। ताकि इस शरीर पर बच्चे रिसर्च कर अच्छे डॉक्टर बन सके एक बॉडी पर करीब 14 बच्चे डॉक्टर बनते हैं इस अवसर पर मोहनलाल बडोली के भाई माइराम शर्मा ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया और बताया कि शरीर दान करना एक बहुत बड़ी भूमिका है। अ जिससे आने वाले समय में हम अपना शरीर दान करके अच्छे डॉक्टर बनने में मदद कर सकते हैं माय राम शर्मा जी ने बताया कि शरीर को मिट्टी बनाने से अगर हम शरीर का दान करें तो बहुत ही अच्छा कार्य है इस अवसर पर मां भारतीय रक्त वाहीनी के सचिव प्रेम गौतम वर्मा लैब के संचालक प्रवीण वर्मा सब इंस्पेक्टर जगत सिंह राजू वर्मा मनोज यादव रेवाड़ी आदि मौजूद रहे



# सभी गांवों में सार्वजनिक भवनों पर लगेंगे सायरन

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**

विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा ने राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में सायरन लगाने के आदेश जारी किए हैं।

यह आदेश सिविल डिफेंस अभ्यास के दौरान ग्राम पंचायतों की तैयारी सुनिश्चित करने के लिए दिया गया है। विकास एवं पंचायत विभाग के आयुक्त और सचिव द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, सभी ग्राम पंचायतों को केंद्र में स्थित सार्वजनिक भवन पर ऐसा सायरन लगाना होगा, जो पूरे ग्राम सभा क्षेत्र को कवर कर सके।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में रेडक्रॉस कमेटी के तत्वावधान में सर हेनरी ड्युनेट की स्मृति में वर्तमान समय में रेडक्रॉस जरूरत और इसके मानवतावादी कार्यो बारे जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ. सुभाष चंद्र जागलान ने और कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस कमेटी के अध्यक्ष ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार के द्वारा किया गया। डॉ सुभाष चंद्र जागलान ने कहा रक्तदान करने से जहां दूसरों का जीवन बचाया जा सकता है वहीं हमारे शरीर की अनेक बीमारियां दूर होती। डॉ जागलान ने सेमिनार में उपस्थित विद्यार्थियों को मॉकड्रिल बारे जागरूक किया। डॉ रितु नेहरा ने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि रेडक्रॉस आओ मिलकर रेडक्रॉस के मानवीय मूल्यों को जनसाधारण तक पहुंचाए। रेडक्रॉस अध्यक्ष ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने मंच संचालन करते हुए कहा कि रेडक्रॉस का उद्देश्य बहुत बड़ा है कि रेडक्रॉस का काम केवल रक्तदान तक सीमित नहीं है इसका उद्देश्य बड़ा व्यापक है रेडक्रॉस जहाँ हर साल लाखों यूनिट रक्त मानवता के लिए इकट्ठा करता है वहीं पूरे विश्व में मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए तत्पर रहते हुए धर्मनिरपेक्षता, लेंगिक समानता, जातिविहीन समाज के लिए कार्यरत है। सेमिनार में मंच से शपथ ग्रहण करवाते हुए ग्रीनमैन ने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि महात्मा बुद्ध महावीर स्वामी,डॉ आंबेडकर, महात्मा गांधी, ज्योतिबा फुले, भगतसिंह,सर छोटूराम, नेल्सन मंडेला, स्वामी विवेकानंद सहित सभी महापुरुषों ने मानवीय मूल्यों पर चलते हुए समाज में मानवता का प्रचार किया। प्रिंसिपल डॉ जागलान ने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी डायरिया, डेंगू, मलेरिया, पीलिया, एचआईवी एड्स, टी.वी, फस्टेड आदि से स्वयं जागरूक होकर दूसरों को जागरूक करने का काम करें।



# सतीश गर्ग बने सेक्टर -13 मार्किट एसोसिएशन के प्रधान, अवनि गुप्ता बने केशियर



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :**

सेक्टर -13 मार्किट एसोसिएशन का चुनाव संपन हो गया जिसमे सतीश गर्ग पार्षद ने प्रधान पद पर विजय प्राप्त की` अन्नपूर्णा रसोई संचालक अवनि गुप्ता ने बताया की सेक्टर -13 मार्किट एसोसिएशन के चुनाव में 2 लोग प्रधान पद का चुनाव लड़ रहे थे` जिसमे सतीश गर्ग पार्षद को 33 वोट पड़े जबकि सतीश लाडी को 8 वोट मिले अवनि गुप्ता ने बताया की बाकि कार्यकारणी सर्व्समिति से बने गयी है उप प्रधान रमेश गर्ग , सचिव मुनीश गोयल , सहसचिव श्याम लाल सैनी एवं समाजसेवी अवनि गुप्ता को केशियर बनाया गया है

# यौन उत्पीड़न का विक्टिम के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ता है गंभीर प्रभाव

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार और वर्षा शर्मा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव पानीपत के कुशल मार्गदर्शन में पानीपत मे गैर सरकारी संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा झटीपुर, चंदौली और बडौली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में यौन उत्पीड़न और बुलीइंग के खिलाफ एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



जिला समन्वयक संजय कुमार ने छात्र छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के रोस्टर अनुसार जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण और एमडीडी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में लड़कियों को यौन उत्पीड़न और बुलीइंग से बचने के तौर तरीकों के बारे में बताया।

संजय कुमार ने कहा कि किसी भी लड़की को घूरना, उसका पीछा करना, लड़कियों को देखकर सीटी बजाना या कमेंट करना और अश्लील इशारे करना यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आता है और यह एक गंभीर अपराध है। यौन उत्पीड़न का विक्टिम के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है और इसकी शिकार लड़कियां आत्महत्या जैसे खतरनाक कदम का भी शिकार बन सकती हैं। इसी के साथ बच्चों को यौन हमलों और अपराधों से बचाने के लिए पॉक्सो एक्ट में भी 7 साल से लेकर उम्र कैद तक की कड़ी सजा और जुमार्ने के प्रावधान हैं। यहां तक कि किसी बच्चे को अश्लील फोटो या मैसेज भेजना और उसके निजी अंगों को छूना भी पॉक्सो अधिनियम के दायरे में आता है और फास्ट ट्रैक कोर्ट में त्वरित सुनवाई होती है। साथ ही माननीय सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार हर पॉक्सो विक्टिम की मदद के लिए सहायक व्यक्ति भी बाल कल्याण समिति या जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा प्रदान किया जाता है।

उन्होंने लड़कों और लड़कियों से आह्वान किया कि हमें एक दूसरे का आपसी सम्मान करना चाहिए तभी हम एक स्वस्थ और आदर्श समाज का निर्माण कर पाएंगे। लड़कियों को किसी भी अपराध को हल्के में नहीं लेना चाहिए और किसी भी घटना को तुरंत अपने विश्वस्त मित्र, अभिभावक या अध्यापकों को बताना चाहिए और पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करानी चाहिए। अगर वे खुलकर बोलेंगी तभी ऐसी घटनाओं पर रोक लग पाएगी। समाज को भी अपनी सोच में बदलाव करने की जरूरत है कि यौन शोषण के लिए लड़की ही जिम्मेवार होती है और उसे ही समाज द्वारा सजा मिलती है।

# वर्ल्ड थैलेसीमिया डे: जागरूकता और स्टेम सेल डोनर की भारी कमी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंचकूला:** वर्ल्ड थैलेसीमिया डे के मौके पर पारस हेल्थ, पंचकूला के डॉक्टरों और हेल्थ एक्सपर्ट्स ने थैलेसीमिया को लेकर जागरूकता बढ़ाने, जल्दी जांच करवाने और इलाज की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की जरूरत पर जोर दिया है। थैलेसीमिया एक खून से संबंधित बीमारी है जो जन्म के समय से होती है। इसमें शरीर में खून में मौजूद हीमोग्लोबिन ठीक से नहीं बनता। यह बीमारी भारत में एक बड़ी समस्या बनी हुई है। दुनिया में थैलेसीमिया के जितने मामले हैं, उनमें से 25% भारत में हैं। भारत में करीब 1 लाख लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं और करीब 4 करोड़ 20 लाख लोग ऐसे हैं जो इसके वाहक (कैरीयर) हैं यानी उनके जरिए यह बीमारी उनके बच्चों में जा सकती है। डॉ. (ब्रिग) अजय शर्मा, डॉयरेक्टर और विभागाध्यक्ष, क्लीनिकल हीमैटोलॉजी और बीएमटी, पारस हेल्थ पंचकुला नेकहा, ह्लथैलेसीमिया सिर्फ एक बीमारी नहीं है, यह मरीज और उसके परिवार के लिए पूरे जीवन की एक मुश्किल यात्रा होती है, जिसमें भावनात्मक और पैसों से जुड़ी कई परेशानियाँ होती हैं। अगर समय पर जांच हो जाए, जैसे कि कैरियर टेस्ट, गर्भावस्था में टेस्ट और परिवार को सही सलाह मिले, तो इस बीमारी के बिना बच्चे को इस दुनिया में लाया जा सकता है। इसलिए थैलेसीमिया से बचाव को देश की एक बड़ी जरूरत और प्राथमिकता बनाना चाहिए।ह्व भले ही आज इलाज में तरक्की हुई है – जैसे कि समय-समय पर खून चढ़ाना और शरीर में आयरन कम करने की दवाइयाँ – जिससे थैलेसीमिया मरीजों की ज़िंदगी बेहतर हुई है।

# पूर्व सैनिकों ने स्कूली छात्रों को युद्ध की स्थिति से निपटने के लिए किया प्रेरित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला विधानसभा अंतर्गत खेड़ा गढ़ी स्थित वैदिक संस्कृत एग्रीकल्चर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, दिल्ली के पूर्व महासचिव सार्जेन्ट राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने छात्रों को भारत-पाकिस्तान के बीच संभावित युद्ध की स्थिति में उनकी भूमिका के बारे में जागरूक किया।







इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के वाइस प्रिंसिपल डॉ. नरेश शर्मा ने की। कार्यक्रम की शुरूआत पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गए 26 नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करके हुई। मुख्य वक्ता सार्जेन्ट राजेन्द्र सिंह ने छात्रों को बताया कि भारतीय सैनिक राष्ट्र सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उन्होंने हाल ही में संपन्न "ऑपरेशन सिंदूर" का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने 25 मिनट में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के 9 ठिकानों को नष्ट कर 120 आतंकवादियों को मार गिराया। उन्होंने 1971 के भारत-पाक युद्ध का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय पाकिस्तान के 93,000 सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया था, जिससे बांग्लादेश का उदय हुआ। वर्तमान में भी तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए उन्होंने छात्रों को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सार्जेन्ट सिंह ने छात्रों से आग्रह किया कि वे सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए उनकी सेवाओं की प्रशंसा करें। युद्ध के दौरान "भारत के वीर" जैसे स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से सैनिकों के लिए वित्तीय सहायता, भोजन, आश्रय, रक्तदान, और उनके परिवारों की मदद जैसे कार्य करें। इसके अलावा, घायल सैनिकों की चिकित्सा और युद्ध के बाद उनके पुनर्वास में सहयोग करें। उन्होंने छात्रों और नागरिकों से देश की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सजग रहकर पुलिस को सूचित करने की अपील की। युद्ध की स्थिति में व्यक्तिगत सावधानियों पर जोर देते हुए उन्होंने बताया कि हवाई हमले के दौरान रात में पूर्ण ब्लैकआउट रखें, नकदी और आभूषण सुरक्षित करें, परिवार को एकजुट रखें, बुजुर्गों की दवाइयां, काबोर्हाइड्रेट युक्त भोजन और पानी का भंडारण करें। साथ ही, खुले में आग या रोशनी से बचें और "ऑल क्लियर" सिग्नल मिलने तक शांति बनाए रखें। सार्जेन्ट सिंह ने यह भी बताया कि युद्ध के दौरान सैनिक बनने की इच्छा रखने वाले छात्र सिविल डिफेंस के माध्यम से टेरिटोरियल आर्मी में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सैनिकों को दुश्मनों के खिलाफ कार्रवाई की खुली छूट दी है और भारत अपने शत्रुओं को करारा जवाब देने में सक्षम है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस बार पाकिस्तान के साथ युद्ध हुआ, तो "हमारा कश्मीर तो रहेगा, लेकिन पाकिस्तान नहीं। कारगिल युद्ध के अनुभवी सुबेदार बलवान सिंह मान, सेना मेडल, ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि सैनिक बनना कठिन है, जिसमें जज्बातों को पिघलाकर शरीर को फौलाद बनाना पड़ता है। उन्होंने भी आंतरिक शत्रुओं से सावधान रहने की सलाह दी। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. नरेश शर्मा ने पूर्व सैनिकों की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सार्जेन्ट राजेन्द्र सिंह, जो उनके स्कूल के पूर्व छात्र हैं, ने दूसरी बार (पहले दिसंबर 2023 में) छात्रों का मार्गदर्शन किया।

उन्होंने आशा जताई कि ऐसे कार्यक्रम अन्य स्कूलों में भी आयोजित होंगे, जिससे छात्रों में देशभक्ति की भावना बढ़ेगी।

कार्यक्रम में सार्जेन्ट राजेन्द्र सिंह, हवलदार अजय कुमार मान, हवलदार सतीश मान, और सुबेदार बलवान सिंह मान सहित स्कूल के लगभग 400 छात्रों और शिक्षकों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।



वजीरपुर जेजे कॉलोनी के पार्को में सफाई करवाते हुए वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।

# पूर्व मंडल अध्यक्ष ने नवनियुक्त अध्यक्ष संगीता बिष्ट को दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** हाल ही में दिल्ली भाजपा ने दिल्ली के 204 मंडलों के अध्यक्षों की घोषणा की थी। जिसके बाद नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों ने अपने पदों कि जिम्मेदारी संभालते हुए पार्टी व जन हितों में कार्य करने शुरू कर दिए है। तो वहीं बुराडी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संत नगर वार्ड नंबर-9 से नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष संगीता बिष्ट को संत नगर वार्ड ने पूर्व अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह ने बधाई देते हुए उनको आशिर्वाद भी दिया। इस मौके पर संगीता बिष्ट ने कहा कि कृष्णपाल मेरे बडे भाई जैसे है, जिनसे मुझे हमेशा ही स्नेह तो मिला ही है बल्कि उन्होंने हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन भी किया है और आज मैं कृष्णपाल सिंह के आर्शिवाद से बतौर मंडल अध्यक्ष चुनी गई हूं तो मैं उनका आभार व्यक्त करती हूं और भविष्य में भी उनके वही स्नेह वही मार्गदर्शन की भी उम्मीद करती हूं। इस मौके पर कृष्णपाल ने संगीता बिष्ट को फूलमाला पहनाकर व बुके देकर उनकों सम्मानित किया व आर्शिवाद भी दिया। तो वहीं कृष्णपाल ने संगीता बिष्ट को कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी जो दायित्व सौंपा है उसको पूरी मेहनत व लगन से पूरा करो और सदैव ही जन सेवा के लिए तत्पर रहना। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संगीता बिष्ट के पति व संत नगर के बूथ संयोजक जगमोहन बिष्ट भी मौजूद रहे।





मंडल अध्यक्ष बनने के बाद संगीता बिष्ट कृष्णपाल के निवास पर पहुंची थी और उनका स्वागत कर आर्शिवाद भी प्राप्त किया। इस दौरान संगीता ने कहा कि पार्टी ने जो मेरे ऊपर विश्वास जता कर पद सौंपा हैं मैं उस पद की महेशा गरिमा बरकरार रखूंगी और पूरी निष्ठा के साथ जन सेवा करती रहूंगी और हमारी पार्टी की सरकार की जो भी सरकारी योजनाएं होगी उसको मैं जन-जन तक पहुंचाने के लिए भरसक प्रयासरत रहूंगी।

# भारतीय सेना के मनोबल को मजबूत करने के लिए जय हिन्द यात्रा में भाग लेगी कांग्रेसः देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में संगठन सृजन अभियान के तहत आज प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में हुई महत्वपूर्ण बैठक में प्रस्ताव पास करके यह निर्णय लिया कि दिल्ली कांग्रेस भारतीय सेना के मनोबल को मजबूत करने के लिए कल दिनांक 09 मई, 2025 को सायं 3 बजे जंतर मंतर पर जय हिन्द यात्रा में भाग लेंगी। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पहलगाम में शहीद हुए 26 निर्दोष लोगों का बदला लेकर पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी कैंपों को नेस्तनाबूद करने की जवाबी कार्यवाही के लिए सराहना प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। बैठक में रखे गए प्रस्ताव में कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और संसद में विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी जी का देश में संकट के समय सरकार को दिए गए समर्थन के लिए भी धन्यवाद दिया गया। सभी नेताओं ने एक सुर में इस संकट की घड़ी में भारतीय सेना और देश के साथ खड़े होने का प्रस्ताव भी पास किया।



बैठक में प्रदेश अध्यक्ष श्री देवेन्द्र यादव के अलावा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी श्री काजी निजामुद्दीन, पूर्व दिल्ली मंत्री डा0 नरेन्द्र नाथ और श्री मंगतराम सिंघल, अ0भा0क0कमेटी के पूर्व सचिव रोहित चौधरी, प्रवक्ता रागिनी नायक, वरिष्ठ नेता श्री जगजीवन शर्मा, निगम पार्षद मौहम्मद जरीफ, राजेश गर्ग, अनुज आत्रेय मौजूद थे।

# शिक्षकों के मुद्दों पर हुई बैठक, जीएसटीए ने उठाई मांगें

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सचिवालय में शिक्षकों से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने की और सांसद योगेन्द्र चंदौलिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक में शिक्षा सचिव, शिक्षा निदेशक, अतिरिक्त शिक्षा निदेशक (प्रशासन व शिक्षण) और निदेशक, सहित गेस्ट टीचर्स व वोकेशनल टीचर्स के प्रतिनिधि शामिल रहे।



राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजय वीर यादव ने शिक्षकों से संबंधित कई महत्त्वपूर्ण मुद्दे उठाए, जिनमें विशेष रूप से विगत वर्षों में हुए 5006 शिक्षकों के असंवैधानिक तबादले, गेस्ट टीचर्स के वेतन में बढ़ोतरी व जॉब सिक्योरिटी, तथा वोकेशनल टीचर्स की सेवा बहाली व लंबित भुगतान शामिल रहे।

यादव ने यह भी बताया कि पिछली सरकार के कार्यकाल में 10 वर्षों से एक ही विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों का तत्काल ट्रांसफर कर दिया गया था, जिसे तत्कालीन उपराज्यपाल और भाजपा नेतृत्व के हस्तक्षेप से वापस लिया गया था। इसी प्रकार, वोकेशनल टीचर्स की छुट्टियों में सेवा समाप्ति का आदेश भी रद्द हुआ था। शिक्षा मंत्री ने गेस्ट टीचर्स के वेतन में हरियाणा मॉडल की तर्ज पर सुधार एवं सुरक्षा देने पर सकारात्मक विचार व्यक्त किए और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने वोकेशनल टीचर्स से संबंधित पुराने आदेशों की समीक्षा का भी भरोसा दिलाया।

महासचिव यादव ने बताया कि जीएसटीए द्वारा 25 सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें प्रमुख बिंदुओं में शामिल हैं। पीएफसी में सुधार, वार्षिक तबादला नीति में परिवर्तन, टैबलेट राशि का भुगतान, एंप्लॉई चार्टर की बहाली, प्रमोशन, लैब असिस्टेंट व लाइब्रेरियन से जुड़ी समस्याएं, समयबद्ध सेवा लाभ, सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा जीएसटीए के लंबित चुनाव का था, जिस पर मंत्री महोदय ने स्पष्ट आश्वासन दिया कि चुनाव शीघ्र कराए जाएंगे।

अजय वीर यादव ने माननीय शिक्षा मंत्री आशीष सूद जी व सांसद योगेन्द्र चंदौलिया का समस्त शिक्षक समाज की ओर से आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि उनके मार्गदर्शन में दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था अधिक पारदर्शी, शिक्षक-हितैषी बनेगी।




करोल बाग के देव नगर स्थित मदर डेयरी बूथ पर दूध के बढ़े दामों के विरोध में प्रदर्शन करते हुए पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता।

# तिरंगा मार्च निकालकर पाकिस्तान के खिलाफ किया प्रदर्शन




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारत द्वारा पाकिस्तान में चल रहे आतंकवादी अड्डों पर सफलतापूर्वक ऑपरेशन सिन्दूर तहत आतंकवादी अड्डों को तबाह करके भारत के जम्मू-कश्मीर में बेगुनाहों की हत्या का बदला लिया। भारत सरकार द्वारा की गई इस कार्यवाही के समर्थन में फेडरेशन ऑफ सदर बाजार 'ट्रेड्स एसोसिएशन (पंजी) के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा व अध्यक्ष राकेश यादव की अध्यक्षता में सदर बाजार के सैकड़ो व्यापारियों ने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कुतुब रोड चौक से भारतीय सेना के समर्थन में तिरंगा मार्च निकाली गई।



`आजादपुर मंडल भाजपा का अध्यक्ष बनने पर इन्द्रजीत मुखी को बधाई देते हुए वीआईपी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विपिन पिव्हाल व पंकज कालरा।

# जानकी प्रकोटोत्सव पर कई कार्यक्रम हुए आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के किराड़ी विधानसभा अंतर्गत किराड़ी के जानकी विहार में हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य जनक जननी मां सीता की प्रकोटोत्सव पर जानकी प्रकोटोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माँ जानकी जी की मूर्ति स्थापित कर कलश शोभायात्रा, विधिवत पूजन, आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य लोगों ने इस आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



जिसमें मूल रूप से किराड़ी के पूर्व विधायक ऋतुराज झा, किराड़ी विधान सभा में भाजपा के प्रत्याशी बजरंग शुक्ला, जनहित पूर्वांचल सोसाइटी नरेला के महासचिव विनीत कुमार, किराड़ी भाजपा के युवा नेता राजीव पाठक, बुराड़ी से पूर्व कांग्रेस के निगम प्रत्याशी तपन झा, युवा लोकजनशक्ति पार्टी के नेता विभय झा, समाज सेवक अरुण ठाकुर, रोहिणी से टी एन झा, सुनीत ठाकुर व दिल्ली के अनेक क्षेत्र से सामाजिक व्यक्तित्व उपस्थित हुए। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में बॉलीवुड की मशहूर गायिका प्रिया मल्लिक ने अपने स्वर से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने संपूर्ण रात्रि मैया जानकी व भगवान श्री राम के गीतों पर लोगों को झूमने पर मजबूर किए। वहीं मैथिल समाज की दो पुत्री आश्वति व अक्षिता ने राम सीता के विवाह व जीवन पर आधारित गीतों से सभी दर्शकों को झूमने को मजबूर कर दिया। संस्था के संस्थापक बलदेव झा संयोजक, रतन मिश्रा अध्यक्ष सौरभ, भूषण झा, ललित झा, ललन मिश्रा गोलू झा, मुरारी मोहन झा व संस्था के अन्य पदाधिकारियों के द्वारा आए हुए अतिथियों का मिथिला के पाग दुपट्टा व मोमेंटो से स्वागत किया गया।

माँ जानकी के विधिवत पूजन, आरती, हवन के संग जल प्रवाह कर विसर्जन किया गया। इस आयोजन के मुख्य आयोजक मिथिला एकता परिषद, महादेव सेना, अपन मिथिला अपन समाज के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर महादेव सेना के अध्यक्ष सौरभ झा द्वारा पूर्व विधायक व सभी अतिथि से किराड़ी में जानकी भवन बनवाने का आग्रह किया। संस्थापक बलदेव झा ने सबको विश्वास दिलाया कि आने वाले साल यह कार्यक्रम बहुत विशाल स्तर पर होगा।

# जनहित पूर्वांचल सोसाइटी ने किया डीसी राकेश कुमार का स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** नरेला एमसीडी जोन के डीसी राकेश कुमार को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।

जिसमें नरेला क्षेत्र में निरंतर इंक्रोचमेंट हटाने, नरेला की सबसे बड़ी समस्या जाम से निजात दिलाने व साफ-सफाई की व्यवस्था उत्तम करवाने हेतु जनहित पूर्वांचल सोसाइटी रजि. नरेला के महासचिव विनीत कुमार, नरेला अनाज मंडी के सदस्य संतोष यादव, समाजसेवी सत्येंद्र झा, समाजसेवी शम्भु झा, समाजसेवी अमित मिश्रा व बबलू यादव ने उनके कार्यालय में जाकर मिथिलांचल की मान व सम्मान पाग दुपट्टा व मोमेंटो से स्वागत किया।



## आतंकवाद विरुद्ध लड़ाई में नेपाल का भारत को समर्थन

**नई दिल्लीः** पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवाद के संघर्ष में भारत के रुख का समर्थन करते हुए नेपाल सरकार ने ताजा बयान जारी किया है। भारत के तरफ से ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने के बाद नेपाल का यह आधिकारिक बयान आया है। नेपाल के विदेश मंत्रालय की तरफ से एक बयान जारी करते हुए आतंकवाद विरुद्ध के सभी प्रकार के संघर्ष में नेपाल का साथ और समर्थन रहने की बात स्पष्ट की गई है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में एक नेपाली नागरिक सहित 26 लोगों की मौत के बाद ही नेपाल ने आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष में भारत का साथ देने की बात स्पष्ट कर दी थी।

## मांडविया करेंगे 'फिट इंडिया साइक्लिंग रैली' का नेतृत्व

**नई दिल्ली। फिट इंडिया मूवमेंट** के तहत आयोजित होने वाली 'फिट इंडिया साइक्लिंग रैली' का आयोजन 9 मई 2025 को चेन्नई में किया जाएगा। इस रैली का नेतृत्व केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया करेंगे। यह रैली सुबह 6:30 बजे ऐतिहासिक वॉर मेमोरियल से शुरू होकर वहीं समाप्त होगी। साइक्लिंग रूट शहर के दर्शनीय स्थलों से होकर गुजरेगा, जिसमें नेपियर ब्रिज और मरीना बीच जैसी प्रमुख जगहें शामिल हैं। यह मार्ग प्रतिभागियों को चेन्नई के खूबसूरत तटीय इलाकों का अनुभव कराएगा। रैली शुरू होने से पहले वॉर मेमोरियल के सामने स्थित आइलैंड ग्राउंड्स पर सुबह 6:00 बजे से जुम्बा और योगा सेशन का आयोजन होगा, जो प्रतिभागियों के लिए ऊर्जावान वार्म-अप होगा। इस रैली को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाएंगे हॉकी के पूर्व ओलंपियन और 1980 में ओलंपिक गोल्ड मेडल जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान वी.भास्करन। उनके साथ एशियन गेम्स में एक संस्करण में दो गोल्ड मेडल जीतने वाले एकमात्र भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी हरिंदर पाल संधू भी उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साइ), तमिलनाडु खेल विकास प्राधिकरण के खिलाड़ी और चेन्नई के साइक्लिंग प्रेमी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

# आईपीएल 2025: सीएसके ने केकेआर को दो विकेट से हराया, बिगाड़ प्लेऑफ का खेल





**कोलकाता। इंडियन प्रीमियर** लीग (आईपीएल) 2025 के 57वें मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने मेजबान कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) को दो विकेट से हरा दिया है। इस हार के साथ कोलकाता के भी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद को धक्का लगा है। कोलकाता की ओर से मिले 180 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके की शुरुआत काफी खराब रही। टीम को दोनों ओपनर आयुष म्हात्रे और डेवन कॉनवे बिना खाता खोले आउट हो गए। फिर आईपीएल में पदार्पण कर रहे उर्विल पटेल ने अच्छे शॉट लगाकर टीम को उम्मीद की राह पर लौटाया। उर्विल ने 11 गेंदों में 31 रन की पारी खेली। प्रमोट कर बल्लेबाजी के लिए ऊपर भेजे गए आर. अश्विन (8 रन) और रविंद्र जडेजा (19 रन) भी जल्द पवेलियन लौट गए। हालांकि इसके बाद शिवम दुबे और डेवाल्ड ब्रेविस ने 67 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूद स्थिति में ला खड़ा किया। आखिर में महेंद्र सिंह धोनी ने 17 रन की पारी खेलकर टीम को जीत दिला दी। कोलकाता के लिए वैभव अरोड़ा ने तीन विकेट और हर्षित राणा व वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट चटकाए। जबकि मोइन अली को एक सफलता मिली। इससे पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए केकेआर 20 ओवर में 6 विकेट पर 179 रन बनाए। टीम के लिए अजिंक्या रहाणे ने 48 रन और सुनील नारायण ने 26 रन बनाए। जबकि आंद्रे रसेल 38 और मनीष पांडे 36 रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई की ओर से नूर अहमद ने चार विकेट चटकाए। जबकि अंशुल कम्बोज और रविंद्र जडेजा के खाते में एक-एक

## अपने आईपीएल भविष्य पर बोले एमएस धोनी-'अभी मेरे लिए कोई फैसला लेने का समय नहीं'



**कोलकाता। इंडियन प्रीमियर** लीग (आईपीएल 2025) धोनी का आखिरी सीजन होगा या नहीं, इसका फैसला खुद माही ने भी अभी नहीं किया है। 43 वर्षीय धोनी ने कहा कि वो हर साल सिर्फ दो महीने ही खेलते हैं और हर सीजन के बाद उन्हें यह तय करने के लिए 6-8 महीने मेहनत करनी होती है कि उनका शरीर अगले सीजन का दबाव झेल पाएगा या नहीं।

**आईपीएल से बाहर, लेकिन सीएसके के लिए दिल से खेल रहे हैं धोनी**

कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रोमांचक जीत के बाद धोनी ने कहा, "अभी मेरे लिए कोई फैसला लेने का समय नहीं है, लेकिन जहां भी जाता हूं वहां मुझे प्यार और अपनापन महसूस होता है।" धोनी इस सीजन कम फिजिकल योगदान दे रहे हैं, सीएसके कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने भी माना कि धोनी के घुटने उन्हें लंबे समय तक बल्लेबाजी करने की इजाजत नहीं देते। बुधवार को 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए धोनी 13वें ओवर में बल्लेबाजी के लिए आए। उन्होंने शिवम दुबे के साथ मिलकर मैच को आखिरी ओवर तक पहुंचाया और आंद्रे रसेल की गेंद पर एक अहम छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई।

**उर्विल पटेल और ब्रेविस की धमाकेदार एंट्री**

इस मैच में दो युवा सितारे चर्चा में रहे ह्र उर्विल पटेल और डेवाल्ड ब्रेविस। आईपीएल डेब्यू कर रहे उर्विल ने शुरुआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए और मात्र 11 गेंदों में 31 रन ठोक दिए, जिसमें चार छक्के शामिल थे। वहीं ब्रेविस ने 22 गेंदों में फिफ्टी जड़ दी, जिसमें वैभव अरोड़ा के एक ओवर में 6,4,4,6,6,4 जैसे शॉट्स भी शामिल थे।

## रोहित शर्मा के शानदार टेस्ट करियर पर बीसीसीआई ने दी बधाई



**नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट** कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने पर उन्हें बुधवार को भावभीनी शुभकामनाएं दी हैं। बोर्ड ने उनके योगदान को 'प्रेरणादायक और शानदार' बताते हुए उनके उज्ज्वल करियर की सराहना की है। रोहित अब टेस्ट और टी20 फॉर्मेट को अलविदा कह चुके हैं, हालांकि वह भारत की वनडे टीम का हिस्सा बने रहेंगे। रोहित ने बुधवार रात सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट कर टेस्ट क्रिकेट से तत्काल प्रभाव से संन्यास की घोषणा की।

**2013 में किया डेब्यू, 2025 तक रहा टेस्ट क्रिकेट में शानदार सफर**

रोहित शर्मा ने 2013 में टेस्ट क्रिकेट में कदम रखा और भारत के 35वें टेस्ट कप्तान के रूप में जिम्मेदारी संभाली। अपने 67 टेस्ट मुकाबलों में उन्होंने 40.57 की औसत से 4,301 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 212 रनों की सर्वश्रेष्ठ पारी शामिल है। आंकड़ों से परे, उन्होंने भारतीय क्रिकेट को धैर्य, नेतृत्व और समर्पण की एक मजबूत विरासत सौंपी है।

**मिडल ऑर्डर से ओपनर तक का सफर बना मिसाल**

एक समय मिडल ऑर्डर बल्लेबाज रहे रोहित शर्मा ने खुद को टेस्ट क्रिकेट के सबसे सफल ओपनरों में शामिल किया। उन्होंने तकनीकी मजबूती और आक्रामकता के संतुलन के साथ टीम को मजबूत शुरुआत देने का काम किया। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी से खेला।

**कप्तान के रूप में भी निभाई अहम भूमिका**

रोहित ने 24 टेस्ट में टीम की कप्तानी की, जिनमें से 12 में भारत को जीत मिली। उन्होंने संक्रमणकालीन दौर और चोटों से जूझती टीम को मजबूती से संभाला। उनके नेतृत्व ने युवाओं को प्रेरित किया और उनकी बल्लेबाजी ने करोड़ों प्रशंसकों का दिल जीता।

**बीसीसीआई अध्यक्ष और सचिव ने दी शुभकामनाएं**

बीसीसीआई अध्यक्ष रॉजर बिन्नी ने कहा,"रोहित शर्मा का प्रभाव आंकड़ों से कहीं ऊपर है। उन्होंने टीम को स्थिरता, आत्मविश्वास और अनुशासन दिया। उनकी नेतृत्व क्षमता और संयमित स्वभाव ने भारतीय क्रिकेट को एक नई दिशा दी है।" **वहीं, बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने कहा,** "रोहित शर्मा न सिर्फ एक शानदार बल्लेबाज रहे बल्कि एक ऐसे कप्तान भी, जिन्होंने हमेशा टीम को प्राथमिकता दी। उनका अनुशासन, विनम्रता और उत्कृष्टता आज की पीढ़ी के लिए मिसाल है। भारतीय क्रिकेट हमेशा उनके योगदान का ऋणी रहेगा।"

## महिला फुटबॉल वर्ल्ड कप 2027 की मेजबानी करेगा ब्राजील, इन 8 शहरों में होंगे मैच



**नई दिल्ली। फीफा ने** ऐलान किया है कि 2027 में होने वाला महिला फुटबॉल विश्व कप पहली बार दक्षिण अमेरिका की सरजमीं पर आयोजित होगा और इसकी मेजबानी ब्राजील करेगा। इस टूर्नामेंट के सभी 64 मुकाबले 8 अलग-अलग शहरों के प्रतिष्ठित स्टेडियमों में खेले जाएंगे। फीफा अध्यक्ष जियानी इंफेंटिनो ने कहा, ह्रसांबा से लेकर फ्रेंवो तक, खूबसूरत समुद्रतटों से लेकर आधुनिक शहरों तक–दुनिया 2027 में ब्राजील की ऊर्जा, रंग और गर्मजोशी को महसूस करेगी।ह्न उन्होंने भरोसा जताया कि यह टूर्नामेंट मेजबान शहरों के लिए यादगार अनुभव होगा और इसका सकारात्मक असर व्यापक होगा।

**कुल 32 टीमें हिस्सा लेंगी**

फीफा महासचिव मैटियास ग्राफस्ट्रॉम ने कहा, यह वर्ल्ड कप महिला फुटबॉल के इतिहास में एक ऐतिहासिक मोड़ होगा क्योंकि पहली बार यह टूर्नामेंट दक्षिण अमेरिका में हो रहा है।ह्न उन्होंने उम्मीद जताई कि यह आयोजन पूरे महाद्वीप की अगली पीढ़ी को प्रेरित करेगा।

## आरसीबी ने देवदत्त की जगह मयंक को टीम में किया शामिल



**बेंगलुरु। इंडियन प्रीमियर** लीग (आईपीएल) 2025 के शेष मुकाबलों के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने बुधवार को मयंक अग्रवाल को चोटिल देवदत्त पडिक्कल के स्थान पर टीम में शामिल किया है। पडिक्कल को दाहिनी हैमस्ट्रिंग में चोट लगी है, जिसके चलते उन्हें पूरे टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा है।


**पडिक्कल रहे आरसीबी के प्रमुख बल्लेबाज**

बाएं हाथ के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल इस सीजन आरसीबी की बल्लेबाजी का मजबूत स्तंभ रहे। उन्होंने 10 पारियों में 247 रन बनाए, जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। उनका स्ट्राइक रेट 150.60 रहा और वे 11 मैचों के बाद टीम के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। आरसीबी में लौटे मयंक अग्रवाल बेंगलुरु के स्थानीय खिलाड़ी मयंक अग्रवाल एक दशक से भी अधिक समय बाद आरसीबी की टीम में लौटे हैं। मयंक ने अब तक 127 आईपीएल मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने 2661 रन बनाए हैं। उनके नाम एक शतक और 13 अर्धशतक दर्ज हैं। आरसीबी ने उन्हें 1 करोड़ रुपये में टीम में शामिल किया है। आरसीबी के क्रिकेट निदेशक मो बोबट ने कहा, "देवदत्त का इस स्टेज पर बाहर होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, खासकर जब उन्होंने इस सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है। हम उन्हें जल्द स्वस्थ होने की शुभकामनाएं देते हैं। वहीं, मयंक अग्रवाल का टीम में स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है। उनका अनुभव और बहुमुखी प्रतिभा हमारे लिए टूर्नामेंट के अहम चरण में काफी मददगार साबित होगी।"

**आरसीबी के बचे हुए मुकाबले**

आरसीबी को अब लीग चरण में तीन मुकाबले खेलने हैं, जिनमें पहला 9 मई को लखनऊ में एलएसजी के खिलाफ, दूसरा 13 मई को बेंगलुरु में हैदराबाद के खिलाफ और तीसरा और अंतिम 17 मई को बेंगलुरु में केकेआर के खिलाफ है।

## सऊदी प्रो लीग 2024-25: खिताबी दौड़ में पिछड़ा अल नासर



**हार का सामना**

सऊदी प्रो लीग के एक अहम मुकाबले में अल इत्तिहाद के खिलाफ 2-3 की हार का सामना करना पड़ा

**नई दिल्ली। क्रिस्टियानो** रोनाल्डो की टीम अल नासर को सऊदी प्रो लीग के एक अहम मुकाबले में अल इत्तिहाद के खिलाफ 2-3 की हार का सामना करना पड़ा। अल-अव्वल पार्क में खेले गए इस मुकाबले में अल नासर ने दो गोल की बढ़त बना ली थी, लेकिन दूसरे हाफ में टीम ने वह बढ़त गंवा दी। रोनाल्डो इस मैच में गोल करने में नाकाम रहे।

**तीसरे मिनट में सादियो माने ने दिलाई बढ़त**

अल नासर की शुरुआत जबरदस्त रही और तीसरे मिनट में ही सादियो माने ने गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। यह मौका उन्हें इत्तिहाद के डिफेंडर अब्दुलएलाह अल-अमारी की गलती से मिला, जिनकी बैक पास किक माने के पास पहुंच गई। माने ने गेंद को कंट्रोल करने के बाद गोलकीपर प्रेड्रैग राजकोविच को छकाते हुए गेंद को नेट में डाल दिया।

**पहले हाफ में 2-0 की मजबूत स्थिति में थी अल नासर**

पहले हाफ के खत्म होने से पहले अल नासर ने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। इस बार माने ने असिस्ट किया और अयमन यहया ने बिना समय गंवाए गेंद को नेट में पहुंचाया। पहले हाफ के बाद ऐसा लग रहा था कि अल नासर आसानी से मुकाबला जीत लेगी।

**बेंजेमा-कांते ने किया पलटवार, औआर ने दिलाई जीत**

दूसरे हाफ की शुरुआत में ही अल इत्तिहाद ने आक्रामक रुख अपनाया और पांच मिनट के अंदर वापसी के संकेत दे दिए। रोनाल्डो के पुराने साथी करीम बेंजेमा ने हेडर के जरिए गेंद को आगे बढ़ाया और इसके तीन मिनट बाद ही एनगोलो कांते ने कट बैक पास पर शानदार गोल कर स्कोर 2-2 कर दिया। निर्णायक गोल हौसेम औआर के नाम रहा, जिनका पहला शॉट अल नासर के गोलकीपर बेंटो ने रोक लिया था, लेकिन रिबाउंड पर गेंद इत्तिहाद के खिलाड़ी से टकराकर नेट में चली गई।

## रॉयल्स ने नितीश राणा, संदीप की जगह लिए प्रिटोरियस और नांद्रे को किया शामिल



**नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर** लीग (आईपीएल) 2025 में चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रही राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने टीम में दो अहम बदलाव किए हैं। नितीश राणा और संदीप शर्मा के चोट के चलते टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद फ्रेंचाइजी ने उनके स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के लुआन-ड्रे प्रिटोरियस और नांद्रे बर्गर को टीम में जोड़ा है।

**नितीश की जगह लुआन-ड्रे प्रिटोरियस**

राजस्थान रॉयल्स ने चोटिल नितीश राणा की जगह लुआन-ड्रे प्रिटोरियस को टीम में शामिल किया है। नितीश राणा ने आरआर के लिए इस सीजन दो प्रभावशाली पारियां खेली थीं। पहली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ गुवाहाटी में 36 गेंदों पर 81 रन और दूसरी दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ दिल्ली में 28 गेंदों पर 51 रन। आईपीएल के बयान के अनुसार राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने नितीश राणा के स्थान पर लुआन-ड्रे प्रिटोरियस को टीम में शामिल किया है, जो चोट के कारण टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। 19 वर्षीय प्रिटोरियस एक आक्रामक बाएं हाथ के ओपनर बल्लेबाज और विकेटकीपर हैं।

**शेष मैच**

राजस्थान रॉयल्स ने चोटिल नितीश राणा की जगह लुआन-ड्रे प्रिटोरियस को टीम में शामिल किया है

उन्हें राजस्थान ने 30 लाख रुपये में साइन किया है। उन्होंने अब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू नहीं किया है, लेकिन 2025 एसए20 में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 12 मैचों में 397 रन बनाए थे, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 166.80 रहा था। पार्ल रॉयल्स की ओर से खेलते हुए उन्होंने सनराइजर्स ईस्टर्न केप के खिलाफ 51 गेंदों में 97 रनों की धमाकेदार पारी खेली थी। इसके बाद उन्हें इंग्लैंड की हैम्पशायर टीम ने विटैलिटी ब्लास्ट के लिए भी साइन किया। 2024 अंडर-19 वर्ल्ड कप में वे दक्षिण अफ्रीका के टॉप स्कोरर भी रहे थे।

**संदीप शर्मा की जगह शामिल हुए नांद्रे बर्गर**

तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने इस सीजन 10 मैचों में 9 विकेट लिए थे, लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुभमन गिल का शॉट रोकने के प्रयास में उनकी उंगली में चोट लग गई, जिसके कारण उन्हें बाहर होना पड़ा। उनकी जगह टीम में दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर को 3.5 करोड़ रुपये में टीम से जोड़ा गया है। बर्गर पिछले सीजन में भी राजस्थान रॉयल्स के साथ थे। आईपीएल के बयान के अनुसार राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष मैचों के लिए चोटिल संदीप शर्मा की जगह नंद्रे बर्गर को टीम में शामिल किया है।

**प्लेऑफ से बाहर हुई राजस्थान रॉयल्स**

राजस्थान रॉयल्स का प्रदर्शन इस सीजन निराशाजनक रहा है। टीम 12 में से सिर्फ 3 मैच जीत पाई है और अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। वे पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके हैं।

## पीएसजी ने आर्सनल को हराकर फाइनल में बनाई जगह, रुइज और हकीमी रहे हीरो



**पेरिस। फैबियन रुइज और अचरफ हकीमी के गोलों** की मदद से पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने बुधवार देर रात को आर्सेनल को सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 2-1 से हराकर कुल 3-1 के अंतर से चैम्पियंस लीग 2024-25 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। यह क्लब के इतिहास में दूसरी बार फाइनल में पहुंचना है।

**रुइज और हकीमी के गोलों ने दिलाई जीत**

पहले चरण में 1-0 से बढ़त हासिल कर चुकी पीएसजी ने अपने घरेलू मैदान ह्रपार्क डेस प्रिंसह्न में शानदार प्रदर्शन किया। 27वें मिनट में फैबियन रुइज ने बॉक्स के बाहर से जोरदार शॉट मारकर पहला गोल किया। इसके बाद दूसरे हाफ में अचरफ हकीमी ने 72वें मिनट में दूसरा गोल दागकर मुकाबले को लगभग खत्म कर दिया।

**साका ने लौटाई उम्मीद, लेकिन चूके मौके पर**

आर्सेनल के लिए बुकायो साका ने 76वें मिनट में एक गोल कर वापसी की उम्मीद जगाई।

## पैरा चैंपियन निरंजन सिंह ने भारत के लिए जीता रजत



**नई दिल्ली। एशियन पैरा-आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप में** 65 किग्रा भारवर्ग (बैठकर खेलने की श्रेणी) में मध्यप्रदेश के ग्वालियर के रहने वाले निरंजन सिंह ने रजत पदक हासिल किया है। यह एक ऐतिहासिक अवसर है, जब पीपल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया राजधानी में प्रतिष्ठित 23वीं एशियन आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप और 22वीं एशियन पैरा-आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है। इस प्रतियोगिता में 14 देशों के 500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। मध्यप्रदेश से ताल्लुक रखने वाले निरंजन ने अपनी प्रेरणादायक यात्रा के बारे में बात करते हुए कहा, ह्रआर्मरेसलिंग में आना आसान नहीं था। मैंने कई खेल खेले हैं, क्रिकेट भी खेला और कुछ अन्य खेलों में भी भाग लिया। इस महीने के अंत में मैं व्हीलचेयर क्रिकेट के नेशनल्स में भी हिस्सा लेने जा रहा हूं, लेकिन आर्मरेसलिंग ने मुझे सबसे ज्यादा आकर्षित किया है। निरंजन की जिंदगी संघर्षों से भरी रही, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उन्होंने कहा, "मैं दिव्यांग हूं, मेरा जन्म बिना पैरों के हुआ था, इसलिए मेरे हाथ ही मेरी ताकत बन गए। उन्होंने कहा, मैंने ट्रैक्टर चलाया – क्लच, ब्रेक, एक्सेलेरेटर सब हाथों से संभाला। बाद में मैं डिलीवरी ड्राइवर की नौकरी करने लगा और अपने दम पर दुनिया को जाना। उसी दौरान मेरी मुलाकात वर्ल्ड चैंपियन अरविंद राजन से हुई, जिनका मुझ पर विश्वास मेरी जिंदगी का टर्निंग पॉइंट बना। उन्होंने मुझे कोच मनीष कुमार से मिलवाया और वहीं से मेरी नई यात्रा शुरू हुई। उन्होंने आगे कहा, मैंने 2021 में इस खेल की शुरुआत की और 2022 में हैदराबाद में अपने पहले नेशनल्स में भाग लिया -जहां मैंने बाएं हाथ से जीत हासिल की। उस जीत ने मेरा आत्मविश्वास बढ़ा दिया। उसके बाद मैंने दुबई में एशियन चैंपियनशिप में हिस्सा लिया और कांस्य पदक जीता। तब से यह यात्रा काफी फलदायी रही है। निरंजन ने प्रो पंजा के को-फाउंडर परवीन डबास और पीपल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन इंडिया की अध्यक्ष व एशियन आर्मरेसलिंग फेडरेशन की उपाध्यक्ष प्रीति जगियानी का विशेष धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, ह्रमैं परवीन सर और प्रीति मैम का बहुत आभारी हूं, जिन्होंने मुझे और इस खेल को भरपूर समर्थन दिया। वे इस खेल को बढ़ावा देने के लिए दिल से मेहनत कर रहे हैं और मुझे गर्व है कि मैं इस प्रतियोगिता का हिस्सा हूं। यह सप्ताहभर चलने वाला आयोजन 10 मई को समाप्त होगा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 09 मई 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHI / 2006 / 19302

फास्ट न्यूज

## दिल्ली-यूपी-हरियाणा के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान की सरकारों को फटकार लगाई है। यह फटकार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड्स में रिक्तियों को लेकर लगाई गई। सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में 55 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि रिक्तियों की वजह से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड काम नहीं कर पा रहे हैं और लगभग खत्म होने के कगार पर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

**पीठ ने आदेश का अनुपालन न होने पर मांगा जवाब**

जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने राजधानी दिल्ली और इससे लगते राज्यों यूपी, हरियाणा और राजस्थान के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस जारी किया है। नोटिस में सुप्रीम कोर्ट ने उसके अगस्त 2024 के निर्देशों का पालन न करने की बात कही है। जिसमें अदालत ने इस साल 30 अप्रैल तक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड्स में रिक्तियां भरने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी करते हुए पूछा है कि अधिकारियों को उसके निर्देशों का पालन न करने के लिए दंडित क्यों न किया जाए। साथ ही दिल्ली के मुख्य सचिव को 19 मई को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया है। वहीं अन्य राज्यों के मुख्य सचिवों को 18 जुलाई को वर्चुअली सुप्रीम कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया।

## दलों को आरटीआई के दायरे में लाने की याचिका पर सुनवाई टाली

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों को सूचना के अधिकार कानून (आरटीआई एक्ट) के दायरे में लाने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी है। गैर सरकार संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर)समेत अन्य की ओर से दायर इन याचिकाओं में मांग की गई कि चुनावों के दौरान जवाबदेही सुनिश्चित करने और काले धन के इस्तेमाल को प्रतिबंधित करने के लिए प्रमुख राजनीतिक दलों को आरटीआई एक्ट के दायरे में लाया जाए।

**15 मई को हो सकती है सुनवाई**

मामले में सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि इन याचिकाओं पर अब सुनवाई नहीं की जाएगी। याचिकाएं लंबित रहेंगी और इन पर 15 मई को सुनवाई हो सकती है।

# आठ साल में अपराध और माफिया मुक्त हुआ है यूपी: सीएम योगी

अब यहां निवेश और व्यापार का बढ़िया माहौलः योगी , दुःसाहस करने वालों के मंसूबे को मिनटों में चकनाचूर कर देती है हमारी यूपी पुलिस, इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के कॉन्क्लेव को सीएम योगी ने किया संबोधित

विकास पर बल

आठ साल में राज्य की अर्थव्यवस्था और कानून व्यवस्था को मजबूत करने में हुई उल्लेखनीय प्रगति

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ के होटल क्लार्क अवध में आयोजित इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (इबजा) के कॉन्क्लेव को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने बीते आठ साल में राज्य की अर्थव्यवस्था और कानून व्यवस्था को मजबूत करने में हुई उल्लेखनीय प्रगति की विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने एसोसिएशन से आग्रह किया कि वे उत्तर प्रदेश में जेम्स एंड ज्वैलर्स पार्क की स्थापना के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में सुरक्षा का बेहतरीन माहौल है। यह अपराध और माफिया मुक्त प्रदेश बन चुका है। सबको पता है कि दुःसाहसियों के दुःसाहस को यूपी पुलिस मिनटों में चकनाचूर कर देती है। सीएम योगी ने जेम एंड ज्वैलरी से जुड़े व्यापारियों को आश्वस्त किया कि सरकार हर कदम पर आपके साथ है। सीएम योगी ने लखनऊ में कॉन्क्लेव के आयोजन के लिए इबजा को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल व्यापारिक संभावनाओं को बढ़ावा देगा, बल्कि सरकार के 'आठ साल बेमिसाल' अभियान को गति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



### जेम्स एंड ज्वैलर्स पार्क की स्थापना का किया आह्वान

**सीएम** योगी ने जेम्स एंड ज्वैलर्स पार्क की स्थापना का आह्वान करते हुए इसे यूपी की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने इबजा से एक ऐसा मॉडल तैयार करने का आग्रह किया, जिसमें डिजाइन, तकनीक, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, सप्लाई चेन और निर्यात को शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि यूपी 25 करोड़ की आबादी वाला विशाल राज्य है और आसपास के क्षेत्रों को जोड़कर यह 30 करोड़ लोगों के व्यापार, रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा की जरूरतों को पूरा करता है। सीएम ने कहा कि इस बाजार का लाभ उठाने के लिए हमें आधुनिक दृष्टिकोण अपनाना होगा।

### सेफ सिटी और तकनीकी प्रगति की चर्चा

*मुख्यमंत्री ने सेफ सिटी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र किया। पुलिस का रिस्पॉन्स टाइम, जो पहले 25-30 मिनट था, अब 7-8 मिनट तक कम हो गया है। वहीं हर जनपद में साइबर थाना और हेल्पडेस्क स्थापित किए गए हैं।*

### यूपी में सुरक्षा और कानून व्यवस्था में हुआ है सुधार

*मुख्यमंत्री ने पिछले एक दशक में देश और विशेष रूप से पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश में सुरक्षा और कानून व्यवस्था में आए सकारात्मक बदलावों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आठ साल पहले यूपी में कानून व्यवस्था की स्थिति बदहाल थी। पर्व-त्योहारों पर अशांति, दंगे और व्यापारियों व बेटियों की असुरक्षा आम थी। लेकिन 2017 में जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताते हुए बीजेपी को जनादेश दिया। आज यूपी न केवल दंगा मुक्त, बल्कि माफिया मुक्त भी हो गया है। सभी पर्व-त्योहार चाहे वे किसी भी जाति या धर्म से संबंधित हों, शांति और सौहार्द के साथ मनाए जा रहे हैं। इस बेहतर माहौल ने व्यापार और निवेश के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाई हैं।*

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गिनाईं यूपी की आर्थिक उपलब्धियां

मुख्यमंत्री ने यूपी की आर्थिक प्रगति के आंकड़े साझा करते हुए कहा कि 1947 से 2017 तक यूपी की अर्थव्यवस्था 12.75 लाख करोड़ रुपये थी, जो आज बढ़कर 30 लाख करोड़ रुपये हो गई है। उन्होंने कहा कि 70 साल में हम जहां पहुंचे थे, आज हम आठ साल में उससे 150 प्रतिशत आगे निकल गए हैं। प्रति व्यक्ति आय जो 2017 में 46 हजार रुपये थी, अब 1.10 लाख रुपये हो गई है। उन्होंने यह भी बताया कि 2017 में यूपी देश की सातवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, लेकिन आज यह दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। पहले बीमारू राज्य के रूप में जाना जाने वाला यूपी आज देश का ग्रोथ इंजन बन चुका है।

**व्यापारियों से की अपील, जताया विश्वास:** अंत में सीएम योगी ने इबजा और व्यापारियों से अपील की कि वे इस अनुकूल माहौल का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं।

**आर्थिक विकास में जेम्स एंड ज्वैलर्स का महत्वपूर्ण योगदान**

सीएम योगी ने जेम्स एंड ज्वैलर्स उद्योग की भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका का जिक्र किया।

# 'महिला की न का मतलब न है', गैंगरेप दोषियों की सजा बरकरार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म के दोषी तीन लोगों की दोषसिद्धि को बरकरार रखा है। उच्च न्यायालय ने कहा कि एक महिला की न का मतलब न होता है और उसकी पिछली शारीरिक गतिविधियों को सहमति नहीं माना जा सकता। जस्टिस नितिन सूर्यवंशी और जस्टिस एम डब्लू चंदवानी की पीठ ने 6 मई को यह आदेश दिया।

**उच्च न्यायालय ने दोष सिद्धि खारिज करने से किया इनकार**

दोषसिद्धि

बॉम्बे उच्च न्यायालय ने एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म के दोषी तीन लोगों की दोषसिद्धि को बरकरार रखा

पीठ ने कहा कि महिला की बिना सहमति के उससे शारीरिक संबंध बनाना उसके शरीर, मन और निजता का शोषण है। पीठ ने दुष्कर्म को समाज में नैतिक और शारीरिक तौर पर सबसे निंदनीय अपराध बताया। उच्च न्यायालय ने कहा कि एक महिला की न का मतलब न है और उसकी कथित अनैतिक गतिविधियों को उसकी सहमति नहीं माना जा सकता।

### पीठ ने की अहम टिप्पणी

*याचिकाकर्ताओं ने अपनी अपील में कहा कि पीड़ित महिला पहले उनमें से एक की पत्नी थी, लेकिन बाद में किसी अन्य व्यक्ति के साथ लिव इन रिलेशन में रहने लगी। नवंबर 2014 में तीनों दोषी पीड़िता के घर पहुंचे और उसके लिव इन पार्टनर को बुरी तरह पीटा और पीड़िता को सुनसान जगह ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि बेशक महिला पूर्व में एक दोषी की पत्नी थी और बिना तलाक लिए किसी अन्य व्यक्ति के साथ लिव इन में रह रही थी, लेकिन इसके बाद भी कोई भी व्यक्ति बिना उसकी सहमति के उसके साथ शारीरिक संबंध नहीं बना सकता।*

## हाईकोर्ट जजों की नियुक्ति में देरी, सरकार को फटकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश के उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिए हैं कि वह हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति पर कॉलेजियम की सिफारिशों को शीघ्रता से मंजूरी दे। कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कई सिफारिशें केंद्र के पास लंबित हैं। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट में लंबित मामलों को लेकर भी चिंता जताई।

## नेशनल हेराल्डः सोनिया-राहुल के खिलाफ सुनवाई अब 21 को

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉड्रिंग मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत दूसरे आरोपितों के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई टाल दी है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर 21 और 22 मई को सुनवाई करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान ईडी ने कोर्ट को बताया कि इस मामले के सह आरोपित सैम पित्रोदा को आज ही ई-मेल किया गया है। उसके बाद कोर्ट ने चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर सुनवाई 21 और 22 मई को करने का आदेश दिया। इस मामले के शिकायतकर्ता सुब्रमण्यम स्वामी की ओर से पेश वकील ने चार्जशीट की प्रति उपलब्ध कराये जाने की मांग की।

सुनवाई टली

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत दूसरे आरोपितों के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई टाल दी

## भारत शांति में विश्वास रखता है : उपराष्ट्रपति

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि भारत ने हमेशा वैश्विक शांति, बंधुत्व और कल्याण में विश्वास किया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तब फलता-फूलता है जब अभिव्यक्ति और संवाद एक-दूसरे के पूरक होते हैं। यही लोकतंत्र को अन्य शासन प्रणालियों से अलग करता है। भारत में लोकतंत्र केवल संविधान के लागू होने या विदेशी शासन से स्वतंत्र होने के बाद शुरू नहीं हुआ। हम हजारों वर्षों से लोकतांत्रिक भावना के साथ जीते आ रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने नई



दिल्ली में अपने आवास पर इंडिया फाउंडेशन के कौटिल्य फेलोज से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कौटिल्य के दर्शन को कर्म में उतारा है। कौटिल्य की विचारधारा शासन का एक ग्रंथ है, जो राज्य संचालन, सुरक्षा, और राजा की भूमिका जो अब निर्वाचित प्रतिनिधि होते हैं हर पहलू को समाहित करता है। उन्होंने कहा कि आज के बहुध्रुवीय विश्व में, जहां गठबंधन लगातार बदलते रहते हैं, कौटिल्य ने पहले ही यह कल्पना की थी। उन्होंने कौटिल्य को उद्धृत करते हुए कहाः पड़ोसी राज्य शत्रु होता है और शत्रु का शत्रु मित्र होता है।

अभिव्यक्ति

लोकतंत्र तब फलता-फूलता है जब अभिव्यक्ति और संवाद एक-दूसरे के पूरक होते हैं : उपराष्ट्रपति

## पराली प्रबंधन पर केंद्र से प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजे की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने आज केंद्र सरकार से अपील की है कि वह राज्य में फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए खरीफ सीजन के दौरान धान के विकल्प के तौर पर मक्का, कपास और अन्य वैकल्पिक फसलों की खेती करने वाले किसानों को 17,500 रुपये प्रति हेक्टेयर के हिसाब से नकद प्रोत्साहन राशि दे। स. खुड्डियां ने कहा कि केंद्र सरकार



द्वारा 10 जून, 2024 को जारी पत्र के माध्यम से फसल विविधीकरण कार्यक्रम (सी.डी.पी.) के तहत राज्य में धानके विकल्प संबंधी संशोधित निर्देश जारी किए गए थे। उन्होंने बताया कि इसके तहत खरीफ सीजन के दौरान धान की जगह कोई अन्य वैकल्पिक फसल की खेती करने वाले किसानों को 17,500 रुपये प्रति हेक्टेयर के हिसाब से नकद प्रोत्साहन राशि देने के बारे में कहा गया था। उन्होंने कहा कि इस पत्र के मुताबिक प्रति किसान 5 हेक्टेयर तक इस योजना के तहत लाभ ले सकता है। इस पत्र की निरंतरता में पिछले साल नवंबर और दिसंबर में दो और जारी किए गए पत्रों में इस नकद प्रोत्साहन राशि देने का कोई जिक्र नहीं किया गया।

## सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**सुकमा:** छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ की खबर है। सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि आईईडी ब्लास्ट में तीन जवान बलिदान हो गए हैं और तीन घायल हैं। हालांकि अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक, तेलंगाना के वेंकटपुरम ओर ईडमिली के पहाड़ियों पर माओवादियों ओर जवानों के साथ मुठभेड़ चल ही है। तेलंगाना के मूलगु जिले के वाजेडु गांव में आईईडी ब्लास्ट हुआ है।

पानी पर रार — *बैठक के मिनट्स पंजाब जल संसाधन विभाग को नहीं सौंपे जाते, तब तक कोई भी कार्रवाई न की जाए*

## बीबीएमपी चेयरमैन ने गैरकानूनी ढंग से गेट खोले: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: पंजाब** सरकार और भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) के बीच टकराव ने नया मोड़ ले लिया है। पंजाब सरकार ने बीबीएमबी के डायरेक्टर (सुरक्षा) को पत्र भेजकर कहा है कि जब तक 2 मई को केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक के मिनट्स पंजाब जल संसाधन विभाग को नहीं सौंपे जाते, तब तक कोई भी कार्रवाई न की जाए। मुख्यमंत्री मान ने कहा कि बीबीएमबी के चेयरमैन मनोज त्रिपाठी सुबह बिना किसी सूचना के नंगल डैम के गेट्स खोलने



पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पंजाब का एक गेट बंद कर हरियाणा को अतिरिक्त पानी देने के लिए 200 क्यूसेक पानी का गेट खोल दिया।

मान ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश में यह कहीं भी नहीं लिखा है कि हरियाणा को अतिरिक्त पानी दिया जाए। आदेश में केवल यह लिखा गया है कि बीते दिनों में केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में जो कहा गया है, उसका पालन किया जाए। सीएम ने कहा कि बीबीएमबी चेयरमैन के पास केंद्र गृह सचिव की बैठक के ना मिनिट्स थे और न कोई आदेश, ऐसे में उन्होंने डैम पर पहुंचकर गैर कानूनी ढंग से गेट्स खोले। सीएम ने कहा कि बीबीएमबी चेयरमैन मनोज त्रिपाठी ने उन्हें शाम को मुलाकात करने के लिए कहा है, इसके बाद वह कानूनी कार्रवाई के लिए फैसला लेंगे।

आरोप

बीबीएमबी के चेयरमैन मनोज त्रिपाठी सुबह बिना किसी सूचना के नंगल डैम के गेट्स खोलने पहुंचे: मान

